YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-287 | रविवार, 17 नवम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

डिजिटल मीडिया के कारण सामाजिक एकता और पारंपरिक मीडिया के समक्ष उत्पन्न



चुनौतियों का हल ढूंढ़ने और जवाबदेही के साथ प्रेस हमारे लोकतंत्र का एक सशक्त स्तंभ बना रहेगा। **अश्विनी वैष्णव**

रोगाणुरोधी प्रतिरोध वैश्विक स्वास्थ्य खतराः अनुप्रिया 11
सुखबीर सिंह बादल ने अकाली दल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा 12

## संक्षेप

### कांकेर मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर,दो जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में शनिवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में अब तक पांच नक्सली मारे गये जबकि सुरक्षा बलों के दो जवान घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में नक्सलियों के कब्जे से हथियार भी बरामद किए हैं। कांकेर जिले में आज एक बार फिर जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें जवानों को बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। कोर इलाका होने के कारण जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। उत्तर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी। सुबह आठ बजे से लगातार डीआरजी,एसटीएफ और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की संयुक्त पुलिस पार्टी और नक्सलियों के सामने डटी हुई है। घायल हुए जवानों की स्थिति सामान्य है। दोनों खतरे से बाहर हैं। दोनों घायल जवानों को बेहतर इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

### आनंदीबेन ने दो आईएएस अधिकारियों को किया सम्मानित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों एवं समाजहित में व्यापक योगदान के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी रविंद्र कुमार और मंगलाप्रसाद सिंह को रेडक्रॉस सोसायटी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2023 से सम्मानित किया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार तत्कालीन जिलाधिकारी बलिया रविंद्र कुमार को एक भीषण अग्निकांड में 121 घर जलने के बाद प्रभावित लोगों को पुनर्वास में सहायता प्रदान करने एवं शासन के सहयोग से भरपूर राहत सामग्री का वितरण करने हेतु सम्मानित किया गया तथा तत्कालीन जिलाधिकारी गाजीपुर मंगलाप्रसाद सिंह को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान में शानदार योगदान में सातवां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके समर्पण और समाजसेवा के कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, रेडक्रॉस प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अमरनाथ मिश्र, श्रीमती स्वेता सिंह तलवार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# झांसी की घटना को लेकर प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों में अलर्ट

## नए सिरे से सभी जगह परखे जाएंगे अग्निशमन संबंधी इन्तजाम, खास तौर से बाल रोग विभाग में फायर सेफ्टी के उपायों की होगी समीक्षा

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। झांसी के रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नीकू (एनआईसीयू) वार्ड में हुए भीषण अग्निकंाड ने सबको हिलाकर रख दिया। इस घटना को लेकर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों को अलर्ट कर दिया गया है। सभी जगह आग से बचाव के इंतजामों को नये सिरे से परखा जाएगा। खासतौर से आईसीयू और एनआईसीयू को लेकर अग्निशमन संबंधी उपायों की फिर से समीक्षा की जाएगी। इसमें अग्निशमन विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। शासन की ओर से यह निर्देश सभी मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्यों को दिए गए हैं।

इसी साल मई में राजकोट और दिल्ली में हुए दो अग्निकंाडों में 16 बच्चे हताहत हुए थे। राजकोट के एक गेम जोन में हुए अग्निकंाड में मरने वाले 27 लोगों में 9 बच्चे शामिल थे। जबकि दिल्ली के विवेक विहार स्थित एक निजी अस्पताल में आग से सात नवजात शिशुओं की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद जून में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों के लिए फायर सेफ्टी संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसमें ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित स्टोरेज के साथ ही इलेक्ट्रिक सर्किट की नियमित जांच के निर्देश भी शामिल थे। उसी समय प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेजों को फायर सेफ्टी ऑडिट कराने के आदेश दिए थे। फिर मॉक ड्रिल भी कराई गई थी। बावजूद इसके कानपुर की घटना ने सबको झकझोर को रख दिया, जहां 10 नवजात शिशुओं की आग में जलने से मृत्यु हो गई। आग लगने



- दिल्ली के अस्पताल में अग्निकांड के बाद केंद्र ने जारी किए थे राज्यों को निर्देश
- जून में सभी मेडिकल कॉलेजों में कराया गया था फायर सेफ्टी ऑडिट

का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

इस घटना को देखते हुए एक बार फिर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों को सचेत कर दिया गया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा का कहना है कि पूर्व में भी सभी मेडिकल कॉलेजों में फायर सेफ्टी ऑडिट कराया गया था। झांसी मेडिकल कॉलेज की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों को निर्देशित किया गया है कि वे एक बार फिर से फायर सेफ्टी से जुड़े इंतजामों को परख लें। खासतौर से आईसीयू और एनआईसीयू को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। इन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत इसलिए है क्योंकि इनका आकार छोटा होता है और पूरे में वायरिंग काफी अधिक होती है। इसके अलावा ऑक्सीजन होता है।

### झांसी हादसे की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित

झांसी हादसे की जांच के लिए यूपी सरकार ने चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया है। ये कमेटी सात दिन में जांच करके अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। डीजी चिकित्सा की अध्यक्षता में इस जांच कमेटी का गठन किया गया है। इस टीम में निदेशक (स्वास्थ्य) चिकित्सा स्वास्थ्य, अपर निदेशक विद्युत, चिकित्सा स्वास्थ्य, महानिदेशक अग्निशमन द्वारा नामित अधिकारी को सदस्य बनाया गया है, जबकि महानिदेशक, चिकित्सा एवं प्रशिक्षण को जांच टीम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने जारी आदेश में कहा है कि झांसी में आग लगने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। ये जांच टीम आग लगने का प्राथमिक कारण, किसी भी प्रकार की लापरवाही, दोषियों की पहचान, भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं के बचाव के लिए सिफारिश की जांच करेगी। घटना की जांच के बाद टीम को सात दिन में अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी।

# रेस्क्यू ऑपरेशन की पल-पल की जानकारी लेते रहे योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार देर रात मेडिकल कॉलेज के नीकू वार्ड में आग की दुःखद घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आलाधिकारियों ने मोर्चा संभाला, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिये 15 से 20 मिनट में ज्यादातर बच्चों को वहां से निकाला गया। सभी बच्चों को पीकू वार्ड में शिफ्ट किया गया, जहां सभी सकुशल हैं। मुख्यमंत्री पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन की पल-पल की मॉनीटरिंग और अधिकारियों से बातचीत करते रहे। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ितों को हर संभव मदद के निर्देश दिये। सीएम योगी ने मासूम बच्चों को खोने वाले परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में

- रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिये 15 से 20 मिनट में पीकू वार्ड में शिफ्ट किये गये बच्चे, सभी स्वस्थ
- सीएम के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे, सरकार ने पीड़ित परिवारों के प्रति जताई संवेदना
- डिप्टी सीएम ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

सरकार उनके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज के नीकू वार्ड में आग की घटना का संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों को मौके पर भेजा। सीएम के निर्देश के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान झांसी के सभी आलाधिकारी कमिश्नर, डीआईजी, डीएम, एसएसपी समेत स्वास्थ्य महकमे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। घटना के बाद नीकू वार्ड में भर्ती ज्यादातर बच्चों को पीकू वार्ड में शिफ्ट किया गया। सभी बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। वहीं डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हे सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ स्वयं मामले की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उनकी हरसंभव मदद के लिए सरकार कटिबद्ध है। सीएम योगी के निर्देश पर मृतक बच्चों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये और घायल बच्चों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है। झांसी के डीएम अविनाश कुमार ने बताया कि घटना ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चों के परिजनों को पांच पांच लाख देने का ऐलान किया

झांसी मेडिकल कालेज में हुए हादसे को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के मंडलायुक्त और डीआईजी को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में असमय काल कवलित नवजात बच्चों के माता-पिता को 05-05 लाख रुपये तथा घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने का ऐलान किया है।

### प्रधानमंत्री हादसे पर दुःख जताया, दो दो लाख की मदद का ऐलान

प्रधानमंत्री कार्यालय के आधिकारिक हैंडल से शनिवार को 'एक्स पर लिखा गया कि हृदय विदारक ! झांसी के मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है। इसमें जिन्होंने अपने अपने मासूम बच्चों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें इस अपार दुःख को सहने की शक्ति देने की कृपा करें......

# 'स्टार प्रचारकों और नेताओं को नियंत्रण में रखें'

**एजेंसी**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र और झारखंड में जारी विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर आ रही शिकायतों को मद्देनजर रखते हुए चुनाव आयोग ने कंाग्रेस और भाजपा के अध्यक्षों को पत्र लिखा है। नड्डा और खरगे को लिखे पत्रों में आयोग ने उन्हें अपनी पिछली एडवायजरी याद दिलाते हुए स्टार प्रचारकों और नेताओं को नियंत्रण में रखने के लिए कहा है। आयोग ने दोनों नेताओं को पत्र लिखकर एक-दूसरे की पार्टियों की तरफ से की गई शिकायतों पर टिप्पणी करने के लिए कहा है।

चुनाव आयोग ने दोनों पार्टी अध्यक्षों से इन पत्रों को लेकर 18 नवंबर तक औपचारिक जवाब मांगा है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने अपने पत्र में दोनों अध्यक्षों को 22 मई 2024 को जारी की गई अपनी पुरानी एडवायजरी याद दिलाते हुए कहा है कि वह और उनकी पार्टी उसका पालन करें और अपने नेताओं और स्टार





- नड्डा और खरगे को चुनाव आयोग ने याद दिलाई पुरानी सलाह

प्रचारकों को नियंत्रण में रखें। ताकि चुनावी रैलियों में सार्वजनिक मर्यादा का उल्लंघन न हो और चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का सही ढंग से पालन हो सके। महाराष्ट्र और झारखंड में जारी चुनाव प्रचार के दौरान दोनों ही पार्टियों की तरफ से एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। दोनों ही पार्टियों ने चुनाव आयोग में एक दूसरे के खिलाफ शिकायतें डाल रखीं है। उन्ही शिकायतों पर चुनाव आयोग ने दोनों मुख्य पार्टियों के अध्यक्षों को तलब ● शेष पेज 11 पर

# माफिया सपा के गले का हार रहेः योगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर जबरदस्त हमले बोलते हुए सभी माफियाओं को सपा के गले का हार बताया।

श्री योगी ने फूलपुर में सहसों के कसेरूआ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए राज्य की डबल इंजन की सरकार का हाथ मजबूत करने कि लोगों से अपील की। उन्होंने सपा पर सीधे निशाना साधते हुए कहा कि इनका विकास से कोई लेना देना नहीं है। ये लोगों को गुमराह करके आपस में बांटने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में जो कुछ भी परिवर्तन दिखता है वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। मेडिकल कॉलेज स्थापना के कार्य हों, चाहे काशी का भव्य देव दीपावली कार्यक्रम रहा हो, अयोध्या धाम का दीपोत्सव कार्यक्रम रहा हो, चाहे गंगा एक्सप्रेस-वे को मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने का हो, चाहे वह 2025 का भव्य और दिव्य कुंभ का हो, केवल भाजपा की



कानपुर में रोड शो करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

डबल इंजन की सरकार कर सकती है जबकि सपा का कोसो दूर इससे कोई नाता नहीं है। श्री योगी ने कहा कि सपा का विकास से ,युवाओं, किसानों, व्यापारियों से कोई मतलब नहीं है, इनका एक ही सिद्धांत है ल्लसब का साथ और सैफई परिवार का विकास। इससे ऊपर यह सोच भी नहीं सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले भी कहा था उत्तर प्रदेश की धरती को दंगा मुक्त बनाएंगे। प्रदेश में खनन, नकल, वन, पशु कोई भी माफिया हो उनसे सख्ती से निपटने पर सपा को इससे पीड़ा होती है। उन्होने कहा कि नकल माफिया को बचाने के लिए कितना प्रयास किया, लेकिन बच नहीं पाएंगे। जितने भी दुर्दांत और खतरनाक माफिया है वह सभी सपा के गले के हार हैं। इन्हीं से उनकी आजीविका चलती है। उन्हीं के भरोसे यह लोग जीते हैं। श्री योगी ने कहा कि किसी ने जब युवाओं के लिए ● शेष पेज 11 पर

# दक्षिणी राज्यों में घट रही है प्रजनन दर, जनसंख्या प्रबंधन पर बात करने की जरूरतः नायडू

नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी राज्यों में बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है जबकि बच्चों के जन्म की दर कम हो रही है, ऐसे में जनसंख्या प्रबंधन की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने यहां ''एचटी लीडरशिप समिट'' में यह बात कही। नायडू ने कहा कि वह इस बात पर जोर देते रहे हैं कि इस विषय पर चुप्पी तोड़ी जानी चाहिए और लोगों को जनसंख्या प्रबंधन के बारे में बात करनी चाहिए। नायडू ने कहा, 'लोग पूछ रहे हैं कि जनसंख्या प्रबंधन क्या है। आप सभी यूरोपीय देशों, यहां तक कि जापान, यहां तक कि चीन को भी देख रहे हैं। सभी देशों में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। इस मामले में केवल भारत को 2047 तक फायदा मिल सकता है। उन्होंने कहा, अब दक्षिण भारत में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। दक्षिणी राज्यों में प्रजनन दर 1.6 है। आम तौर पर जनसंख्या संतुलन बनाए रखने के लिए प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर फिलहाल सीमा ● शेष पेज 11 पर

# बंधकों की हत्या से भड़की हिंसा, इंफाल में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू



**एजेंसी**

इंफाल। मणिपुर में उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने विधायकों और मंत्रियों के घरों पर हमला बोल दिया। उग्र होते विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने इंफाल में अनिश्चितकालीन काल के लिए कर्फ्यू लागू कर दिया है। इंटरनेट पर जारी तनावपूर्ण स्थिति और गलत सूचनाओं के डर को देखते हुए राज्य के अधिकांश हिस्सों में शनिवार से ही दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवा पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

मणिपुर प्रशासन द्वारा शनिवार सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक कर्फ्यू में छूट की घोषणा की गई थी। लेकिन शहर में दो मंत्रियों और तीन विधायकों के आवासों पर प्रदर्शनकारियों के हमले के बाद प्रशासन ने यह छूट को वापस ● शेष पेज 11 पर

## गरीब, मध्यम वर्ग लेने लगा है जोखिम, देश में दिखने लगा है परिवर्तन

# वोट-बैंक राजनीति से दूर, विकास के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ने अच्छी आर्थिक नीतियों एवं सुशासन के बल पर जनता का आत्म विश्वास बढ़ाया है और गरीबों एवं मध्यम वर्ग के बीच जोखिम लेने की संस्कृति को पुनर्जीवित किया है जो भारत में बड़े बदलाव ला रही है।

श्री मोदी ने आयोजित एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि उनकी सरकार ने निवेश से रोज़गार, विकास से गरिमा का जो मंत्र दिया है, उससे लोगों का जीवन आसान हुआ और उनमें सम्मान एवं स्वाभिमान का भाव पैदा हुआ जिसने देश एवं समाज के विकास को भी गति दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने लंबे समय तक भारत की राजनीति और नीतियों को देखा है। उन्हें पहले एक जुमला अक्सर सुनाई देता था- अच्छी आर्थिकी इज बुरी राजनीति। विशेषज्ञ कहे जाने वाले लोग इसे खूब बढ़ावा देते थे। लेकिन इससे पहले की सरकारों को हाथ पर हाथ रख कर बैठे रहने का बहाना मिल जाता था। यह एक तरह से कुशासन को, अक्षमता को छिपाने का माध्यम बन गया था। पहले सरकार इसलिए चलाई जाती थी कि बस अगला चुनाव जीत लिया जाए। चुनाव जीतने के लिए एक वोट बैंक बनाया जाता था और फिर उस वोट बैंक को खुश करने के लिए योजनाएं बनती थी। इस प्रकार की राजनीति ने सबसे बड़ा नुकसान यह किया कि देश में असंतुलित असमानता इसका दायरा बहुत बढ़ता गया। कहने को विकास बोर्ड लग जाता था दिखता नहीं था। असंतुलित अवस्था ने, इस मॉडल ने जनता का सरकारों के प्रति विश्वास तोड़ दिया।

उन्होंने कहा, हम आज इस विश्वास को वापस लाए हैं। हमने सरकार का एक उद्देश्य तय किया है। ये उद्देश्य वोटबैंक वाली जो राजनीति होती है ना उससे हजारों मील दूर है। हमारी सरकार का उद्देश्य एक बड़ा है, विराट है, व्यापक है। हम, जनता का विकास, जनता द्वारा विकास एवं जनता के लिए विकास के मंत्र को लेकर चल रहे हैं। हमारा उद्देश्य नया भारत बनाने का है,



भारत को विकसित बनाने का है। और जब हम इस विराट लक्ष्य को लेकर निकल पड़े हैं तो भारत की जनता ने भी हमें अपने विश्वास की पूंजी सौंपी है। आप कल्पना कर सकते हैं सोशल मीडिया के इस जमाने में भ्रामक प्रचार दुष्प्रचार सब कुछ चारों तरफ अपने पैर जमा करके बैठा है। इतने सारे अखबार हैं, इतने सारे चैनल हैं, उस दौर में भारत के नागरिक का विश्वास हम पर है, हमारी सरकार पर है। उन्होंने कहा कि जब जनता का विश्वास बढ़ता है, आत्मविश्वास बढ़ता है तो देश के विकास पर एक अलग ही प्रभाव दिखता है। पुरानी विकसित सभ्यताओं से लेकर आज के विकसित देशों तक एक चीज हमेशा से आम रही है, ये आम चीज है जोखिम उठाने की संस्कृति। एक समय था जब हमारा देश पूरे विश्व के कारोबार और संस्कृति का हॉटस्पॉट था। हमारे व्यापारी एवं नाविक एक तरफ दक्षिण पूर्वी एशिया के साथ काम कर रहे थे, तो दूसरी ओर अरब, अफ्रीका और रोमन साम्राज्य से भी उनका गहरा नाता जुड़ता था। उस समय के लोगों ने जोखिम लिया और इसलिए भारत के उत्पाद एवं सेवाएं सागर के दूसरे छोर तक पहुंच पाए। आजादी के बाद हमें जोखिम लेने की इस संस्कृति को और आगे बढ़ाना था। लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने तब के नागरिकों को वो हौसला ही नहीं दिया, इसका परिणाम ये हुआ कि कई पीढ़ियां एक कदम आगे बढ़ाने और दो कदम पीछे खींचने में ही गुजर गई। अब बीते 10 सालों में देश में जो परिवर्तन आए हैं उन्होंने भारत के नागरिकों में जोखिम उठाने की संस्कृति को फिर से नई ऊर्ज़ा दी है। उन्होंने कहा, ल्लआज हमारा युवा हर क्षेत्र में जोखिम उठाने लगा है। कभी एक कंपनी शुरू करना जोखिम माना जाता था, 10 साल पहले तक मुश्किल से किसी स्टार्टअप का नाम सुनते थे...आज देश में रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स की संख्या सवा लाख से ज्यादा हो गई है। एक जमाना था कि खेलों में और खेलों को पेशे के रूप में अपनाने में भी जोखिम था, लेकिन आज हमारे छोटे शहरों के नौजवान भी ये जोखिम उठाकर दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का भी उदाहरण है। आज देश में करीब एक करोड़ लखपति दीदी बनी हैं। ये गांव-गांव में उद्यमी बनकर अपना कुछ बिजनेस चला रही हैं। मुझे कुछ समय पहले एक ग्रामीण महिला से संवाद करने का अवसर आया, उस महिला ने मुझे बताया था कि कैसे उसने एक ट्रैक्टर खरीदा और अपनी कमाई से पूरे परिवार की आय बढ़ा दी। एक महिला ● शेष पेज 11 पर

# संवाद की वजह से ही भारतीय ज्ञान परम्परा समृद्ध : आनंदीबेन पटेल

❑ राज्यपाल ने 'संवादीः उत्सव अभिव्यक्ति का' कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को संवादीः उत्सव अभिव्यक्ति का' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस मंच को समाज में संवाद, विचार और सकारात्मक बदलाव का माध्यम बताते हुए इसे अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन बताया।

अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि संवाद ज्ञान का आधार है और भारतीय ज्ञान परम्परा की समृद्धि इसी संवाद की वजह से रही है।

उन्होंने कहा कि भारत की अहिंसा, योग और आध्यात्मिकता की शक्ति को वैश्विक स्वीकृति मिली है, जो हमारी ज्ञान परंपरा की गहराई और प्रासंगिकता को दर्शाता है। उन्होंने संवाद का महत्व और वर्तमान परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि




दुनिया तेजी से बदल रही है, और गहरे एवं सशक्त संवाद के माध्यम से ही ज्ञान की समृद्धि संभव है। सोशल मीडिया, फोन और इंटरनेट के युग में संवाद का गहन और वैचारिक प्रभाव अक्सर नदारद रहता है। उन्होंने महाभारत में कृष्ण-अर्जुन, नचिकेता-यम जैसे संवादों का जिक्र करते हुए कहा कि ये संवाद जीवन के गहरे सत्य की खोज का प्रतीक हैं। राज्यपाल ने मीडिया, विशेषकर समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को समाज का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि यह केवल सूचना का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करने और विचारशीलता को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने भारतीय धार्मिक ग्रंथों जैसे रामायण और महाभारत में संवाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनमें छिपे ज्ञान को समाज के सामने लाने की आवश्यकता है। उन्होंने श्री कृष्ण और बर्बरीक के संवादों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनसे जीवन के गहरे सत्य और समाजोपयोगी तथ्यों का अध्ययन किया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने शोध कार्यों को समाज के लिए प्रस्तुत करना चाहिए ताकि उसका लाभ व्यापक स्तर पर मिल सके। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को भारतीय साहित्य की पुरानी पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्ररित किया।

उन्होंने कहा कि इनमें ज्ञान का अपार भंडार छिपा है, जिसका विश्लेषण और प्रचार-प्रसार जरूरी है।

# उपजिलाधिकारी कोरांव की अध्यक्षता मे आयोजित हुआ समाधान दिवस

❑ अधिकांश अधिकारी मोबाइल मे रहे व्यस्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव प्रयागराज। शनिवार को उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह की अध्यक्षता मे संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ कुल 225 शिकायते आई जिसमे 12 का निस्तारण किया गया सबसे ज्यादा शिकायत कोरांव थाना सें संबधित रही दूर दराज सें आये हुये फरियादियों की फरियाद सुनकर संबधित विभाग को निस्तारण कराने का आदेश दिया गया।

फिलहाल शिकायतो का निस्तारण कर्मचारियों द्वारा बिना मौके पर पहुंचे ही बैठे बैठे रटी रटाई आख्या प्रेषित कर शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है जिससे फरियादि एक ही शिकायत को बार बार करता फिरता रहता है। लेकीन समस्या का समाधान नहीँ होता कई सालो तक चक्कर काटते फिरते है फिलहाल जबसे नये उपजिलाधिकारी कोरांव की तैनाती हुई है तबसे पहले के अपेक्षा काफी सुधार तहसील स्तर पर हुआ है। समाधान दिवस मे खंड विकास अधिकारी कोरांव मोबाईल मे ही ज्यादा ब्यस्त दिखे समाधान दिवस मे उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह के अलावा तहसीलदार कोरांव नायब तहसीलदार डैया राम मुरत खंड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह समेत अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे ।



### पत्रकारों के लिए नहीँ रहता बैठने की ब्यवस्था

समाधान दिवस कोरांव मे जब कोई पत्र प्रतिनिधि समाचार संकलन के लिए ज्याता है तो बैठने के लिए कुर्सी खाली नहीँ रहता अन्य विभाग के अधिकारी कब्जा कर बैठे रहते है जिससे पत्र प्रतिनिधि निराश होकर वापस लौट जाते है।

जिससे निष्पक्षता सें समाचार कवरेज नहीँ कर पाते जबकि पत्र प्रतिनिधि के लिए जगह की ब्यवस्था होना चाहिए

# कब्जा धारियों के बचाने के चक्कर में तीन घण्टे आपस में उलझी रही राजस्व टीम

❑ तीन घण्टे तमासवीन बने रहे राजस्व कर्मी, ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। जनपद के कौंधियारा ब्लाक तहसील करछना क्षेत्र के अकेलवा मझिगवां गाँव में बीते कई वर्षो से एक पुरवा में जाने के लिए रास्ता नहीं है वहाँ के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान निर्भय नयन सिहं पटेल से चक में मौजूद चकमार्ग पर पक्के मार्ग बनवाने के लिए मांग की तो चकमार्ग पर पहले से ही कुछ दबंग दिवाल खड़ी कर अवरोध उत्पन्न कर दिया जिससे चकमार्ग पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता जब तक राजस्व टीम के द्वारा चकमार्ग पर अवैध कब्जा हटवाया नहीं जाता तब तक चकमार्ग पर कोई निर्माण कार्य नहीं हो सकता !ग्रामीणों द्वारा बताया गया की जमुना प्रसाद वर्मा नायाब तहसील मध्य ने कहां की तीन बिंदु को ध्यान में रखकर चकमार्ग का निवारण किया जाता है पहले कब्जा फिर दूसरा नक्शा तीसरा खतौनी तीनों बिंदु को ध्यान में रखते हुए 3 घंटे की मशक्कत में ना निशान देही हो पाई ना अतिक्रमण को हटाया जा सका !67/1 होने के बावजूद भी राजस्व टीम अवैध कब्जा धारियों को बचाने के चक्कर में आपस में उलझी रही लेकिन राजस्व टीम आपसी मतभेद के कारण अकेलवा मझिगवां गाँव के चकमार्ग रास्ते का नही हो सका निवारण ! ग्रामीणों में राजस्व टीम पर आक्रोश ब्याप्त है !ग्रामीणों का आरोप है कि जब तक मौके पर एसडीएम,तहसीलदार मौजूद नहीं रहेंगे तब तक चक मार्ग पर बने अवैध अतिक्रमण को ना तो हटाया जा सकता है और ना ही चकमार्ग रास्ते का चिन्हित किया जा सकता है ! तीन घण्टे राजस्व अधिकारी ग्रामीणों के लिए तमासा बने हुए थे ! ऐसे में राजस्व टीम व तहसील दार करछना, एसडीएम करछना पर ग्रामीणों का भरोसा हटता दिखाई देने लगा है ! डीएम प्रयागराज से लगाई न्याय की उम्मीद ! जीवन लाल पटेल, हरी लाल, हजारी लाल, मंगला प्रसाद, बलराम, जय सिंह, सोमकरण,विजयकुमार, जंग बहादुर आदि ग्रामीणों ने कहा कि अगर चकमार्ग नहीं बना तो तहसील का घेराव किया जाऐगा।

# राम ने तोड़ा शिव धनुष, परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

करछना प्रयागराज। यमुनापार के विकासखंड कौंधियारा अन्तर्गत आम्बा गाँव के रामलीला मैदान में 27वें रामलीला महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में छठवें दिन परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। जिसको देखकर उपस्थित दर्शक भाव-विभोर रहे।

जय मां शीतला रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में समिति पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने भगवान राम-लक्ष्मण तथा मां सीता की आरती उतारकर छठवें दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत कराई। जिसमें भगवान परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया।

दोनो के मध्य करीब चार घण्टे तक चले संवाद को सुनकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। दृश्यांकन में देश-विदेश के राजा महाराज जनक के दरबार में आयोजित स्वयंबर में भाग लेने के लिए पहुंचे, लेकिन किसी से धनुष टूटना तो दूर, हिला



तक नहीं। इसी बीच मुनी विश्वामित्र की आज्ञा से श्रीराम ने धनुष उठाकर ज्यों प्रत्यंचा चढ़ाया, धनुष दो भागों में टूट गया और तेज ध्वनि हुई।

धनुष टूटने की आवाज सुनकर महर्षि परशुराम पहुंचे, सभा में सन्नाटा पसर गया।

धनुष टूटने की आवाज पूरे ब्रह्मांड में गूंज गई और उसकी आवाज सुनकर परशुराम जी जनकपुर आ गए और इसी बीच परशुराम और लक्ष्मण तीखे संवाद शुरू हो गए। बाद में श्रीराम के मधुर वचन सुन परशुराम को ग्लानि हुई और क्षमा मांगकर जनकपुरी से विदा हुए।

कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष मां शीतला, रामसहाय ओझा ,रामबाबू ओझा ,अतुल ओझा युवराज उप संचालक ,कमलेश ओझा ,बृजेश ओझा समेत अन्य कलाकारों ने अभिनय किया।

### लैंप लाइटिंग सेरेमनी आज

**प्रयागराग कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के ज्योति हॉस्पिटल नर्सिंग कॉलेज नैनी मैं रविवार की शाम चार बजे विद्यार्थियों का लैंप लाइटिंग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नीरज तिवारी रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में आईपीएस जुगल किशोर तिवारी और आईपीएस अशोक शुक्ला रहेंगे। जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के निदेशक डॉ. आरपी पांडेय ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम कॉलेज परिसर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा और ज्ञान के लिए संस्थान पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। संस्था की चेयरमैन कुसुम पांडेय ने स्थानीय लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

### ब्लाक कौंधियारा की चौदह ग्राम पंचायतो में नहीं बन पा रहा जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र

**करछना कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत 2015 में ग्राम पंचायत का विस्तार तो कर दिया गया, लेकिन आज तक विस्तार की गई नई ग्राम पंचायत को आईडी पासवर्ड नहीं दिया गया है। जिससे इन ग्राम पंचायतो के नागरिकों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने में भारी असुविधा हो रही है। कौंधियारा विकासखंड में ओसा, उमरी तालुका कंाटी सहित कुल चौदह ग्राम पंचायते नई बनाई गई है नई ग्राम पंचायत को आईडी पासवर्ड आज तक नहीं दिया गया है परिणाम स्वरूप नई ग्राम पंचायतो के लोगों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं जिससे लोग परेशान हैं। ग्राम प्रधान ओसा रेखा मिश्रा ने बताया कि आईडी पासवर्ड के लिए विकासखंड कार्यालय के साथ-साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज को कई बार अवगत कराया गया लेकिन आज तक समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों ने कोई प्रयास नहीं किया। खंड विकास अधिकारी चंदन देव पांडेय ने बताया कि जो ग्राम पंचायत,जिस ग्राम पंचायत से अलग हुई हैं आज भी उनका प्रमाण पत्र पुरानी ग्राम पंचायत से ही निर्गत हो रहा है जिसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।शासन स्तर से नई ग्राम पंचायतो को आईडी सृजित होना है जो अभी तक नहीं हो पाया है।

### झांसी मेडिकल कॉलेज की घटना पर लोकदल की तीखी प्रतिक्रिया, दोषियों के ख़िलाफ़ सख़्त कानूनी कार्रवाई की मांग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने उत्तर प्रदेश के जिले झांसी में मेडिकल कॉलेज में रात्रि में 10 नवजात शिशुओं की जलने से मृत्यु हो जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब प्रदेश के एक जिले में ऐसी घटना हो रही है तो सोचिए पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य विभाग की हालत कैसी होगी ऐसे में स्वास्थ्य विभाग का ही जब स्वास्थ्य खराब हो तो क्या कहना? सुनील सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रशासन और डॉक्टरों के भ्रष्टाचार और लापरवाही की वजह से बहनों की कोख उजड़ गई। यह घटना बेहद दुखद एवं चिंताजनक है। सिंह ने कहा यदि आग बुझाने वाले यंत्र भी पिछले कुछ सालों से बंद पड़े थे काम नहीं कर रहे थे ये एक बहुत बड़ी यह लापरवाही है और इससे यह साफ हो जाता है कि प्रदेश में लोगों की जान के साथ कैसे खिलवाड़ किया जा रहा है लोकदल की मांग है। दोषियों के ख़िलाफ़ सख़्त कानूनी कार्रवाई हो।

### सेंट्रल पब्लिक स्कूल में 22वें जूनियर और 25वें सीनियर स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन, 17 जिलों से प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रजनी खंड आशियाना स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल में 22वें जूनियर और 25वें सीनियर स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। आयोजन स्व0 संजय प्रधान की याद में इस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। दो




दिवसीय चैंपियनशिप के आयोजन में प्रदेश के 17 जिलों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें शनिवार को अंतिम दिन 17 जिलों से आए प्रतिभागियों को प्रतिभा लेने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल पहनकर उनका सम्मान किया गया। वहीं सेंट्रल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर त्रिदीप नारायण पांडे ने कहा कि स्कूल में पहली बार तलवार बाजी संघ द्वारा इतनी बड़ी दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अलगसअलग जिलों से खिलाड़ियों ने आकर प्रतिभाग किया। फॉयल प्रतियोगिता में अर्चिता सिंह प्रथम, प्रियंका पांडेय द्वितीय, शिखा सिंह तृतीय व जुली सिंह चौथे स्थान पर रही। एपी प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम, कीर्ति गुप्ता द्वितीय, गीतिका राणा तृतीय व आवाज एकरम चौथे स्थान पर रहे। सबरे प्रतियोगिता में सोनिया बिसला प्रथम, खुशी शुक्ला द्वितीय, राधिका पाल तृतीय व बबीता पटेल चौथे स्थान पर रही। वहीं बालक फॉयल में करण चौधरी प्रथम, यश कुमार द्वितीय, ध्रुव प्रजापति तृतीय व रौनक निषाद चौथे स्थान पर रहे। एपी प्रतियोगिता में विपिन पांडे प्रथम, अमन यादव द्वितीय, भानु प्रताप तृतीय व रुद्राक्ष चौधरी चौथे स्थान पर रहे। वहीं सबरे प्रतियोगिता में रोनित कुमार प्रथम, निखिल द्वितीय, नर्स तृतीय व अक्षय प्रताप सिंह चौथे स्थान पर रहे।

# समाज को गहराई से समझने और जोड़ने में भावनात्मक सहानुभूति मददगार : डॉ वैशाली जैन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

करछना। प्रयागराज सहानुभूति हमारी नैतिकता का मुख्य आधार है द्य इसके माध्यम से हम दूसरों के दृष्टिकोण, जरूरत और इरादों को समझ सकते है तथा आवश्यकता के अनुसार अपनी उपादेयता सिद्ध कर सकते हैं द्य यह बातें अंक ज्योतिष मर्मज्ञ एवम् मोटिवेशनल लाइफ कोच डॉक्टर वैशाली जैन ने कही द्य वह शनिवार को समदरिया स्कूल में '' सहानुभूति और भावनात्मक बुद्धिमत्ता '' विषयक कार्यशाला में विचार व्यक्त कर रही थीं । डॉक्टर जैन ने कहा कि भावनात्मक सहानुभूति का गुण व्यक्ति की संवेदनाओं का एक ऐसा प्रतिबिंब है जो समाज को गहराई से समझने और जोड़ने में मदद करता है द्य सहानुभूति की जड़े हमारे शरीर और मस्तिष्क में दबी पड़ी हैं द्य




अभ्यास के जरिए इस कौशल को विकसित किया जा सकता है द्य उन्होंने छात्रों को आगाह करते हुए स्पष्ट किया कि आप सबको अपनी सोच और भावनाओं को मिलाकर निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना होगा द्य तभी एक सफल नागरिक बनने की कल्पना पूरी हो सकती है । निदेशक डॉक्टर मणि शंकर द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान में युवाओं के अंदर भावनात्मक बुद्धिमत्ता का ह्रास हो रहा है जो भविष्य के लिए घातक है द्य जबकि यह स्वयं और दूसरों के साथ सफल संबंध बनाने और निभाने की महत्वपूर्ण कुंजी है द्य कोऑर्डिनेटर अनुपमा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया द्य कार्यक्रम का संचालन मोहिनी अग्रहरि तथा आभार ज्ञापन कादंबरी द्विवेदी ने किया द्य इस अवसर पर मृणाल जतिन, चेतना त्रिपाठी, संगीता पाल, नेहा भारतीय ,अनीता , सचिन कुमार , विनोद यादव , हुमा हैदर , राजेश यादव , धर्मेंद्र के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। .

# भौतिक लोलुपता के दौर में पत्रकारिता की अस्मिता रहेजे रखना जरूरी:संतोष यादव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

करछना। प्रयागराज आज के बदलते दौर में भौतिक लोलुपता के प्रभाव में निष्पक्ष,प्रभावीऔर विश्वसनीय पत्रकारिता की अस्मिता को सहेजे रखना बहुत जरूरी है। इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता की बीते डेढ़ दशकों में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का कैनवास बढ़ा है किन्तु इस परिधि में विशेष पत्रकारिता के संदर्भ में कई प्रश्न चिन्ह भी उठ खड़े हुए हैं।लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समय और समाज के आमूल चूल स्वरूप का प्रतिबिम्ब रही पत्रकारिता जब कहीं न कहीं किसी विशेष प्रभाव के ग्लैमर से भटक रही हो,तो ऐसे में नए संकल्प के साथ अपनी मान्यताओं,अवधारणाओं और उद्देश्यों के प्रति प्रेस से जुड़े,युवा पत्रकारों को और भी सजग रहना आवश्यक है। समसामयिक,सामाजिक,राजनैतिक,आध्यात्मिक,सांस्कृतिक,पारम्परिक,संस्कारिक घटनाक्रमों के प्रत्यक्ष आईने के रूप



मेंअपने तथ्यपूर्ण विश्वसनीयता के लिए जानी जा रही है। ऐसे में कलम के सिपाहियों को चाहिए कि इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा,और संकल्प के साथ बिना कोई समझौता किये अपने कर्म और धर्म के प्रति संवेदनशील रहें। जिससे जनजागृति और चेतना के सजग प्रहरी की मान्यताओं को लेकर एक सभ्य समाज में पत्रकार और पत्रकारिता के प्रति सच्ची और अच्छी सोच कायम रहे। नए कलमकारों से समाचार आदि लिखने को लेकर शब्दसंचयन और शैली के बारे में अनुभवी वरिष्ठ पत्रकारों की संगत कर उनसे समझने,सीखने और अमल करने के प्रति प्रेरित किया।

# झूठे दावे छोड़ चिकित्सा क्षेत्र की बदहाली पर ध्यान दें योगीः अखिलेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने झांसी मेडिकल कालेज में आग लगने की घटना को दुखद बताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सलाह दी कि सब ठीक होने का झूठा दावा करने की बजाय उन्हे चिकित्सा क्षेत्र की बदहाली पर ध्यान देना चाहिये।

श्री यादव ने एक्स पर पोस्ट किया झाँसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की मृत्यु एवं कई बच्चों के घायल होने का समाचार बेहद दुखद एवं चिंताजनक है। सबके प्रति संवेदनात्मक श्रद्धांजलि। उन्होने कहा आग का कारण 'ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर' में आग लगना बताया जा रहा है। ये सीधे-सीधे चिकत्सीय प्रबंधन व प्रशासन की लापरवाही का मामला है या फिर ख़राब क्वॉलिटी के आक्सीजन कॉन्संट्रेटर का। इस मामले में सभी ज़िम्मेदार लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। श्री यादव ने कहा ह्र मुख्यमंत्री जी चुनावी प्रचार छोड़कर, 'सब ठीक होने के झूठे दावे' छोड़कर स्वास्थ्य और चिकित्सा की बदहाली पर ध्यान देना चाहिए। जिन्होंने अपने बच्चे गंवाएं हैं, वो परिवारवाले ही इसका दुख-दर्द समझ सकते हैं। ये सरकारी ही नहीं, नैतिक ज़िम्मेदारी भी है। आशा है चुनावी राजनीति करनेवाले पारिवारिक विपदा की इस घड़ी में इसकी सच्ची जाँच करवाएंगे और अपने तथाकथित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्रालय में ऊपर-से-नीचे तक आमूलचूल परिवर्तन करेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर निशाना साधते हुये उन्होने कहा रही बात उप्र के 'स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री' की तो उनसे कुछ नहीं कहना है क्योंकि उन्हीं के कारण आज उप्र में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था की इतनी बदहाली हुई है। संकीर्ण-साम्प्रदायिक राजनीति की निम्न स्तरीय टिप्पणियाँ करने में उलझे मंत्री जी को तो शायद ये भी याद नहीं होगा।

# भाजपा निषाद समाज से माफी मांगे, बृजलाल को पार्टी से निष्कासित करे : देवेंद्र निषाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। फिशरमैन कंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र निषाद ने राज्यसभा सदस्य और भाजपा नेता बृजलाल पर वीरांगना फूलन देवी की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए भाजपा से निषाद समाज से माफी मांगने की मांग की है।

गौरतलब है कि पूर्व डीजीपी बृजलाल ने अपनी किताब में दावा किया है कि फूलन देवी के साथ बेहमयी गाँव में किसी ने बलात्कार नहीं किया था।

और बेहमयी हत्याकांड को उन्होंने अपने अपराधों को छुपाने के लिए किया था। कांग्रेस मुख्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में देवेंद्र निषाद ने कहा कि दलित जाति से आने वाले बृजलाल का इस्तेमाल क्षत्रिय जाति के मुख्यमन्त्री फूलन देवी के बलात्कारियों को निर्दोष



साबित करने के लिए झूठे दावे करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फूलन देवी नारी शक्ति की प्रतीक के साथ ही निषाद समाज की भी प्रतीक हैं। उनका अपमान पूरे महिला और निषाद समाज का अपमान है। अगर भाजपा महिलाओं और निषादों का सम्मान करती तो बृजलाल को अब तक पार्टी से निष्काषित कर चुकी होती।

लेकिन ऐसा नहीं करके भाजपा ने साबित कर दिया है कि वो बलात्कारियों की समर्थक पार्टी है।

देवेंद्र निषाद ने कहा कि योगी आदित्यनाथ अपने सजातीय अपराधियों को प्रतिष्ठित करने के तहत ही बृजलाल से ऐसा बोलवा रहे हैं।

इससे पहले भी उनकी सरकार में वीरांगना फूलन देवी का हत्यारा शेर सिंह राणा पेरोल पर छूटता रहा है।

उन्होंने कहा कि कल योगी आदित्यनाथ के कहने पर बृजलाल यह भी लिख सकते हैं कि देश में दलितों के साथ भेदभाव नहीं होता था लेकिन इससे सच्चाई नहीं छुप सकती।

### बस परिचालक ने छात्रों को दिया धक्का एक की मौत, दो घायल

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक छात्र की मृत्यु हो गई और अन्य दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद से आक्रोशित ग्रामीणों ने बस में तोड़फोड़ की और बाद हथगाम हुसैनगंज मार्ग को जाम कर दिया। अधिकारियों के पहुंचने के बाद बमुश्किल जाम खुलवाया गया। पुलिस प्रवक्ता में बताया की हथगाम हुसैनगंज मार्ग पर स्थित मदर टेरेसा इंटर कॉलेज के छात्र सत्येंद्र (12), भूपेंद्र (10) और साहिल (11) बस से कॉलेज जा रहे थे। बस में सवार होते ही परिचालक ने इन्हें धक्का दे दिया, जिससे बस के टायर के नीचे आने से सत्येंद्र की मौत हो गयी। वत आठवीं कक्षा का था। जबकि उसका सहोदर भाई भूपेंद्र और एक अन्य छात्र साहिल बुरी तरह से जख्मी हो गए जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक सत्येंद्र के पिता निवासी ने बताया की बस का परिचालक ने बस में चढ़ते ही बच्चों को धक्का दे दिया जिससे वह बस के टायर के नीचे आ गया और सत्येंद्र की बस से कुचलकर मृत्यु हो गई जबकि दोनों बच्चे बुरी तरह से जख्मी हो गये। पुलिस प्रवक्ता ने बताया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद से बस का परिचालक फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और परिचालक को पकड़ने में जुट गयी है।

# दिव्यांग व्यक्ति के लिए कुर्सी छोड़कर बाहर आये ज़ोनल अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शनिवार को नगर निगम ज़ोन 6 के ज़ोनल अधिकारी का एक सराहनीय कार्य सामने आया। यहाँ पारा के गोविंद नगर से अशोक कुमार अपना गृहकर मुक्त प्रमाण पत्र बनवाने नगर निगम ज़ोन 6 कार्यालय पहुंचे थे। अशोक कुमार 100 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति हैं जो की चल पाने में हैं पूरी तरह से असमर्थ हैं वो अपनी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल से ज़ोन 6 कार्यालय पहुंचे थे। जब इसकी जानकारी ज़ोनल अधिकारी मनोज यादव को हुई तो इंसानियत कि मिसाल पेश करते हुए फ़ौरन ही वो अपने ऑफिस से कुर्सी छोड़ कर बाहर आये और लॉन में अशोक कुमार के बैठने के लिए कुर्सी मंगवाई और दूसरी कुर्सी पर वह ख़ुद बैठे और उनका कार्य करने के संबंधित अधिकारी को आदेश दिए। गृहकर मुक्त प्रमाण पत्र बनने के बाद मनोज यादव ने अपने हाथों से ससम्मान अशोक कुमार को सौंपा और मनोज यादव ने ख़ुद सहयोग कर दिव्यांग अशोक कुमार को उनकी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पर बैठा कर विदा किया। अशोक कुमार ने ज़ोनल अधिकारी मनोज यादव के इस सहयोग के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद अदा किया।

# वीरांगना ऊदा देवी पासी को याद कर मनाया गया शहीद दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। समेसी के महुली स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में पासी प्रकृति मंच महुली एवं युवान संस्थान के तत्वावधान मे शहीद वीरांगना ऊदा देवी पासी का शहीद दिवस मनाया गया। शनिवार को नगराम क्षेत्र के महुली स्थित अम्बेडकर पार्क में शहीद वीरांगना ऊदा देवी पासी, भगवान बुद्ध, शहीद महाराजा बिजली पासी, सुहेलदेव पासी, और संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर और अन्य सभी पासी समाज के शहीद राजाओं को याद कर पुष्पांजली अर्पित की गई। बताया गया कि वीरता की प्रतिमूर्ति अमर शहीद वीरांगना ऊदा देवी पासी ने प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपनी अल्पायु में 36 अंग्रेजों को मार गिराया था। मात्रभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाली वीरांगना ऊदा देवी पासी की बलिदान दिवस पर उन्हें उन्हें याद कर विनम्र श्रद्धांजलि व पुष्प अर्पित किया , समारोह व सभा का आयोजन डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क महुली समेसी लखनऊ में किया गया । इस कार्यक्रम में वीरांगना ऊदा देवी पासी प्रगति मंच के अध्यक्ष राममनोहर रावत, फौजी सहजराम रावत, सचिन विजय चौधरी, सुहेल देव आर्मी के अध्यक्ष योगेश पासी, बीजक रावत, युवान संस्थान के संरक्षक अम्बुज त्रिपाठी, रामानन्द, आशाराम रावत,अमरेन्द्र रावत, रामकिशोर रावत, संजय चौधरी,अरविंद साहू, साहबदीन , रमेश कुमार रावत, समाजसेवी सुजीत यादव, अशोक कुमार रावत प्रधान,अमर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## मंदबुद्धि के खाते से रुपए निकालने का आरोप

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलाल गंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले मंदबुद्धि के भाई ने एक युवक सहित उनके दोस्तों पर मन्दबुद्धि भाई के खाते से बहला फुसलाकर मोबाइल दिलाने के नाम पर बैंक से पैसे निकालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है । रानीखेड़ा डेहवा निवासी सचिन पाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरा छोटा भाई विपिन मंद बुद्धि का है इसका फायदा उठा कर बदन खेड़ा के रहने वाले आकाश यादव व रानीखेड़ा निवासी मोनू यादव अपने साथियों के साथ मिलकर मेरे भाई को मोबाइल दिलाने के के नाम पर बैंक में ले जा कर कई जगह हस्ताक्षर करवाकर मेरे भाई का मोबाइल नंबर चेंज करा दिया है इसके बाद सभी ने मिलकर बगैर मेरे भाई की जानकारी के बैंक के खाते से 17 लाख रुपये निकाल लिए हैं इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है ।

# आदिवासी सभ्यता में महिलाओं का विशेष स्थान : नीतू सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ, । नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जनजाति गौरव दिवस बिरसा मुंडा जन्म जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता इतिहास विभाग की प्रोफ़ेसर सुषमा त्रिवेदी ने जनजातीय नेता भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उन्होंने जन संरचना परिवर्तन में बहुत बड़ा योगदान दिया था। इन्होंने 15 वर्ष की लघु उम्र से ही अंग्रेजी शासन के खिलाफ लड़ाई शुरू की और मात्र 25 वर्ष में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए शहीद हुए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण तथा सांस्कृतिक संरक्षण जैसे मुद्दे उठाए, क्योंकि जनजातीय संस्कृति का अंग्रेजी शासन के कारण क्षरण हो रहा था जबकि अंग्रेजी शासन ने उनके द्वारा किए गए प्रयासों को उनके प्रति भ्रांतियां फैलाने में किया। प्रोफ़ेसर त्रिवेदी ने सभी को बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसे जननायको को पुनः समाज में स्थापित करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, मानव विज्ञान विभाग, विद्यात हिंदू पीजी कॉलेज एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत अध्यक्ष प्रोफ़ेसर नीतू सिंह ने अपने उद्बोधन में बिरसा मुंडा के जनजातीय आंदोलन में महान योगदान पर प्रकाश डाला और कहा की सतत विकास की वास्तविक अवधारणा जनजातीय सोच से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा किस तरह से अंग्रेजों ने बांटो और राज करो की नीति को अपनाते हुए भारतीय संस्कृति का खंडन किया। आज हमारी सरकार इन जनजातियों के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा की आदिवासी सभ्यता में महिलाओं का विशेष स्थान एवं योगदान है इसलिए हमें इस विचारधारा को अपनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। वहीं प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में सभी मुख्य वक्ताओं को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में यह आवश्यक है कि हम जनजातीय संस्कृति को सहेजते हुए समावेशीय विकास की अवधारणा को लेकर चलें क्योंकि हमारे पौराणिक काव्य जैसे रामायण और महाभारत में भी सभी जनजातियों का उत्कृष्ट समावेशन किया गया है।

# कानूनगो कार्य में शिथिलता बरतने पर उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश : मंडलायुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके प्लाटिंग करने वाले व संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाये सुनिश्चित : मण्डलायुक्त**

**समाज का अन्तिम व्यक्ति तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचे, ऐसे मंशा के साथ कार्य करें अधिकारीगण**

मोहनलालगंज ,लखनऊ मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान लखनऊ मंडल आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने 23 दिसंबर 2021 को एसडीएम न्यायालय से जारी मेडबंदी के आदेश का पालन न करने पर कानूनगो को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के लिए आदेश दिए साथ ही तहसीलदार को आदेश दिया कि इस धारा 24 के मामले में तत्काल मेडबंदी करवा कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट दें। गोमती नगर के विभूति खंड रिश्ता पुरवा मकान नंबर 624 आर/20 की रहने वाली कलावती ने समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही लखनऊ मंडल कमिश्नर डॉक्टर रोशन जैकब से लिखित शिकायत की कि मोहनलालगंज के गोविंदपुर गांव स्थित मेरी जमीन की धारा 24 के तहत एसडीएम न्यायालय से 23 दिसंबर 2021 को मेडबंदी के लिए आदेश हुए थे। सिसेन्डी क्षेत्र में अब तक तीन कानूनगो बदल गये लेकिन जमीन की मेडबंदी आज तक नहीं हो पाई। मंडला आयुक्त ने कलावती की शिकायत पर सिसेन्डी क्षेत्र में तैनात रहे कानूनगो को तलब कर न्यायालय से आदेश होने के बाद भी मेडबंदी न करने का जब कारण पूछा तो हल्के के राजस्व निरीक्षक जवाब नहीं दे पाए जिससे नाराज मंडला आयुक्त ने कानूनगो राजीव तिवारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दिये साथ ही तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय से एक सप्ताह के अंदर शिकायत कर्ता की भूमि की मेडबंदी कराकर दखल नामे के साथ रिपोर्ट करने के लिए निर्देश दिए। मंडला आयुक्त ने समाधान दिवस में पहुंचते ही एसडीएम बीके वर्मा से पूर्व समाधान दिवसों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के लिए तहसील दिवस रजिस्टर को तलब कर अनिस्तारित मामलों में थाना नगराम,निगोहा, गोसाईगंज , एबीएसए मोहनलालगंज खंड विकास अधिकारी गोसाईगंज , पीडब्ल्यूडी सहित 16 विभाग के अधिकारियों को तलब कर अनिस्तारण के मामले में लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई और पुनरावृत्ति होने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी । डॉक्टर रोशन जैकब ने संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम सिटी अमित कुमार, एसीपी रजनीश वर्मा, एसडीएम बी के वर्मा, तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय की मौजूदगी में 103 शिकायत सुनी जिसमें से 34 शिकायतों का मौके पर निस्तारण करवा कर अनिस्तारित 69 शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर सही तरीके से निस्तारित कर रिपोर्ट करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया।

## युवती से छेड़छाड़ के बाद की गई मारपीट, थाने पर की शिकायत



**दुबग्गा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के भरावन से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। यहां दो नाबालिग बहनों के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की गई थी। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता नसीमुन, पुत्री सिद्दीक निवासी भरावन कला ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे वह अपनी 14 वर्षीय बहन नाजिया के साथ अपने माता-पिता के पास जा रही थीं। तभी सिद्धार्थ साहू चक्की के पास तीन युवकों ने उनके साथ छेड़छाड़ और मारपीट की। आरोपियों के नाम मोहित पुत्र कुंज बिहारी, मुलायम पुत्र अज्ञात और अमन पुत्र अज्ञात हैं। पीड़िता ने थाना दुबग्गा में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी अभिनव कुमार वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की बात की है।

## हेरिटेज ज़ोन में नगर निगम में चलाया अभियान

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज़ोन 6 के हेरिटेज जोन में कोणेश्वर चौराहे से लेकर रूमी गेट पुलिस चौकी और रूमी गेट पुलिस चौकी से लेकर छोटे इमामबाड़े तक रोड पर अवैध रूप से कार्य कर रहे वेंडर्स और कार मैकेनिक का कार्य करने वाले तथा रोड पर अवैध रूप से कार वॉशिंग सेंटर चला रहे दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। घंटाघर तालाब से रूमी गेट पुलिस चौकी तक दोनों पटरियों पर अवैध रूप से किये गये अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के दौरान ठेले, अस्थाई दुकानें तथा कार मैकेनिक, वाशिंग सेंटर जो रोड पर व्यवसाय कर रहे थे को हटवाया गया घंटाघर पर स्थित कार, मोटरसाइकिल वाशिंग सेन्टर को फुटपाथ से हटवाया गया। साथ ही अतिक्रमण कर्ताओं के विरुद्ध जुर्माना 7500/- वसूल किया गया। नगर अभियंता के ऑफिस के सामने से अवैध बस स्टैंड हटवाया गया तथा भविष्य में अतिक्रमण न हो इसके लिए क्षेत्रीय थानाध्यक्ष को पत्र भी भेजा गया।

## लखनऊ के जलकल विभाग के अधिकारी, सुएज इंडिया के अधिकारी, कर्मचारी हुए निरंकुश

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 23 सितम्बर को जलकल विभाग के अधीशासी अभियंता कार्यालय अलीगंज लखनऊ को अनिल सक्सेना सब इंस्पेक्टर एव सेमरा गौढ़ी के निवासियो ने अधीशासी अभियन्ता जलकल विभाग को एप्लीकेशन दिया था कि मोहल्ले के योगेश यादव, कुलदीप यादव द्वारा बीच सड़क पर बिना जलकल विभाग विना नगर निगम की अनुमति के बीच सड़क पर सीवर काफ़ी ऊंचा कर दिया है अधीशासी अभियंता जलकल विभाग एवं सुएज़ इंडिया के रजनीकांत महोदय द्वारा कोई कारवाई नही की गई। जब मोहल्ले के कुछ लोगो ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई तो जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियो ने बीना सीवर की उंचाई कम किये बिना समस्या का समाधान किये जनसुनवाई पोर्टल पर फ़र्ज़ी निस्तारन आख्या लगा दी गई.* डेंगू फ़ैल रहा हैं। सेमरा गौढ़ी मे अधिक्तर जगह सीवर बह रहे है, मोहल्ले वालो द्वारा कई बार शिकायत की गई, जलकल विभाग / सुएज़ इंडिया के अधिकारी/कर्मचारी मस्त जनता त्रस्त।

## राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी को उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2023 से नवाजा, दो आईएएस अधिकारी हुए सम्मानित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों एवं समाजहित में दिये गये व्यापक योगदान के प्रति रेडक्रॉस सोसायटी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2023 से दो अधिकारियों रविंद्र कुमार आईएएस एवं मंगलाप्रसाद सिंह आईएएस को सम्मानित किया। तत्कालीन जिलाधिकारी बलिया रविंद्र कुमार आईएएस को एक भीषण अग्निकांड में 121 घर जलने के बाद प्रभावित लोगों को पुनर्वास में सहायता प्रदान करने एवं शासन के सहयोग से भरपूर राहत सामग्री का वितरण करने हेतु सम्मानित किया गया तथा तत्कालीन जिलाधिकारी गाजीपुर मंगलाप्रसाद सिंह, आईएएस को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान में शानदार योगदान में सातवां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके समर्पण और समाजसेवा के कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, रेडक्रॉस प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अमरनाथ मिश्र, स्वेता सिंह तलवार और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा 15 नवंबर को द्वितीय आईईईई अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ऑन कंप्यूटेशनल एंड कैरेक्टराइजेशन टेक्निक्स इन इंजीनियरिंग एंड साइंसेज का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर चर्चा करने के लिए देशभर के शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने का उद्देश्य रखता है। इस अवसर पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर, डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए हमें नवोन्मेषी और स्थायी भविष्य की दिशा में कार्य करना चाहिए। यह सम्मेलन इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत है। कुलपति, प्रो. जावेद मुसर्रत ने इस कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों से नवाचार, अनुसंधान और सामुदायिक सहभागिता को अपनाने की अपील की। सम्मेलन के मुख्य वक्ता, डॉ. राम शंकर वर्मा, निदेशक, एमएनएनआईटी, प्रयागराज ने समकालीन अनुसंधान में समग्र अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथियों, प्रो. असीष कुमार सिंह (एमएनएनआईटी) और प्रो. डॉ. सतीश कुमार सिंह आईआईआईटी, प्रयागराज ने आईईईई और इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के बीच सहयोगपूर्ण संबंधों को रेखांकित किया और अनुसंधान पत्रों के प्रकाशन एवं नेटवर्किंग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल अफ़ेयर्स निदेशालय के कार्यकारी निदेशक सैयद अदनान अख्तर ने कॉन्फ्रेंस के कम्प्यूटेशनल पहलुओं पर चर्चा की।

# वीरांगना ऊदा देवी की शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवादाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। शहीद वीरांगना उदा देवी की शहादत दिवस के अवसर पर बंथरा क्षेत्र के ग्राम बादे खेड़ा में वीरांगना ऊदा देवी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करने के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक जय देवी कौशल के साथ सरोजिनी नगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक जय देवी कौशल ने लोगों को वीरांगना ऊदा देवी के विषय में विस्तार से बताया। विधायक ने कहा कि वीरांगना की जीवनी से हमें जीवन जीने की एक नई प्रेरणा मिलती है। ऊदा देवी महिला होते हुए भी अदम्य वीरता साहस व पराक्रम की प्रतिमूर्ति थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख रामगोपाल सिंह द्वारा की गई वहीं मुख्य वक्ता के रूप में सुभाष पासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नरपत सुमन,भाजपा नेता रज्जन रावत,वीरेंद्र रावत ,सुबोध रावत,तेज़ी राम,अनीता रावत जी,पीनू रावत,रामखेलावन रावत,मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, सुरज रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वीरांगना ऊदादेवी पासी जिनका सम्मान शत्रुओं को भी करना पड़ा था : आरके चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कोई उनको हब्शी कहता कोई, कहता नीच अछूत**

**अबला कोई उन्हें बतलाए, कोई कहे उन्हें मजबूत**




काकोरी लखनऊ। समाजवादी पार्टी की जिला यूनिट एवं मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी द्वारा शहीद वीरांगना ऊदादेवी पासी की शहादत पर मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में मुस्कान मैरिज लॉन दुर्गागंज चौराहा काकोरी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सभी ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। सांसद आरके चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में समाज के सभी वर्ग और जाति के लोगों ने भाग लिया था। लेकिन इतिहास लेखन में बहुत से क्रांतिकारियों का विवरण एक सोची-समझी रणनीति के अंतर्गत दबा दिया गया।ऐसी ही एक महान महिला क्रांतिकारी हुई वीरांगना ऊदादेवी पासी,जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अप्रतिम वीरता का परिचय दिया,1857 के स्वतंत्रता संग्राम में ऊदादेवी ने 32 ब्रिटिश सैनिकों को मार गिराया था और फिर वीरगति को प्राप्त हुई थीं। ऊदादेवी की वीरता के विषय में भारतीय इतिहासकारों से अधिक ब्रिटिश पत्रकारों और अधिकारियों ने लिखा है। भारतीय इतिहासकारों ने उन्हें वह सम्मान नहीं दिया जिसकी वह अधिकारी थीं। लखनऊ जनपद के उजिरियांव गांव की ऊदादेवी पासी जाति में पैदा हुईं वे बचपन से ही जुझारू स्वभाव की थीं। उनके पति मक्का पासी अवध के नवाब वाजिद अली शाह की पलटन में एक सैनिक थे।देसी रियासतों पर अंग्रेजों के बढ़ते हस्तक्षेप को देखते हुए महल की रक्षा के उद्देश्य से स्त्रियों का एक सुरक्षा दस्ता बनाया गया।तो उसके एक सदस्य के रूप में ऊदादेवी को भी नियुक्त किया गया।ऊदादेवी में गजब की क्षमता थी जिससे नवाब की एक बेगम हजरत महल उनसे बहुत प्रभावित हुयीं। नियुक्ति के कुछ ही दिनों के बाद में ऊदादेवी को बेगम हजरत महल की महिला सेना का कमांडर बना दिया गया। इस महिला दस्ते के कमांडर के रूप में ऊदादेवी ने जिस अदम्य साहस,दूरदर्शिता और शौर्य का परिचय दिया, उससे अंग्रेज सेना चकित रह गयी थी।ऊदादेवी की वीरता पर उस समय कई गीत भी गाये जाते थे,इनमें एक गीत था-ल्लकोई उनको हब्शी कहता कोई,कहता नीच अछूत,अबला कोई उन्हें बतलाए, कोई कहे उन्हें मजबूत।।ल्ल

सांसद आरके चौधरी ने कहा 10 मई 1857 को आजादी का बिगुल फुंकने के बाद लखनऊ के चिनहट के निकट ईस्माईलगंज में हेनरी लारेंस के नेतृत्व में ईस्ट इंडिया फौज की लखनऊ की फ़ौज से ऐतिहासिक लड़ाई हुई।इस लड़ाई में हेनरी लारेंस की सेना भाग खड़ी हुई किन्तु, अप्रत्याशित वीरता का प्रदर्शन करते हुए ऊदादेवी के पति मक्का पासी बलिदान हो गए,तब ऊदा देवी ने अपने पति के शव पर उनके बलिदान का बदला लेने की शपथ ली थी। अंग्रेजों की सेना चिनहट की पराजय का बदला लेने के लिए तैयारी कर रही थी।उन्हें पता चला कि लगभग दो हजार विद्रोही सैनिकों ने लखनऊ के सिकंदरबाग में शरण ले रखी है,15 व 16 नवंबर 1857 को कोलिन कैम्पबेल के नेतृत्व में अंग्रेज सैनिकों ने सिकंदरबाग की उस समय घेराबंदी की जब आजादी के मतवाले सैनिक या तो सो रहे थे या फिर लापरवाह थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा,प्रदेश सचिव राशिद अली,वसी अहमद, पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव,राजेन्द्र यादव,अम्बरीष सिंह पुष्कर,पूर्व चेयरमैन नजमी खां,उपाध्यक्ष अर्चना रावत,विजयश्री गौतम,बचान सिंह यादव,अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, डॉ शपथ जिला सचिव, विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया,राजबाला रावत,रमेश सिंह रवि,जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव,मुईन ख़ां,पप्पू यादव,खलनायक यादव, अजय सिंह चौहान,पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव, संतोष यादव,मनोज रावत,ब्लाक प्रमुख ऊषा सेन यादव,चौधरी मुल्तान सिंह,,राज्जनलाल यादव,जिला पंचायत सदस्य निहाल अहमद सिद्दीकी, आदि लोग मौजूद रहे।

## थाना गुडम्बा में नाबालिग़ से छेड़छाड़ करने वाला हुआ अरेस्ट

लखनऊ । जानकीपुरम शनिवार वादी द्वारा थाना गुडम्बा मे दिनांक 14 नवम्बर 2024 को मुकदमा पंजीकृत कराया गया था कि उसकी नाबालिग़ लड़की को शाहरुख पुत्र कल्लू द्वारा स्कूल से आते समय छेड़छाड़ कर उसे परेशान किया गया था जिसपर त्वरित कार्यवाई करते हुए गुडम्बा पुलिस ने अभियुक्त शाहरुख को पलका तिराहा कुर्सी रोड से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया है अभियुक्त पर स्थानीय थाने मे दर्ज मुकदमे के आधार पर विधिक कार्यवाई कर दी गई है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। मैं साक्षी पुत्री राकेश कुमार निवासी ग्राम धनश्यामपुर, म0 खालिसपुर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ। मेरा जीवन बीमा पॉलिसी में नाम कुमारी गुड़िया दर्ज है। साक्षी व गुड़िया मेरे ही नाम है अतः मुझे साक्षी के नाम जाना व पहचाना जाये।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महमूदाबाद में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 67 शिकायतों में से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 50 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 12 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 21 प्रार्थना-पत्रों में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# बंदरबांट के चलते विकास को तरस रही ग्राम पंचायत चितरेहटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में विकास के नए नए आयाम स्थापित कर रही है और गांव में विकास की गंगा बहाने का काम कर रही है वही ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है । प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने पर लगातार कार्य कर रही है , वही ग्राम पंचायतो में इसका कोई विशेष असर दिखाई नही दे रहा है। सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओ को प्रधान व सचिव मिलकर ग्राम पंचायतों में बंदरबाँट कर तिजोरी भरने का कार्य किया जा है। हम बात कर रहे है विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत चितरेहटा की जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आगनबाडी की मरम्मत व चित्रकारी के नाम पर बारह बार में लगभग 667000 रुपयो का भुगतान कर गया है। जिसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है । यही नही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में हैंडपम्प रिबोर व मरम्मत के नाम पर लगभग 1023000 रुपयो का भुगतान कराया गया । जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है यही नही ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी स्थापना के नाम पर लगभग 101000 रुपयो का भुगतान कराया गया। यही नही हियूम पाइप स्थापना , तालाब में पानी भरवाई , टाइलीकरण आदि के नाम पर लाखो रुपयो का भुगतान कराया गया है । अब देखना यह होगा कि प्रधान व सचिव कब तक अपनी मनमानी से गुणवत्ता विहीन कार्य के चलते अपनी झोलिया भरेंगे।

# महोली के सिंह मैरिज लॉन में वीरांगना उदा देवी पासी का मनाया गया शहीद दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। महोली तहसील के सिंह मैरिज लान में अमर शहीद वीरांगना ऊदा देवी पासी का शहीद दिवस मनाया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधान मनोज राजवंशी ने इस मौके पर कहा कि 16 नवम्बर 1857 को गदर में अंग्रेजों से जंग लड़ते हुए शहादत पायी थी। उन्होंने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी के त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वही कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता वा विजय प्रधान ने वीरांगना ऊदा देवी पासी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा को संबोधित किया।वहीं महोली ब्लाक के प्रमुख जगदीश पासी ने कहा कि पासी जाति एक मार्सल कोम है जो न तो जुल्म करती है और न ही जुल्म सहती है। देश को आजादी दिलाने में ऊदा देवी व पासी समाज की महती भूमिका रही है इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान विजय प्रधान, मुन्ना लाल राजवंशी, एडीओ कॉपरेटिव मंजेश कुमार, जेई मनमोहन, प्रधान कुनेंद्र यादव, तुलाराम, राकेश कुमार, पूर्व प्रधान चेतराम राठौर, डॉक्टर रवि कुमार, राजेश भार्गव एडवोकेट महेन्द्र कुमार वर्मा, पूर्व प्रधान रामलाल राही, पूर्व प्रधान राजाराम, प्रधान भगवानदीन राजवंशी, संतराम भार्गव ,जिला पंचायत सदस्य अशोक कुमार राजवंशी, लखीमपुर से पहुंचे गंगाराम राजवंशी, एडवोकेट रामजीवन, तोताराम प्रधान, मनोज प्रधान, अनिल राज, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरकारी धन में भ्रष्टाचार कमाई के लिए अखाड़ा बन गया

❑ सचिव अजय कुमार गौतम की सुरक्षा के लिए संरक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । (उत्तर प्रदेश): पिछले 5 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों का राजनीतिक चरित्र नष्ट हो गया है। कुछ ठेकेदारों ने विकसित किया लेकिन लोगों की आकांक्षाएं पूरी तरह से धराशायी हो गईं। अवसरवाद की राजनीति से छुटकारा पाने के लिए और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए, मतदाताओं को खुद को आगे आना होगा। एक तरफ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के कल्याण के लिए प्रयास कर रही है, दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारी। इसे नजरअंदाज करने में लगे हुए हैं। कुछ,,मनरेगा के तहत किए जा रहे काम के लिए जिम्मेदार लोग नियमों और विनियमों की अनदेखी करके अपनी जेब भर रहे हैं। भ्रष्टाचार और जबरन वसूली की स्थिति ऐसी है कि ग्रामीण शिकायतों के एक बंडल के साथ विभागों के दौर बना रहे हैं लेकिन बदले में उन्हें केवल एक खाली आश्वासन मिला। विकास कार्यों के इस रिवर्स फ्लो ने न केवल क्षेत्र के समग्र विकास को बर्बाद कर दिया है, बल्कि इसे पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है। अराजकता के इस वेब में, ग्रामीण विकास, चाकडम निर्माण जैसी विभिन्न बहुउद्देश्यीय योजनाएं , नाली निर्माण आदि के साथ -साथ कई अन्य लोगों के साथ भी इसके नेट में पकड़ा गया है। परिणामस्वरूप, विकास का काम स्टालिंग लगता है। केवल इतना ही नहीं, प्रशासनिक अधिकारी आपसी मिलीभगत के कारण एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच करते हैं। इसी तरह के मामले को ब्लॉक सकरन के कुछ गाँव के पंचायतों में हाइलाइट किया गया है, जहां कई अन्य लोगों के साथ ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान के बीच आपसी भागीदारी के कारण, विकास कार्यों के लिए स्वीकृत धन का बड़े पैमाने पर गबन किया गया है। , इन सभी ग्राम पंचायतों का समग्र विकास सिकुड़ गया है, यह ज्ञात है कि ग्राम पंचायत अधिकारी अजय कुमार गौतम इन सभी में मुख्य भूमिका निभाते हुए देखा जाता है। विकास कार्यों में अनियमितताओं और धन के दुरुपयोग के बारे में ग्रामीणों द्वारा सैकड़ों शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। कार्रवाई के नाम पर ठोस कदम उठाए गए थे। हालांकि, जांच के लिए ब्लॉक सकरन में कई बार समितियों का गठन किया गया था, लेकिन अधिकारियों की दयालुता के कारण, हर बार मामला बिना किसी कार्रवाई के हल हो जाता है। ऐसी स्थिति में, अब सवाल हो जाता है इस मामले को संज्ञान में लेने के बाद कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? भ्रष्टाचार के इस मामले में उचित कार्रवाई में देरी क्यों होती है? क्या इसमें कोई कार्रवाई होगी या मामला समान रहेगा।




## भार्गव ईट भट्ठा दारानगर में कार्यरत मजदूर की मौत शव सड़क किनारे मिला

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामकोट अन्तर्गत ग्राम पंचायत दारानगर अन्तर्गत विक्रम पुत्र मन्नू निवासी ग्राम ननोईया दारानगर की मौत हो गई बताया जाता है कि भार्गव ईट भट्ठा दारानगर में मजदूरी का काम करता था आज सुबह उसकी मौत हो गई जिसका शव मधवापुर परसदा मार्ग पर सड़क किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि उक्त मजदूर भार्गव ईट भट्ठा पर बुग्गी चलाने का कार्य करता था उक्त भट्ठा पर कार्य करने वाले मजदूरों का कहना है कि वह बुग्गी से ईंट की ढुलाई कर रहा था अचानक सन्तुलन बिगड़ जाने से बुग्गी का घोड़ा विदक गया और भाग खड़ा हुआ। जिससे बुग्गी के टकराने या नीचे आने से मौत हो गई। परन्तु शव सड़क किनारे मिलने से तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं उक्त भट्ठा पर ननोईया के कई लेबर काम करते हैं। थाना रामकोट पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। परिवार में मृतक की मां नहीं है परिजनों में पिता उसकी चाची का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस अपने स्तर से कार्यवाही कर जांच शुरू कर दी गई है।

## डीएम ने दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. महमूदाबाद, का किया निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश



**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के द्वारा दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., महमूदाबाद, सीतापुर का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान चीनी मिल परिसर में साफ-सफाई, स्केपर को एक जगह रखने तथा इसको नीलामी हेतु निर्देश दिये गये। चीनी मिल की निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय के द्वारा स्वयं मिल गोदामों का निरीक्षण किया गया। मुख्य गन्ना अधिकारी को तौल कॉटों के स्थापना एवं गन्ना कटने के बाद कम समय में ही चीनी मिल को गन्ने की आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ ही कृषकों को साफ-सुथरा गन्ना आपूर्ति कराने के निर्देश दिये गये। मुख्य अभियन्ता को जिला अधिकारी महोदय के द्वारा मशीनरी के ट्रायल एवं मिल बन्दी पर नियन्त्रण हेतु निर्देश दिये गये तथा मुख्य रसायन को 10 प्रतिशत से कम चीनी परता न आये तथा साफ सुथरी चीनी बनाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय चीनी मिल अधिकारी अनिल चतुर्वेदी प्रधान प्रबन्धक, रोहित शुक्ला मुख्य अभियन्ता, विनोद यादव मुख्य रसायन विद्, गीतेन्द्र कुमार मुख्य लेखाकार एवं सुभाष चन्द्र पाण्डेय, प्रभारी मुख्य गन्ना अधिकारी उपस्थित रहे।

## अभाविप के नव निर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का 70वां राष्ट्रीय अधिवेशन 22 नवंबर से 24 नवम्बर तक दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहा है। अभाविप के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी का भव्य स्वागत गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में डॉ. वीरेंद्र सोलंकी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम दिवस पर पदभार ग्रहण करेंगे। अभाविप गोरक्ष प्रांत मंत्री मयंक राय ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का प्रमुख कार्यक्रम है, जिसके हेतु कार्यकर्ता साल भर इंतज़ार करते हैं। राष्ट्रीय अधिवेशन को भव्यता प्रदान कराने हेतु कार्यकर्ता निरंतर कार्य कर रहे हैं और गोरखपुर की धरा पर आगामी 22 से 24 नवंबर को अखिल भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे कार्यकर्ता नज़र आएंगे। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के साथ नवनिर्वाचित महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सोलंकी का गोरखपुर आगमन हुआ है, जिनका कार्यकर्ताओं द्वारा भव्यता से स्वागत किया गया।

## तेज रफ्तार बस ने ट्रक में मारी टक्कर, ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**वाराणसी।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कैथोली के समीप शनिवार शाम वाराणसी जौनपुर हाइवे पर तेज रफ्तार बस ने ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद वाहनों को सड़क पर किनारे करवाया। ट्रक सुल्तानपुर से चावल का पैकेट लाद कर वाराणसी की ओर आ रहा था। दुर्घटना के बाद वाहन पर लदा चावल ?सड़क पर बिखर गया। घायल ट्रक चालक और खलासी बलराम दीक्षित हैदरगढ़, बाराबंकी के निवासी है। बस रोडवेज से अनुबंधित बताई गई। फूलपुर पुलिस के अनुसार ट्रक चालक और खलासी को गंभीर चोट आई है। दोनों का इलाज चल रहा है।

# किसानों मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू जनमंच ने सौंपा ज्ञापन

❑ धान खरीद,गेहूं व डीएपी,एनपीके सहित आवासों की मनरेगा मजदूरी न दिए जाने को लेकर संगठन पदाधिकारियों ने बीडीओ सकरन कराया अवगत।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन सीतापुर। क्षेत्र के किसानों मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए भारतीय किसान यूनियन जनमंच के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी सकरन को ज्ञापन सौंपते हुए निश्चित तिथि तक समस्याओं से निजात दिलाने की मांग करते हुए बताया यदि समयावधि तक धान खरीद केंद्रों के संचालन के साथ दलालों से नहीं मिली निजात के साथ गेहूं बीज व डीएपी,एनपीके उर्वरक खाद की कालाबाजारी के साथ अनुपलब्धता पर प्रशासन ने नहीं लिया संज्ञान तो निश्चित तिथि उपरांत निश्चित जगह पर प्रशासन के खिलाफ होगा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन। दिए गए ज्ञापन में ग्राम पंचायत सेमराखुर्द में तैनात ग्राम रोजगार सेवक की भ्रष्ट कार्यशैली के चलते दलित महिलाओं के प्रधानमंत्री आवासों की बाकी मनरेगा मजदूरी न दिए जाने के साथ ग्राम पंचायत पचदेवरा में कीचड़युक्त निकास मार्ग पर इंटरलॉकिंग न लगवाए जाने के खिलाफ भी जिम्मेदारों के खिलाफ किया जाएगा प्रदर्शन।

इस अवसर पर रामशंकर सिंह जिलाध्यक्ष, प्रमोद वर्मा तहसील अध्यक्ष, सुशील राज ब्लॉक अध्यक्ष, राममिलन यादव ब्लॉक संगठनमंत्री, रेशू भार्गव ब्लॉक अध्यक्ष महिला मोर्चा,मीरा देवी उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सकरन के साथ दर्जनों किसान यूनियन पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पी0 डब्लू 0 डी0 से निर्मित सड़क गड्ढों में दबदील,जन प्रतिनिधि बने मूकदर्शक

❑ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के मनसूबों पर फ़ेर रहे पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेहटा,सीतापुर । बाढ़,एवं कटान से पीड़ित दशकों से शारदा नदी की विभीषिका से त्रस्त 3000 से अधिक आबादी वाला राजस्व गांव बसंतापुर का मात्र एक संपर्क मार्ग जो बसंतापुर से मुगलापुर को जोड़ता हैं जिसकी लगभग लंबाई एक किलोमीटर होगी दशको पहले निर्माण हुआ था रोड निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के मानकों की अनदेखी कर निर्माण होने से अधिक समय तक टिक न सकी वैसे तो खानापूर्ति के नाम पर एक बार रिपेयर कार्य होने के बाद वर्तमान समय में रोड काफी क्षति ग्रस्त हो चुकी है पता ही नहीं चलता की रोड में गड्ढे है या गड्ढों में रोड हैं पूरी की पूरी रोड़ एक साथ बनने की कगार पर है वैसे तो सूबे के मुखिया योगी जी जनता के समस्यात्मक बिंदु जैसे नई रोड का निर्माण रिपेयर कार्य पर कार्य कराने हेतु जन प्रतिनिधियों को अवगत कराते रहते हैं लेकिन सुनने वाला कौन है ।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से प्रयुक्त सामग्री मे यदि मानकों को दरकिनार किया गया तो कुछ ही समय के बाद रोड़ पुनः अपनी स्थिति पर वापस लौट जाएगी आम लोगों को छोड़कर खासकर गांव के नौनिहाल जो इसी रास्ते से होकर अध्ययन के लिए तंबौर जाना पड़ता हैं काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं यही नहीं किसी प्रकार का वाहन गुजरना पत्थर की लीक जैसा साबित होता है ।

# सकरन में आई कुष्ठरोगियों की बाढ़ फिर प्रशासन क्यों अनजान

❑ सीएचसी सांडा के जिम्मेदारों ने जारी कर दिए सैकड़ों कुष्ठरोगी प्रमाणपत्र।

❑ एक एक ग्रामपंचायत में दर्जनों कुष्ठरोगियों की खबर ने क्षेत्र में फैला दी सनसनी,आखिर स्वास्थ्य महकमा क्यों चुप?

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन सीतापुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा परिक्षेत्र में कुष्ठरोगियों की आई आकस्मिक बाढ़ ने स्वास्थ्य महकमे को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया।सीएचसी के अंतर्गत आने वाले गांवों में अकस्मात कुष्ठरोगियों की बढ़ोत्तरी ने बड़े स्तर के भ्रष्टाचार की ओर इशारा अवश्य किया। मीडिया टीम ने करीब आधा दर्जन ग्रामपंचायतों का दौरा कर जब तह तक पूरे प्रकरण की जांच की तो मामला और भी संदेहास्पद व हास्यास्पद सामने आया।इस फर्जी दवाई इलाज व प्रमाणपत्र के खेल में स्वास्थ्य विभाग से लेकर पंचायत विभाग की संलिप्तता हुई उजागर। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा दिव्यांगों,विधवाओं व कुष्ठरोगियों को मुख्यमंत्री आवास प्राथमिकता के साथ देने की पहल ने इस बड़ी बीमारी को जन्म दे दिया जिसके चलते सीएचसी सांडा के कुष्ठ रोग विभाग व अन्य जिम्मेदारों ने मोटी रकम ले बगैर किसी रोग के जारी कर दिए कुष्ठरोग के कागजात और स्वस्थ लोगों को बना दिया कुष्ठरोगी। कुष्ठरोगियों के विभिन्न स्तरों के प्रमाणपत्रों के जरिए सकरन की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री आवासों को प्राप्त करने की कुटिल चाल चल लाखों करोड़ों रुपए के घोलमाल की पृष्ठभूमि तैयार कर दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा के जिम्मेदारों के द्वारा क्षेत्र में अचानक उत्पन्न कर दी गई कुष्ठरोगियों की बाढ़,यही नहीं विश्वस्त सूत्रों की खबर तो यहां तक है कुछ विभागीय कर्मचारियों के द्वारा यहीं नहीं बाराबंकी के किसी प्रतिष्ठित चर्मरोग हॉस्पिटल से भी इसी तरीके से फर्जी कुष्ठरोगी दर्शाकर मुख्यमंत्री आवासों में आवेदन कर सेक्टर प्रभारी जांच के द्वारा लेदेकर पात्रता की जांच रिपोर्ट भी लगवा दी गई। आखिर इतनी बड़ी भयानक बीमारी यदि किसी परिक्षेत्र में अकस्मात हो रही उत्पन्न तो फिर कुष्ठ रोग विभाग ने क्यों नहीं लिया संज्ञान आखिर एक एक ग्राम पंचायत में दर्जनों कुष्ठरोगियों की उपस्थिति के लिए स्वास्थ्य विभाग ने क्यों नहीं उठाए सार्थक कदम,स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी के पीछे असल में कुष्ठरोगियों की क्या है सच्चाई इसपर जिम्मेदार नहीं दे रहे जिम्मेदाराना पूर्ण जवाब। प्रकरण की जानकारी के लिए जब सीएचसी अधीक्षक से फोन के जरिए किया गया संपर्क तो नहीं उठा फोन।

# सकरन के किसानों की आय तो दोगुनी नहीं कर पाई सरकार पर दिक्कतें अवश्य हुईं दोगुनी

❑ दलाली की भेंट चढ़े धान क्रय केंद्र व खाद- बीज विक्रय केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन सीतापुर । भाजपा सुशासन को ठेंगा दिखाते सरकारी महकमे व दलालों की जुगलबंदी ने क्षेत्रीय किसानों को दोहरी मार से मरणासन्न करने में नहीं छोड़ी कोई कोर कसर। विगत चुनाव में भाजपा को चारों खाने चित करने वाले सकरन के किसानों मजदूरों ने स्थानीय प्रशासन व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के गाल पर जो तमाचा जड़ा था आज शासन की सह पर ही क्षेत्रवासियों के जान की आफत बन पड़ा प्रशासन।नतीजन अपनी उपज को औने पौने दामों पर बेचने के साथ मिलावटी,घटिया व अधिक दामों पर खाद बीज खरीदने को मजबूर किसान। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने समूचे क्षेत्र के किसानों को ही नहीं मजदूरों,गरीबों को भी लुटवाने के लिए प्रशासन को दे रखी है छूट और सरकारी धन के बंदर बांट के लिए तैनात कर रखे हैं दलाल। ब्लॉक मुख्यालय पर निर्धारित की गईं लेवियों पर सिवाय दलालों के जमावड़े के कुछ भी नहीं पड़ रहा दिखाई,अव्यवस्था ऐसी की न पानी,न बिजली और न ही किसी बोर्ड बैनर की व्यवस्था दूसरी तरफ क्षेत्र के किसानों को रवी फसल बुवाई के लिए खाद तो नदारद है ही पर बीज के लिए दर्जनों दलालों के जमावड़े से पात्र किसानों को नहीं मिल पा रहा कृषि रक्षा इकाई पर बीज। क्षेत्र के दो चार दलाल किसानों के सिवाय कोई भी किसान नहीं तौला पाया धान और न ही खरीद पाया गेहूं।

नाम न छापने की शर्त पर एक किसान ने बताया कि कृषि रक्षा इकाई पर क्षेत्रीय भाजपाइयों के गुर्गे ही बढ़ी रकम में बिकवा रहे गेहूं जो दनीयारपुर, मोहलिया, कुतुबापुर, सांडा, रसूलपुर गांवों के निवासी हैं इसी तरह लेवी पर कुछ दलालों की मार झेल रहे किसान। बी पैक्स साधन सहकारी समिति अरुआ,सांडा के जरिए क्षेत्र के किसानों से लाखों रुपए जमा कराने के बाद भी सहकारी बैंक शाखा सांडा किसानों की बकाया धनराशि नहीं दे पा रही। साधन सहकारी समिति अरुआ व सांडा,कौवाखेड़ा भी भाजपा की नीतियों के चलते चढ़ीं भ्रष्टाचार की भेंट,मनोनीत किए गए सभापति व संचालकों तथा सचिवों के गठजोड़ के चलते खाद,बीज के लिए दर दर भटक रहे क्षेत्रीय किसान।

# कप्तानगंज सभागार में डीएम नें की सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता

❑ प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण :- डीएम

❑ शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ प्रार्थना पत्रों का करें निष्पक्ष निस्तारण:- डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में आज तहसील कप्तानगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता/ फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी -बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध , गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। इसी क्रम अधिवक्ताओं द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भी दिया गया। जिलाधिकारी ने नामांतरण बही आर 6 की जांच की तथा अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को जनपद में उर्वरक खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। आज आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 38 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 24 में से 05 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 04, विकास विभाग से संबंधित 02, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 01 तथा अन्य विभाग के 07 मामले आए। इस प्रकार कुल 38 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 33 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर सिंह, सीएमओ डॉ0 सुरेश पटारिया, सीओ कुंदन सिंह,डीपीओ विनय कुमार , जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र रॉय, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, डीडी एग्रीकल्चर आशीष कुमार,बीएसए राम जियावन मौर्य, जिला गन्ना अधिकारी डी के सैनी, डीआईओएस रविंद्र कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, तहसीलदार दिनेश कुमार नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह श्रीनेत, विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

## मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालिकाओं का रहा दबदबा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। 12 से 14 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद के उप्रावि पकड़ी बांगर की छात्राओं ने हैंडबॉल में स्वर्ण तथा क्रिकेट में रजत पदक प्राप्त किया। मंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता में पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय अमडरिया के छात्र जाहिद तथा प्रिंस को स्वर्ण एवं बालिका वर्ग में प्रतिमा एवं अनोखी को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। जूडो प्रतियोगिता में इसी विद्यालय के जुबेर तथा सागर को स्वर्ण तथा प्रिन्स को रजत पदक प्राप्त हुआ। बालिका संवर्ग में प्रतिमा,अनोखी तथा दिव्या को रजत पदक प्राप्त हुए। ताइक्वांडो में विद्यालय के छात्र इरशाद को स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी रामकोला ने बधाई दी। विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सुनीता सिंह तथा डॉक्टर शंकर दयाल पाठक को विशेष रूप से बधाई जिनके निरंतर प्रयास के कारण 4 वर्षों से बच्चे राज्य स्तर प्रतियोगिता तक में विजयी हो रहे हैं। समाज सेवी ज्ञान वर्धन गोविंद राव ने राज्य स्तर में चयनित प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरस्कार की घोषणा की। टीमों के कोच धर्मेंद्र यादव तथा चंद्र शेखर चांद को उनके लगनशीलता के लिए विशेष बधाई। जिला व्यायाम शिक्षक अनील मिश्र ने बताया कि विजयी प्रतिभागियों को जिलाधिकारी कुशीनगर विशाल भारद्वाज द्वारा सम्मानित कराया जाएगा।

# मुगलों व अंग्रेजों के विरुद्ध आदिवासियों ने बजाया बिगुल: कुंवर प्रशांत सिंह

❑ बिरसा मुंडा जयंती पखवारा के तहत जनजाति गौरव दिवस आयोजित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड संख्या 9 (नरकटिया खुर्द) वार्ड नंबर 9 बाला साहब देवरस नगर में महारानी दुर्गावती सेवा संस्थान द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवारा के तहत जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश गढ़ मंडला राज परिवार के कुंवर प्रशांत सिंह मरावी ने कहा कि भारत देश गोंडवाना लैंड का हिस्सा है तथा अनादि काल से गोंड पृथ्वी पर निवास करता रहा है।

इसी लिए इन्हें आदिवासी कहा जाता है आदिवासी समाज प्रकृति शक्ति को पूजता है स्वतंत्रता के बाद अखंड भारत के निर्माण में गोंड राजाओं का बहुत योगदान है। कार्यक्रम संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी एस टी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राधेश्याम गोंड ने कहा।

कि भारत में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सर्व प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा ने आरंभ किया था आदिवासी समाज मुगलिया हुकूमत के साथ-साथ अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध बिगुल बजाया तथा प्रकृति द्वारा दिए गए जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए जंगलों में निवास किया।

तथा अपने मान सम्मान एवं संस्कृति बचाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। अध्यक्षता भूमक शिवनाथ मरावी तथा संचालन राममनोहर गोंड ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्या लाल गोंड, लल्लन कुमार गोंड, पंकज कुमार गोंड, अरविंद कुमार गोंड, रामधनी गोंड, सहदेव गोंड, प्रेमचंद गोंड, संजय कुमार गोंड, भोला गोंड, घनश्याम गोंड, रंजन श्रीवास्तव,समसुल अंसारी, मीर हसन अंसारी, मनोज कुमार गोंड, राधिका देवी, सुनैना देवी, रीमा देवी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राजस्व निरीक्षक की मौजूदगी में गांव के सीमाओ का हुआ सीमांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। विकास खण्ड तमकुही गंगुआ गांव में राजस्व निरीक्षक की मौजूदगी में गांव का सीमांकन कर पत्थर लगाया गया। यूपी बिहार के बॉर्डर पर बसे इस गांव की अधिकतर सीमाए बिहार प्रान्त के सुकसेंनवा गांव से सटा हुआ है।

गांव की सीमाओं का सीमांकन नही होने से कई बार विबाद की स्थिति भी उतपन्न हो जा रही थी।ग्रामीण शासन से गांव के सीमा निर्धारित किये जाने की मांग काफी समय से कर रहे थे।

इसके लिये ग्राम प्रधान अख्तर अली गुड्डू ने भी तहसील प्रशासन समेत जनप्रतिनिधियों से सीमांकन कराने की मांग कर चुके थे।

ग्रामीणों की मांग पर शनिवार को राजस्व निरीक्षक(कानूनगों)तमकुहीराज



राणा प्रताप सिंह लेखपाल दीपू जायसवाल ग्राम विकास अधिकारी इमरान आलन के साथ पहुचकर गांव के चारो ओर की सीमाओं का सीमांकन कर पक्की पत्थर लगवाया। इस दौरान ग्राम प्रधान अख्तर अली गुड्डू,पंचायत मित्र उपेंद्र गुप्ता, ग्रामीण मनोज बैठा, विजय सिंह, पुनीत यादव, मुहम्मदीन अंसारी,मुस्तफा,श्याम सुन्दर गुप्ता , मुन्ना गुप्ता, तूफानी अंसारी आदि मौजूद रहे।

# बलिया में कलियुगी बेटे ने फावड़े से पिता को काट डाला




एजेंसी

बलिया। बलिया में कलियुगी पुत्र द्वारा शनिवार को अपने ही पिता को फावड़े से काट डालने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुबारकपुर के रहने वाले जयप्रकाश चौहान चन्द्रायल गांव के पास खेत में काम कर रहे थे। तभी उनके बेटे मोहित चौहान से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्साए बेटे ने फावड़े से मारकर अपने पिता जयप्रकाश चौहान को घायल कर दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने घायल पिता को इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना को अंजाम देने वाले मोहित चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल फावड़े को भी बरामद कर लिया है।

# खतरे में मासूमों की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता


कुशीनगर । झांसी मेडिकल कॉलेज में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के बाद मासूमों मौत ने सरकारी अस्पतालों में फायर सेफ्टी के इंतजाम को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।कुशीनगर मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में फायर सेफ्टी के क्या इंतजाम हैं इसकी रियल्टी जांच हुई तो सारी कमियां खुलकर सामने आ गईं।

कुशीनगर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में फायर सेफ्टी इंतजाम ना के बराबर हैं।

जिला अस्पताल में स्थित गर्भाठ वार्ड में 25 बच्चों के इलाज का इंतजाम है लेकिन इस वक्त वार्ड में लगभग 45 नवजात बच्चे भर्ती हैं इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की फायर सेफ्टी के लिए सिर्फ दो फायर सेफ्टी सिलेंडर रखा गया है।

इतने बड़े वार्ड और नवजात बच्चों के लिए सिर्फ दो फायर सेफ्टी सिलेंडर का होना बहुत बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है कि अगर कोई घटना हुई तो सिर्फ दो सिलेंडर से कैसे आग बुझाई जा सकती है।

इस संबंध में कुशीनगर मेडिकल



कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ ए0 के 0 शाही का कहना है कि अस्पताल में फायर सेफ्टी का काम चल रहा है।

जो जल्द ही पूरा हो जाएगा।बच्चों के वार्ड में सिर्फ दो फायर सेफ्टी सिलेंडर के सवाल पर उन्होंने कहा कि आज ही 10 सिलेंडर मंगाया गया है जो बच्चों के वार्ड में लगाया जाएगा ।

## पांच वर्षीय बच्ची के साथ हैवानियत

**पडरौना,कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** में 5 वर्षीय मासूम के साथ गांव के ही रहने वाले युवक द्वारा दरिंदगी करने का मामला सामने आया है युवक ने घर के सामने खेल रही मासूम को अपने पास बुलाया और अपने घर में जाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया ।मासूम अपने घर पहुंची तो अपनी मां से सारी बात बताई जिसके बाद रामकोला थाने में तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए मासूम को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में ऐसा मामला सामने आया जो मानवता को शर्मशार करने वाला है। 19 वर्षीय युवक ने घर के सामने खेल रही 5 वर्षीय मासूम को पहले अपने पास बुलाया । युवक का घर और उसके घर के पास ही है इसलिए मासूम भी उसके पास बेझिझक चली गई उसे क्या पता था कि जिसे वह चाचा चाचा कह कर बुलाती है वह उसके साथ हैवानियत करेगा लेकिन मासूम के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। युवक मासूम को अपने साथ लेकर अपने ही घर में गया और उसके साथ दरिंदगी किया। युवक के चंगुल से छूटकर मासूम अपने घर पहुंची उसने अपनी मां के पास पहुंची तो उसने सारी बात बताई। इसके बाद मासूम की मां ने अपने पति को बुलाया और सारी बात बताई।इसके बाद दोनों ने रामकोला थाने में न्याय की गुहार लगाइ। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मासूम को डॉक्टरी जांच के लिए भेज दिया है।

## ईट भट्टे के 35 मजदूरों को लेकर जा रही बस खाई में पलटी


**हमीरपुर।** शनिवार को हमीरपुर जिले में चालीस मजदूरों से सवार एक प्राइवेट बस स्टेयरिंग फ़ेल होने से सड़क किनारे गहरी खाई में गिरकर पलट गई। जिससे बच्चे और महिलाएं समेत तमाम मजदूर घायल हो गए। हादसे की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर घायल मजदूरों को एम्बुलेंस से नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल है जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हमीरपुर जिले में हजारों की संख्या में मजदूर ईट भट्टे में मजदूरी करते है। दिवाली त्योहार मनाने के बाद अब यहां से मजदूरों के अपने परिवार के साथ रोजी रोटी के लिए बाहर जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। ईट भट्टे पर ले जाने के लिए ठेकेदारों के जरिए एडवांस में रुपये मजदूरों को दिए जाते हैं। त्योहार सम्पन्न होने के बाद शनिवार को हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र के बहपुर व नंदना गांव से करीब पैंतीस मजदूर अपने परिवार के साथ बस से मथुरा कोसी जा रहे थे। बस में करीब मजदूर और परिवार समेत चालीस लोग सवार थे। जैसे ही मजदूरों से भरी बस चिकासी के नजदीक पहुंची पहुंची तो अचानक बस की स्टेयरिंग फ़ेल हो गई, जिससे बस सड़क किनारे गहरी खाई में गिरकर पलट गई। हादसे के बाद चीख पुकार मचने पर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सीएचसी राठ के चिकित्साधिकारी डॉ.चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी खतरे से बाहर है। चिकासी थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि बस चालक लाल जीवन पुत्र अमर चन्द्र पनवाड़ी महोबा का रहने वाला है। जिसने पूछताछ में बताया कि चिकासी में वृंदावन स्कूल के पास अचानक स्टेयरिंग फ़ेल हो गई जिससे बस खाई में गिरकर पलट गई। बहपुर गांव निवासी शेखर (29), किशन लाल (45), गोमती (26), गोविन्द दास (30), निशा (28), विक्की (29) ज्ञानवती (60), नेहा (8) मोहनी (7) व नेहा (5) समेत कई लोग घायल हुए है। फिलहाल सभी मजदूर खतरे से बाहर हैं।

## कुंदरकी में कमल खिलाने की मिली जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएं : धर्मपाल सिंह

**मुरादाबाद।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शनिवार को महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज मूंढापांडे में कुंदरकी विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि पन्ना प्रमुख से लेकर विधानसभा प्रभारी तक जिसे भी जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वह पूरी ईमानदारी से निभाएं। कोई भी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी को छोटा न समझें, क्योंकि हमारा एक ही लक्ष्य में कुंदरकी विधानसभा में कमल खिलाना। बैठक में विधानसभा प्रभारी, विधानसभा चुनाव संयोजक, बूथ प्रबंधन कार्य प्रमुख, पन्ना प्रमुख मतदाता सूची कार्य प्रमुख, कार्यक्रम एवं अभियान प्रमुख, मोर्चा अभियान प्रमुख, सामाजिक टोली संपर्क प्रमुख, सभा रैली बैठक प्रवास प्रमुख, आईटी प्रमुख सोशल मीडिया प्रमुख, प्रशासनिक लीगल प्रमुख, मीडिया प्रमुख, चुनाव अभिकर्ता कार्यालय प्रमुख, वाहन प्रमुख, विधानसभा विस्तारक, विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में उप्र सरकार के सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर, मुरादाबाद नगर विधानसभा से विधायक रितेश गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, परमेश्वर लाल सैनी, सुरेश सैनी, दिनेश ठाकुर, बृजेश चौधरी, ऋषिपाल सिंह, चौधरी हुकुम सिंह, राजन विश्नोई, कमल प्रजापति, चंद्रपाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका आदि कार्यकर्ता उपस्थित है।

# देव दीपावली पर दीपों से जगमग हुआ सोहसा दुबौली घाट, प्रज्वलित हुए आस्था के हजारों दीप

❑ सांसद ने सोहसा मोक्ष धाम निर्माण की विधिक अड़चनों को दूर कराने और दुबौली छठ घाट निर्माण कराने की घोषणा की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा जन सहयोग से देव दीपावली (कार्तिक पूर्णिमा) के अवसर पर शुक्रवार की शाम कुशीनगर जनपद स्थित सोहसा दुबौली घाट पर बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 दया शंकर तिवारी की अध्यक्षता में 2100 दीपों के साथ दीपदान एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन कर देवी - देवताओं से लोक मंगल व सोहसा मोक्ष धाम एवं दुबौली छठ घाट निर्माण की मंगल कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद विजय दुबे ने सोहसा मोक्ष धाम निर्माण में आ रही विधिक अड़चनों को दूर कराने एवं दुबौली में अपने निधि से छठ घाट निर्माण कराने की घोषणा की। इसके पूर्व पंडित राघवेंद्र मिश्र द्वारा मंत्रोच्चार के साथ दीपदान प्रारम्भ हुआ और मंच से जनता के प्रतिनिधि के रूप में नयी दिशा सचिव डा0 हरिओम मिश्र ने सोहसा मोक्ष धाम निर्माण और दुबौली छठ घाट निर्माण की मांग को मजबूती के साथ रखा। धीरज राव की टीम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़, ब्लॉक प्रमुख मोतीचक अर्चना प्रदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख हाटा प्रतिनिधि सुधीर राव, ब्लॉक प्रमुख कसया प्रतिनिधि अमरजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव, सोहसा प्रधान प्रतिनिधि मुकेश राव, दुबौली प्रधान सेवा लाल यादव, भठही बाबू प्रधान सुभाष कान्दू, परवरपार प्रधान राजेश राव, मुहम्मदा प्रधान विनय कुशवाहा, सिकटिया प्रधान जमुना सागर, सत्यजीत सिंह, बबलू मिश्र, राम कोमल, ए डी ओ मोतीचक प्रमोद सिंह, हेमंत मिश्र, पंडित कन्हैया मिश्र, कृष्णमोहन, पेशकार, आशुतोष पांडेय, डीके पांडेय, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, राम नरेश मिश्र, रवि यादव, देवानंद, आदित्य पांडेय, विजय राव, शम्भू राव, जय राम पटेल, हर्षित मिश्र, जितेंद्र राव, टुनटुन मिश्र, गौतम मुनि तिवारी, पारस गुप्ता, प्रशांत किशोर यादव, रुदल पटेल, विकेश, संजेश, गुलशन तिवारी, प्रमोद सिंह, वेद प्रकाश तिवारी, आशुतोष मिश्रा, बबिता सिंह, संगीता सिंह, प्रियंका सिंह, रिशु यादव, आर के पांडेय, मनोज कुमार, कन्हैया सिंह, अखिलेश दास गुप्ता, अनिल तिवारी, दिनेश पांडेय, गुलशन त्रिपाठी, रविश सिंह, सत्यकाम पांडेय, राघवेंद्र प्रताप शुक्ल, चिन्तु मणि त्रिपाठी, हर गोविंद राव, संजय पांडेय, अयूब खान, मो0 सरफराज, कौशल जायसवाल सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नकली खाद की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पैसा वापस दिलाने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर ।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में नकली खाद मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने खाद विक्रेता से किसानों को पैसा वापस दिलाने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी और थाना मिर्ज़ापुर के प्रभारी निरीक्षक को दिए। जिलाधिकरी ने कहा कि अगर खाद विक्रेता रुपये वापस करने में आना कानी करे तो मुकदमा पंजिकृत कर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील कलान में सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने कहा कि भूमि पैमाइश के जारी आदेशों के अनुपालन के लिए लेखपालों की टीम भेज कर पैमाइश कराई जाई। आने वाले शिकायतकर्ता से मिलकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। शिकायत निस्तारण में जिन अधिकारियों को सी श्रेणी प्राप्त होगी उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर 144 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से नौ का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों में निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी समयबद्ध व ुणवत्तापरक ढंग से किया जाए।

# डीएम ने तहसील तरबगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में डीएम ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 60 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें।शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी वीडियो ग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# नक्शो के विपरीत भवन बनाने वालों पर जल्द होगी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। विनियमित क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए और स्वीकृत नक्शा के विपरीत भवन बनाने वालों पर जल्द कार्रवाई होने वाली है।नियत प्राधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट की ओर कराए जा रहे सर्वे में तमाम जगहों पर मास्टर प्लान की अनदेखी उजागर हो रही है।जिसपर अब जल्द भवन स्वामियों को नोटिस भेजा जाएगा और आगे इस अभियान को और प्रभावी बनाने की तैयारी चल रही है। विनियमित क्षेत्र में नगर पालिका समेत आसपास के कई भवन शामिल हैं।यहां भवन बनाने से पहले नियत प्राधिकारी कार्यालय से नक्शा पास कराने का नियम है। लेकिन ज्यादातर लोग या तो बिना नक्शा पास कराए भवन बना लेते हैं या फिर नक्शा के अनुकूल भवन निर्माण नहीं कराते।एक अनुमान के मुताबिक विनियमित क्षेत्र में पचीस प्रतिशत भवनों का नक्शा नियत प्राधिकारी कार्यालय से स्वीकृत नहीं है।करीब तीस प्रतिशत भवन स्वामियों ने नक्शा के विपरीत भवन निर्माण कराया है।



## कई रसूखदार भी आ सकते हैं जद में

ठीक से अगर सर्वे हो तो तमाम बड़े लोगों पर भी कार्रवाई हो सकती है।इसमें कुछ राजनैतिक लोग भी शामिल हैं। जिन्होंने विभागीय तालमेल से सड़क कब्जा कर भवन बना लिया है। शहर में कई शापिंग काम्प्लेक्स और स्कूल, मास्टर प्लान के नियमों के विपरीत बने हैं।अग्निशमन विभाग से एनओसी मिले बिना नियत प्राधिकारी कार्यालय से इनका नक्शा पास कर दिया गया है।बिना मानचित्र स्वीकृत कराए व मानचित्र के विपरीत हो रहे भवन निर्माण किया है उन लोगो को नोटिस भेजा जा रहा है। जो लोग बिना नक्शा पास कराए या नक्शे के विपरीत भवन निर्माण कराए हैं उनके खिलाफ अब जल्द कार्रवाई होगी, और ऐसे भवन अब जल्द धराशाही होंगे। (नगर मजिस्ट्रेट गोंडा)

# भू-माफिया से खाली कराई जाए सरकारी जमीन:डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले की तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस और तहसील दिवस का आयोजन किया गया और सदर तहसील में हुए इस आयोजन में भाजपा विधायक प्रतीक भूषण सिंह,सदर एसडीएम अवनीश त्रिपाठी और तहसी लदार देवेंद्र यादव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।वही अवैध कब्जों को लेकर सख्त रुख दिखाया सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने जनसुनवाई के दौरान सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को लेकर जमकर अधिकारियों को फटकार लगाई।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए।उन्होंने कहा, ''सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'' विधायक ने लेखपालों को भी चेतावनी दी कि वे अपनी जिम्मेदारी निभाएं और जांच में किसी प्रकार की गड़बड़ी न करें।उन्होंने कहा, ''रिश्वतखोरी के मामलों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सभी अधिकारी ईमानदारी से काम करें।''डीएम ने दिए जांच के पुख्ता निर्देश तरबगंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी नेहा शर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी मामले में स्थलीय जांच के बिना रिपोर्ट न लगाई जाए।साथ ही,शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर उसकी मौजूदगी में जांच की जाए।डीएम ने कहा कि सभी वरासत के मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए।उन्होंने सार्वजनिक रास्तों और सरकारी जमीनों से अवैध कब्जों को हटाने के लिए राजस्व टीम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

बॉक्स पुलिस को सुधार के निर्देश

अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने पुलिसकर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण थाने पर ही कर दिया जाए, ताकि उन्हें तहसील दिवस या समाधान दिवस में बार-बार आने की जरूरत न पड़े।उन्होंने कहा, ''थाने पर समस्या सुलझाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।''जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को भरोसा दिलाया गया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।प्रशासन की सक्रियता ने लोगों में उम्मीदें जगाई हैं कि अवैध कब्जे और भ्रष्टाचार के मामलों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी।

# जिले में अवैध पैथोलॉजी लैब का फैल रहा मकड़जाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पैथोलॉजी लैब तो जिले में मात्र कुछ तो पंजीकृत हैं लेकिन कलेक्शन सेंटरों के नाम पर अवैध लैब का मकड़ जाल फैला हुआ है।गली-कूचों तक में कलेक्शन सेंटर चल रहे हैं।ये सेंटर ब्लड सैंपल तो ले रहे हैं लेकिन रखरखाव ठीक न होने से मरीजों को सही रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है।कुछ ही समय के अंतराल में कराई गई जांच रिपोर्ट में भिन्नता देखने को मिल रही है।स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती के चलते जिले में अवैध पैथोलॉजी लैब और कलेक्शन सेंटर का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है।गांवों-कस्बों तक कहीं एक कमरे में तो कहीं संकरी गलियों में पैथोलॉजी चल रही है।अप्रशिक्षित कर्मचारियों से काम चलाया जा रहा है।हाल यह है कि एक ही सैंपल की अलग-अलग रिपोर्ट आती है और रेट भी अलग अलग है।इन रिपोर्ट पर कितना भरोसा किया जाए,यह चिकित्सक भी समझ नहीं पा रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में जिले में लगभग सैकड़ो से अधिक पैथोलॉजी पंजीकृत हैं,जबकि हकीकत में कई गुना पैथोलॉजी लैब चल रही हैं।शहर की बात की जाए तो हर मोहल्ले में कई लैब हैं।कर्नलगंज हजूरपुर रोड पर दर्जनों से अधिक पैथोलॉजी लैब और सेंटर हैं। जिला अस्पताल आए मरीज रामू ने बताया कि शहर की एक पैथोलॉजी लैब से जांच करवाई थी तो प्लेटलेट्स 80 हजार थी। कुछ देर बाद ही दूसरी पैथोलॉजी पर सैंपल दिया तो वह एक लाख से ज्यादा निकली।चिकित्सक भी दो रिपोर्ट देख हैरत में पड़ गए। यह हाल केवल शहर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में बना हुआ है। कर्नलगंज तहसील क्षेत्र में परसपुर, कटरा बजार, कर्नलगंज, कौड़िया बजार में भी यही हाल है।वही सूत्र बता रहे है कि वजीरगंज बाजार में एक भी लैब पंजीकृत नहीं पर कलेक्शन एजेंट तमाम गोंडा अयोध्या मार्ग बालेश्वर गंज कस्बे में हर जगह कलेक्शन एजेंट मौजूद हैं। जो पैथोलॉजी लैब हैं वे बिना पंजीकरण के चल रही हैं। सूत्र बता रहे हैं कि बालेश्वर गंज वजीरगंज, परसपुर, रगड़गंज बाजार,तरबगंज बाजार, मनकापुर, कस्बे में कुछ ही पैथोलॉजी पंजीकृत हैं।इन पैथो लॉजी में विभिन्न जांचों के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित है।कुछ पैथोलॉजी लैब अपने कलेक्शन सेंटर भी चला रही हैं।




इनमें से अधिकतर सीएचसी परिसर के आसपास मौजूद हैं।तीमारदारों का आरोप है कि कई बार चिकित्सक प्राइवेट जांच के लिए भी मौखिक रूप से कलेक्शन सेंटर का नाम लेकर जांच कराने को कहते हैं। यहां अप्रशिक्षित लोग ब्लड सैंपल निकालने से लेकर सभी जांचें करते हैं।

## बार एसोसिएशन महसी के पदाधिकारियों ने डीएम से की भेंट

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात तहसील बार एसोसिएशन महसी के अध्यक्ष एवं महामन्त्री के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंट कर तहसील महसी के राजस्व ग्राम सिसई हैदर, गजपतिपुर, टेण्डवा बसन्तुपर, हेमरिया, भोगाजोत व तमाचपुर की भूमि के सम्बन्ध में परिसीमा निर्धारितकरते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से सुदूर स्थित आराजी के विक्रय पत्रों का प्रतिबन्ध समाप्त कराये जाने, तहसील महसी में तहसीलदार की नियुक्ति, तहसील महसी के न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों की अमल दरामद की व्यवस्था नियमित कराये जाने, राजस्व ग्रामों के जंक गाटों को अवमुक्त करने समयबद्ध व्यवस्था के साथ-साथ तहसील मुख्यालय के सामने वाहनों के गति अवरोधक हेतु स्पीड ब्रेकर (रम्बल स्ट्रिप्स) बनवाये जाने सम्बन्धित मांग पत्र प्रस्तुत किया। डीएम ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज़ मागों का समाधान कराया जायेगा। तहसील मुख्यालय के सम्मुख स्पीड ब्रेकर (रम्बल स्ट्रीप) निर्माण की मांग के सम्बन्ध में डीएम ने अधि.अभि. लो.नि.वि. को निर्देश दिया कि तत्काल कार्य प्रारम्भ कर दिया। डीएम ने एसडीएम महसी को निर्देश दिया

# बेसमेंट में दुकाने,ऊपर शॉपिंग मॉल सड़क पर पार्किंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। स्टेशन रोड जिला अस्पताल के सामने जिला महिला अस्पताल के पास स्थित काम्प्लेक्स में शॉपिंग और बेसमेंट में दुकानें संचालित किया जा रहा है।

जबकि शॉपिंग मॉल और दुकानों में आने वाले लोगों के वाहनों को सडक़पर ही रखवाया जा रहा है।क्योंकि शॉपिंग मॉल के पास पार्किंग के लिए जगह नहीं हैं।ऐसे में शॉपिंग मॉल में आने वाले लोगों द्वारा पार्किंग के अभाव में वाहनों को सडक़पर ही खड़ा कर दिया जाता है।जिससे मुख्य मार्ग पर अन्य वाहन नहीं निकल पाते हैं।वहीं सडक़ पर बेतरतीव वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनती है। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा कई बार नगर पालिका के अधिकारियों को अवगत कराकर इस समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की जा चुकी है।लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।जिस कारण ही शॉपिंग मॉल के बाहर जाम की समस्या बढ़ती जा रही है।नियमानुसार किसी भी बेसमेंट का कर्मिशयल उपयोग नहीं किया जा सकता है। बेसमेंट में केवल पार्किंग की व्यवस्था की जानी चाहिए। क्योंकि सडक़पर वाहनों के खड़े होने के कारण शहर में जाम के हालात बनते हैं।जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।वहीं नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा लोगों को भी हिदायत दी जा चुकी है कि कोई भी भवन मालिक बेसमेंट का कर्मिशयल उपयोग न करे।लेकिन जिला मुख्यालय पर स्थित कंपलेक्सों में बेसमेंट का उपयोग दुकानों के लिए किया जा रहा है।

ऐसे में शॉपिंग मॉल के प्रबंधन के पास पार्किंग के लिए जगह नहीं होने के कारण वाहनों को सडक़पर ही खड़ा किया जा रहा है।जिसके चलते सुबह से लेकर देर रात तक यहां पर जाम के हालात बनते हैं।हालांकि इस संबंध में वाहन चालकों द्वारा विरोध भी किया जाता है तो अस्पताल का स्टाफ रसूख दिखाते हुए लोगों को शांत कर देता है।जिस कारण वाहन चालकों को यहां से निकलने के दौरान रोजाना ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बेसमेंट में दुकान और शॉपिंग मॉल चलाने का मामला शहर के बीचों-बीच ही चल रहा है इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा कई बार नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को अवगत भी कराया गया है।इसके बावजूद भी नगर प्रशासन द्वारा इस समस्या का निराकरण कराए जाने के संबंध में अभी तक कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ही शॉपिंग मॉल काम्प्लेक्स प्रबंधन द्वारा फायदा उठाकर बेसमेंट में ही शॉपिंग मॉल,दुकान,पैथोलॉजी सेंटर,और नर्सिंग होम चलाया जा रहा है।जबकि नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक बेसमेंट के कर्मिशयल उपयोग किए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।लेकिन काम्प्लेक्स प्रबंधन के रसूखदार होने के कारण नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा कार्रवाई करना तो दूर शहर में कॉम्प्लेक्स में चलने वाले नर्सिंग होम,शॉपिंग मॉल, दुकान,पैथोलॉजी सेंटर,होटल आदि की जांच तक नहीं कराई जा रही है।

## गर्भवती महिलाओं की डीएम व एसपी ने की गोदभराई



**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने आईसीडीएस के स्टाल पर 05 गर्भवती महिलाओं श्रीमती रामदेवी, सरिता, जलवर्षा, नाज़मा व उर्मिला की गोद भराई की तथा दो बच्चों अभिवांश व रूपाली को अन्नप्रासन्न कराया।

## 20 नवम्बर को आयोजित होगा किसान दिवस

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 20 नवम्बर 2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## चीनी मिल नानपारा के पेराई सत्र का शुभारम्भ आज

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सचिव/प्रधान प्रबन्धक यमुनाधर चौहान ने बताया कि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, बलहा की श्रीमती सराज सोनकर एवं महसी के सुरेश्वर सिंह तथा सभापति/जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 17 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के 41वें गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ होगा।

## रोडवेज बस मे तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रोडवेज बस से सफर कर रही महिला की तबियत अचानक बस में बिगड़ गई। घाघराघाट स्थिति एक ढाबे पर बस खडी होने पर एम्बुलेंस से महिला यात्री को सीएचसी मुस्तफाबाद लाया गया,जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सिद्धार्थ नगर जिले के टेडवा डुमारिया गंज निवासी शान्ति देवी (60) पत्नी राम सुमिरन लखनऊ से रोडवेज बस से वापस अपने घर जा रही थी। बस घाघराघाट स्थित एक ढाबे के पास पहुंचने पर महिला की हालत अचानक खराब हो गई। एम्बुलेंस से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद ले जाया गया,जहां मौके पर मौजूद इमरजेंसी चिकित्सक डा.अजय ने महिला को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया कि थाने पर किसी ने कोई सूचना नही दी है।

## आजादी के 77 साल बाद दो छोटे पुल बनने से दर्जनों गांवों की बदलेगी तस्वीर

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में आजादी के 77 साल बाद पहली बार छोटे पुल बनाने की तैयारी डिपार्टमेंट ने की है। ये पुल बनने से दर्जनों गांवों की न सिर्फ तस्वीर बदलेगी बल्कि आने जाने में समय और धन की बचत भी होगी। पुल और रपटे के निर्माण के लिए लखनऊ से आई लोनिवि की तकनीकी टीम ने सर्वे कर रिपोर्ट भी तैयार की है। हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बिरखेरा और मुंडेरा गांव के बीच कड़ोरन नाला आसपास के इलाकों के लोगों के लिए बरसात के मौसम में बड़ी परेशानी का सबब बनता है। लगातार बारिश में इस नाले के उफनाने से लोगों के घरों में पानी भर जाता है। कई दिनों तक लोग घरों से बाहर नही निकल पाते हैं। आजादी के 77 साल बाद पहली बार इन नाले में एक पुल बनाने का खाका तैयार किया गया है। लोनिवि प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता एमएल वर्मा ने बताया कि बिरखेरा-मुंडेरा के बीच कड़ोरन नाले में दो सौ मीटर लम्बा पुल बनाने के साथ ही एक हजार सात सौ मीटर एप्रोच मार्ग बनाने का खाका तैयार कराया गया है। इस पुल और एप्रोच मार्ग से बिरखेरा होते हुए टेढ़ा गांव जोडऩे पर बांदा सीमा की ओर जाने वाले आम लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा अरतरा, टोला, सिकरी, सिसोलर होते हुए मौदहा ब्लाक क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों को भी आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। कई करोड़ रुपये की लागत से लोनिवि ने पुल बनाने के लिए बनाया बड़ा प्लान सुमेरपुर क्षेत्र के बिरखेरा-मुंडेरा के बीच करोडऩ नाला व मौदहा क्षेत्र के खैर से केवटरा डेरा के बीच सुंडी नाला में तीस मीटर लम्बा पुल बनाने के लिए लोनिवि ने बड़ा प्लान तैयार किया है। लोनिवि प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि इन दोनों पुलों के साथ एप्रोच मार्ग बनाने के लिए छह करोड़ चालीस लाख रुपये की लागत आएगी। बताया कि पुल बनने से तमाम गांवों की तस्वीर ही बदल जाएगी साथ ही ढाई दर्जन से अधिक गांवों की आबादी को भी आने जाने में बड़ी राहत मिलेगी।

# ब्लॉक रुपईडीह मनरेगा में लूट है लूट सको तो लूट

**❐ बॉक्स विकासखंड ग्राम पंचायत बीरपुर भोज में लगातार चल रहा धड़ल्ले से फर्जी मास्टर... ठेके पर चल रहा कार्य..**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोण्डा। शासन की महत्वाकंक्षी योजना है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को अच्छी सड़क व अच्छे चक मार्ग दिए जाएं और ग्राम पंचायत का उत्थान हो लेकिन गोण्डा जिले रुपईडीह विकासखंड की ग्राम पंचायत वीरपुर भोज का मामला है।

जहां पर ग्राम पंचायत से संबंधित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत चक मार्ग की पिटाई के नाम पर फर्जी हाजिरी चढ़ा कर सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

सरकारी अभिलेखों के अनुसार ग्राम पंचायत बीरपुर भोज में तीन कार्य का मास्टर रोल छह मस्टर रोल चल रहा है एमएसआर 4605 और 4606 दो मस्टर रोल में जवाहर के खेत से विसुही नदी तक तक मिट्टी पटाई की जा रही है।बीस मजदूरों को दिखाया गया है वही दूसरे कार्य में एमएसआर संख्या 4616 और 4617 के मस्टर रोल में भी उन्नीस श्रमिकों को शोहरत अली के खेत से बहराइची के खेत का मिट्टी पटाई और खड़ंजे का निर्माण कराया जा रहा है।

वही जबकि तीसरे कार्य में एमएसआर संख्या 4618 और 4619 में सोलह श्रमिकों को दिखाया गया है।जो की मेवा के खेत से गोबरे के खेत तक मिट्टी पटाई का कार्य दिखा या गया है।. जब कि एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वीरपुर भोज ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार व्याप्त है।जहां पर दस का छह मस्टर रोल लगा तार चल रहा है लेकिन धरातल पर सिर्फ दस से बारह मजदूर ही कार्य करते दिखाई दिए और वह भी ठेके पर कराया जा रहा था।`और जो श्रमिक ठीक पर काम कर रहे थे वह विकासखंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत परासिया रानी के रहने वाले थे और मनरेगा के पोर्टल पर 55 लेबर कागजों पर दिखाकर फर्जी हाजी लगाई जा रही है।

## बच्चों के हाथों में किताब की जगह थमा दिया फावड़ा


नाबालिगों से कराई जा रही मनरेगा की मजदूरी, नियमों की खुलेआम उड़ रहीं धज्जियां योगी सरकार के आदेश के निर्धारित नियमो की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।यहां नाबालिग बच्चों से मनरेगा योजना के तहत होने वाले काम को कराया जा रहा है। जिस उम्र में इनके हाथों में किताबे और पेन होना चाहिये था उस उम्र में इस बच्चे के हाथ में फावड़ा देकर सड़क की पिटाई कराई जा रही है।एक तरफ जहां देश के नौनिहालों को शिक्षित करने के लिए सरकार करोड़ो रुपये खर्च कर रही है।वहीं दूसरी तरफ यहां काम कराने के लिए नौनिहालों के भविष्य से खुले आम खिलवाड़ हो रहा है। ताजा मामला गोण्डा जिले के विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत बीरपुर भोज गांव से जुड़ा है।यहां मनरेगा योजना के तहत हो रहे सड़क कि पटाई पर बच्चे काम कर रहे हैं।वहीं जिम्मेदार अधिकारी से लेकर कार्य स्थल पर काम कराने वाले जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा इनकी अनदेखी की जा रही है।वैसे तो बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है।लेकिन यहां न तो काम कराने वालों को इसका डर है और न ही करने वालों को।

## मनरेगा के तहत होने वाले विकास कार्यों में फर्जी जारी

ग्राम पंचायत वीरपुर भोज,रुकमंगतपुर,रजनपुर,केवलपुर, भवानियापुर खुर्द,झूरीकुइया और पिपरा बजार में मनरेगा के तहत होने वाले विकास कार्यों में कार्य करने वाले कामगार मजदूरों की फर्जी हाजिरी और संबंधित पोर्टल पर अपलोड करके सरकारी धन में बंदर बांट का सिल सिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सचिव ब्लॉक में तैनात एपिओ मनरेगा और जिले के डीसी मनरेगा की दूषितं नीतियों के चलते लूट घसोट करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय उन्हें अभय दान दिया जा रहा हैं।जिससे सरकारी भ्रष्टाचार के विरोध में योगी सरकार की जीरो टारलेंस की नीति धराशाई हो रही है।जिस तरह से संबंधित जिम्मेदार खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव तथा एपीओ मनरेगा कार्यों की फर्जी एमबी करने वाले कर्मचारी के साथ ही संबंधित टीए कार्य स्थल पर न जाकर ब्लॉक के अपने कार्यालय में बैठकर ही कागजों पर सब कुछ चाक चौबंद कर देते हैं।वहीं बीरपुर भोज गाँव में मनरेगा में चल रहे कार्यों की जानकारी रुपईडीह विकासखंड अधिकारी से दूर भाष ली गई तो उन्होंने बताया कि अगर बच्चे काम कर रहे हैं तो उसकी फोटो आप हमें भेज दीजिए उसकी जांच करके हम कार्रवाई करेंगे।

# कायाकल्प योजना से बदल गई परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर : मयंकेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर है आज कान्वेंट स्कूल शिक्षा के साथ ही भवन की खूबसूरती में भी परिषदीय विद्यालयों से पीछे छूट गये है। कायाकल्प योजना के तहत स्कूलों का सौंदर्यीकरण कराया गया है आप सब लोग अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें क्योंकि व्यक्ति का शिक्षित होना बहुत आवश्यक है।यह बात ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कही। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर बनाई गई रंगोली और टीएलएम का अवलोकन करते हुये आईसीटी लैब का फीता काटकर शुभारम्भ किया। राज्यमंत्री ने एआरपी ओंकार पाण्डेय द्वारा रचित पुस्तक इंग्लिश फार किड्स व सोचो और समझो,आओ हिंदी भाषा सिखाएं का विमोचन किया। राज्यमंत्री ने कायाकल्प योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान राजवीर सिंह, आशीष मिश्रा व मिंटू सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।राज्यमंत्री ने प्रतिभा खोज परीक्षा की मेधावी छात्रा बेबी के साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी की मेधावी छात्रा को सम्मानित किया। बेसिक शिक्षा विभाग के एआरपी ओंकार पाण्डेय, सूर्य प्रकाश व सीमा सिंह को सम्मानित किया।राज्यमंत्री ने चालू शैक्षिक सत्र में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक राम बख्श प्रजापति, विजय नारायण शुक्ला व धर्मराज कुंवरि सिंह को सम्मानित किया। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने ग्राम प्रधानों, प्रधानाध्यापकों के साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुये कहा कि गांव के विकास के साथ ही साथ आप सब लोग स्कूलों का भी कायाकल्प करवायें। ग्राम प्रधान माह में एक बार विद्यालय का निरीक्षण अवश्य करें और बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद में भी आगे बढायें। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता में पहले से बेहतर सुधार हुआ है और भवन भी खूबसूरत दिख रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि आप सब लोग निपुण लक्ष्य हासिल कर जनपद में सिंहपुर की अलग पहचान बनाने का पाठ पढ़ाया। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि अभिवावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें जिससे वह पढ़ लिखकर क्षेत्र का नाम रोशन करें।सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि क्षेत्र के समस्त परिषदीय विद्यालयों में पेयजल समस्या से निजात के लिये वाटर कूलर लगवाया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का

**राज्यमंत्री ने एआरपी ओंकार पाण्डेय द्वारा रचित दो पुस्तकों का किया विमोचन**

**बीआरसी सिंहपुर के भवन में आईसीटी लैब का फीता काटकर किया शुभारम्भ**

संचालन एआरपी अनुज शुक्ला, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने किया।इस मौके पर शिक्षक नेता सत्येन्द्र कुमार तिवारी, कौशलेंद्र सिंह, समृद्धि सिंह,उबैद अहमद, दिलीप कुमार शुक्ला, ध्रुवराज पासी, विनोद मौर्या, गुड्डू सिंह, श्याम बहादुर सिंह, आशुतोष शुक्ला, राजेंद्र सैनी, जागेश्वर मौर्या,आंसू,सतीश गौतम,धर्मेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, फकीर मोहम्मद,फारुख अहमद, इफ्तिखार अहमद,संतोष कुमार शुक्ला, राशिद खान, रविकांत श्रीवास्तव, मनोज शुक्ला,नवनीत त्रिवेदी, आशीष गुप्ता, जितेंद्र नाथ त्रिवेदी, रियाज अहमद, राजेश कुमार, जय श्री सैनी, विकल्प श्रीवास्तव, राधेश्याम, मुमताज अली, मोनिका सिंह,दीपिका अवस्थी,सरिता शुक्ला, कोमल बाजपेयी, रीना सिंह, जया त्रिपाठी,चंदा त्रिवेदी, तहसीन कौसर, मनोरमा गुप्ता,दीप शिखा, प्राची गुप्ता, कोमल मिश्रा, प्रीति मौर्या, सीमा सिंह,आलोक शुक्ला, शेखर दुबे, अशरफ नवाज सहित अन्य तमाम शिक्षक व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत जागरूक करने वाली महिलाओं को डीएम व एसपी ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण हेतु विभिन्न कल्याणकारी व हेल्पलाइन नम्बरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में अपने माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को जागरूक कर सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को शनिवार को तहसील मुसाफिरखाना में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया व उनके सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गयी। सम्मानित होने वाली महिलाओं में कंचन श्रीवास्तव प्रधानाध्यापिका जूनियर हाई स्कूल दादरा, ऐश्वर्या उपाध्याय प्रधानाध्यापिका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मुसाफिरखाना, ज्योति पांडे, रंजनी त्रिपाठी समाजसेविका कमरौली, तुहिना श्रीवास्तव प्रधानाचार्या जयपुरिया स्कूल कमरौली, शिल्पी श्रीवास्तव उर्फ प्रेरणा श्रीवास्तव समाज सेविका जगदीशपुर, कुसुम चौरसिया प्रधानाचार्या जीजीआईसी जगदीशपुर के नाम शामिल है।

## सिंहपुर में राज्यमंत्री ने दो मिनट का मौनधारण कर शोक जताया

तिलोई अमेठी । ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के प्रांगण में मेडिकल कालेज झांसी में नवजात शिशुओं की मौत पर एक शोक सभा आयोजित की गई जिसमें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के साथ ब्लाक प्रमुख समेत तमाम ग्राम प्रधानों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौनधारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है।प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने मेडिकल कालेज झांसी में लगी आग से मासूम बच्चों की मौत पर शोक जताया है। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद की जा रही है और उक्त मामले की गहनता के साथ जांच पड़ताल की जा रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, एआरपी ओंकार पाण्डेय, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, अनुज शुक्ला,शिक्षक नेता सत्येन्द्र तिवारी, श्याम बहादुर सिंह,आशुतोष शुक्ला,ग्राम प्रधान आशीष मिश्रा, इफ्तिखार अहमद, रियाज अहमद, मोहम्मद अजमल, फकीर मोहम्मद, नंद किशोर विक्रम, धर्मेन्द्र सिंह, उबैद अहमद सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व शिक्षकों ने दो मिनट का मौनधारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है।

# कांग्रेसियों ने मनाई वीरांगना ऊदा देवी की पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना ऊदा देवी पासी की कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि मनाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी व अन्य कांग्रेसी नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन कर आजादी की लड़ाई में उनके द्वारा किए गए संघर्षों पर प्रकाश डाला गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 1857 की लड़ाई में साहस का परिचय दिया था। अवध के नवाब को जब अंग्रेजों ने बंदी बना लिया था, तब नवाब की पत्नी बेगम हजरत महल ने वीरांगना ऊदा देवी पासी की मदद से अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए महिलाओं की टोली बनाई जिसका नेतृत्व ऊदा देवी पासी ने किया। वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 1857 की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे उनके इस योगदान को देश कभी नहीं भूलेगा। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी नवाब वाजिद अली शाह के महिला दस्ते के सदस्य रही। सिकंदराबाग पर ब्रिटिश सैनिकों ने जब चढ़ाई कर दी तब बदला लेने के लिए उदा देवी ने अदम साहस दिखाते हुए 16 नवम्बर 1857 को 36 अंग्रेज़ सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। इस मौके पर वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी,अमोल बाजपेई, उपाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी तेज बहादुर पाठक,जिला सचिव देवेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष नंदलाल मौर्य,जाकिर हसन,अजय मिश्रा, विकास मिश्रा सचिव युवा कांग्रेस उत्तर प्रदेश,इमरान अहमद, ओम प्रकाश दुबे, आवेश अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्माणाधीन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट भवन जगदीशपुर का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज निर्माणाधीन इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट भवन, जगदीशपुर का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य मौके पर बंद पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य बंद होने के संबंध में जानकारी ली, कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर बृजभूषण निरंजन ने बताया कि धनाभाव के कारण निर्माण कार्य बंद है। बताते चलें कि पर्यटन विभाग द्वारा यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट भवन का निर्माण कराया जा रहा है जिसके लिये कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड इकाई 21अ लखनऊ नामित है, कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि उक्त भवन का निर्माण मई 2015 से प्रारम्भ है अब तक भवन का लगभग नब्बे फीसदी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है धन के अभाव के कारण वर्तमान में निर्माण कार्य बंद है तथा शासन से धनराशि की मांग की गई है जैसे ही धनराशि प्राप्त होती है निर्माण कार्य पूर्ण कर भवन को संबंधित विभाग को हैंडोवर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पूरे निर्माणाधीन भवन का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र, कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर बृजभूषण निरंजन, सहायक अभियंता सरवन कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## चतुर्थ दिवस कृष्ण जन्मोत्सव मना भावविभोर हुए श्रद्धालु

धनपतगंज सुल्तानपुर। पूरे पंडित आचार्य में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन कथाव्यास मधुर जी ने समुद्र मंथन, बलिवामन चरित्र और श्रीकृष्ण जन्म की कथा का श्रावण कराया। बलिवामन चरित्र के अंतर्गत पूज्य महाराज जी ने बताया कि जीवन में ऐसा समय न आए कि आपको किसी से कुछ मांगना पड़े, क्योंकि किसी से कुछ मांगने के लिए आपको छोटा बनना पड़ेगा। भगवान स्वयं जब बलि के यहां तीन पग भूमि मांगने के लिए गये तो विराट स्वरूप में नहीं बल्कि वामन रुप। भगवान से हमें प्रार्थना करनी चाहिए कि हम पर इतनी कृपा करें कि कभी किसी से कुछ मांगना न पड़े,श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अंतर्गत महाराज जी ने बताया कि जब जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती हैं संत,ब्राह्मण, गौमाता, और देवताओ को संकट पड़ता हैं भगवान का अवतार होता हैं और भगवान अधर्म का नाश करके धर्म की स्थापना करते हैं।भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर के एन आई के प्राचार्य डॉ आलोक कुमार सिंह, कालिका प्रसाद तिवारी, राम दीन तिवारी, बबलू तिवारी, राय साहब करौंदिया, बलवंत सिंह प्रधान, दीपक सिंह प्रधान, संदीप सिंह, पुष्कर तिवारी, समीर मिश्र और पाण्डेय परिवार सहित हजारों कथा भक्तों ने कथा का श्रवण किया।

# मुसाफिरखाना के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी निशा अनंत ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाय शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।तहसील मुसाफिरखाना में कुल उनतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में चौदह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में सत्रह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण कराया गया तथा तहसील गौरीगंज में बारह शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से दो शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः दस बजे से बारह बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके यहां जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनका निरीक्षण कर लें तथा निर्माण कार्यों एवं जर्जर भवनों की सूची तथा रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर प्रमुख बाजारों कस्बों में अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, एसडीएम प्रीति तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## रोडवेज बस स्टैंड के पास नशीला पदार्थ खिलाकर जेव से दस हजार रुपए निकालकर फरार पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव महादेव माती की रहने वाले उर्मिला सिंह पत्नी सुमेर सिंह ने शनिवार एक बजे बताया। कि 14 नवंबर को निखिल सिंह पुत्र सुमेर सिंह पीलीभीत से विपिन और जैकी के साथ घर बापस लौट रहा था। आरोप है कि जैसे ही रोडवेज बस स्टैंड के पास में पहुंचे तभी उक्त दोनों लोगों ने मिलकर नशीला पदार्थ खिला दिया। नशीला पदार्थ खिलाने से निकिल सिंह बेहोश हो गया। उक्त लोग उसकी जेव से दस हजार रुपए निकालकर उसको बेहोशी हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। किसी तरह युवक ने अपने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने युवक को बेहोशी हालत में नीजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। मामले में कोतवाली पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने थाना सेहरामऊ जाकर शिकायत करने को कहा जबकि घटना स्थल पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र है उसके बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## भाई बना भाई का दुश्मन, मां ने एसडीएम से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव सिमरिया तालुके अजीतपुर विल्हा निवासी उर्मिला देवी पत्नी गंगाराम ने बताया। कि उसके पति ने अपने नाबालिग पुत्र के नाम पर कृषि भूमि का दान पत्र किया था। आरोप है कि बड़ा बेटा ब्रजनन्दन जबर्दस्ती दबंगई के बल पर कृषि भूमि पर अवैध रुप सेकब्जा करने का प्रयास कर रहा है। जब दंपति ने इसका विरोध किया तो वह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला ने तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह से इस मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## गाजियाबाद के अधिवक्ताओं को पीलीभीत के अधिवक्ताओं का मिला समर्थन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं महासचिव अमित नेहरा को जनपद गाजियाबाद की कचहरी परिसर में हो रहे अधिवक्ता सम्मेलन में जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के महासचिव आनंद मिश्रा एडवोकेट, अधिवक्ता चंद्रशेखर त्यागी, अधिवक्ता संजीव दुबे द्वारा जनपद पीलीभीत की ओर से समर्थन पत्र प्रदान किया तथा आनंद मिश्रा द्वारा यह आश्वस्त किया गया है।कि जनपद पीलीभीत के अधिवक्ता साथ सदैव आपके साथ है। और आपके प्रत्येक निर्णय में सहयोग करेंगे एवं अधिवक्ता हित की प्रत्येक लड़ाइयां को लड़ने के लिए तत्पर है।जब तक उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं हो जाता है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील कलीनगर का तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में तहसील कलीनगर

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये मौके पर 04 शिकायतों का हुआ निस्तारण**



का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 32 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये।जिसमें से मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें,अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है।सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें।जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार कलीनगर हबीबउरहमान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण,अधिशासी अभियंता सिंचाई,अधिशासी अभियन्ता विद्युत,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी थाना प्रभारी माधोटाडा अशोक पाल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

# देश को विश्व गुरु बनाना भाजपा का लक्ष्य: विजय सिंह रघुवंशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर।भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए मजबूत व सक्रिय बूथ जरूरी है।भाजपा का राजनीतिक लक्ष्य देश को विश्व गुरु व सशक्त देश बनाना है।यह बातें भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने सुलतानपुर वि.स.के लोहरामऊ मण्डल की संगठन महापर्व कार्यशाला को बतौर मण्डल चुनाव अधिकारी संबोधित करते हुए कही।उन्होंने बूथ समिति चुनाव प्रक्रिया की चर्चा करते हुए कहा बूथ समिति में महिलाओं समेत दलित व पिछड़े वर्ग के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मण्डल अध्यक्ष राम अभिलाष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। उन्होंने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना हैं।मण्डल प्रभारी डॉ संतोष सिंह ने वृत्त निवेदन किया। उन्होंने 14 शक्ति केन्द्र चुनाव अधिकारी की घोषणा की। उन्होंने संगठन चुनाव प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बूथ समिति चुनाव 20 से 25 नवम्बर के बीच आयोजित होंगे। मण्डल अध्यक्ष राम अभिलाष सिंह ने आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। संचालन महामंत्री अशोक वर्मा ने किया।इस मौके पर काली सहाय पाठक, शिव प्रसाद उपाध्याय, संजय उपाध्याय, अशोक सिंह,पूर्व मण्डल अध्यक्ष आदर्श पाण्डे,सतीश सिंह,धर्मेन्द्र द्विवेदी,राज नारायन सिंह,सुनील विश्वकर्मा, संतोष पाण्डेय, दयाराम यादव,संजय पाण्डेय, सोहनलाल निषाद, रविमर्दन सिंह, जितेन्द्र सिंह,हरिमोहन उपाध्याय, विनोद चन्द्र मिश्रा, राधेश्याम,ओम प्रकाश दूबे, प्रवीण निषाद,अरुण सिंह,पवन कुमार मिश्रा,विपिन पाण्डेय, कपिल देव पाठक, अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।इसके अलावा धम्मौर, राहुलनगर, अखण्ड नगर, कादीपुर,शिवनगर,करौंदीकला, कूरेभार समेत अन्य मण्डलों में कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह, शशीकांत पाण्डे,विजय त्रिपाठी, पूजा कसौधन, मनोज मौर्या, जगदीश चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## चकमार्ग की समस्या को लेकर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास की रहने वाली गोदावरी पत्नी कृष्ण बहादुर ने शनिवार को आयोजित तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस मे की शिकायत में बताया। कि पड़ोसी काश्तकारों ने चकमार्ग को जोतकर अपने खेत में मिला लिया है। चकमार्ग से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। इस दौरान तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में रास्ते व राशनकार्ड से संबंधित शिकायतें सीडीओ से की गई हैं। सीडीओ ने संबंधित शिकायतों के निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।

## सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद नगर में अभिभावक - आचार्य संगोष्ठी का हुआ आयोजन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद नगर में अभिभावक आचार्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं का उन्नयन कैसे हो इस पर विचार किया गया। आयोजित हुई संगोष्ठी में विद्यालय के कई शिक्षक - शिक्षिकाओं के साथ अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए कि शिक्षा का विकास कैसे हो बच्चे कैसे आगे बढ़े और कैसे पढ़ें इन सब महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई कुछ अभिभावकों ने शिक्षा व्यवस्था पर लेकर अपने विचार भी व्यक्त किए , कार्यक्रम में कुछ छात्र-छात्राओं द्वारा गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम का संचालन आचार्य देवेंद्र पाठक ने किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य सभाजीत वर्मा आचार्य रणविजय सिंह, अचार्य रंजना पांडेय के साथ-साथ तमाम शिक्षक शिक्षाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## मेडिकल छात्रों ने क़ी चित्रगुप्त धाम पर आरती

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रथम बैच के सभी छात्र छात्राओं ने शहर के सीताकुण्ड स्थित चित्रगुप्त धाम पहुंच कर सामूहिक आरती क़ी व प्रसाद ग्रहण किया। देव दीपावली व कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेडिकल कॉलेज सभी सौ छात्र प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव व लेक्चरर डॉ पवन के नेतृत्व में सीताकुण्ड धाम भ्रमण पर आया था।

# बुलडोजर पर न्याय का हथौड़ा

सही मायनों में यह सुप्रीम कोर्ट का एक सख्त फैसला था, लेकिन यह समय की जरूरत भी थी। कथित बुलडोजर न्याय पर रोक लगाकर शीर्ष अदालत ने यह संदेश दिया है कि संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों का कार्यपालिका मनमाने तरीके से अतिक्रमण नहीं कर सकती। निश्चित रूप से किसी भी मामले में एक आरोपी पर मुकदमा चलाए बिना ही दंड देना, नैसर्गिक न्याय की अवधारणा के ही विरुद्ध है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले अवैध निर्माण इस आदेश की परिधि में नहीं आते। दरअसल, हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ कथित बुलडोजर न्याय का सिलसिला दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान से लेकर असम तक जा पहुंचा। कई राज्यों ने अपराधी तत्वों पर अंकुश लगाने की मंशा जाहिर करते हुए बुलडोजर से दंड देने को कारगर तरीका मान लिया। जिसको लेकर सामाजिक प्रतिक्रिया के साथ ही राजनीतिक दलों की ओर से भी सख्त विरोध दर्ज किया गया। उन्होंने इसे अतार्किक और प्रचलित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन बताया। हालांकि, समाज में आम लोगों के एक वर्ग में इसके प्रति समर्थन भी देखा गया। जिसका मानना था कि न्यायिक प्रक्रिया में दंड देने की अवधि खासी लंबी होती है। जिसके चलते धनबल और बाहुबल के आधार पर अपराधी मामले को लंबा खींचने में सफल हो जाते हैं। दरअसल, समाज के एक वर्ग में इस शीघ्र न्याय की आकांक्षा की सरकारों ने अपनी प्राथमिकताओं व सुविधाओं के अनुसार व्याख्या कर दी। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर इस कार्रवाई के बचाव में कई तरीके के तर्क गढ़े जाते रहे। जिसके चलते बुलडोजर न्याय की तार्किकता को लेकर दुविधा पैदा हुई। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने ऐसे तमाम सवालों पर मंथन करते हुए कानूनन और संवैधानिक दृष्टि से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया। जो आम नागरिकों को सत्ता की निरंकुशता से बचाव का कवच उपलब्ध कराता है। साथ ही यह फैसला न्याय व्यवस्था के प्रति जनता के भरोसे को भी बढ़ाता है। इसमें दो राय नहीं कि इस फैसले के जरिये शीर्ष अदालत ने कार्यपालिका को उसकी सीमा का अहसास ही कराया है। दूसरे शब्दों में, खुद ही आरोप तय करके और खुद ही न्याय करने की लोकसेवकों की कोशिश को सिरे से नकार दिया है। कोर्ट ने आईना दिखाया कि शासन-प्रशासन ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर अन्याय करने वाले कथित बुलडोजर न्याय को तार्किक बताने का प्रयास किया। जबकि बिना मुकदमा चलाये किसी को सजा देने का अधिकार किसी लोकसेवक को नहीं है। वैसे भी किसी भी अपराधी के कृत्य की सजा उसके पूरे परिवार को नहीं दी जा सकती। किसी एक घर को बनाने में व्यक्ति के जीवन की पूरी पूंजी लग जाती है। जिसे कुछ घंटों में बिना प्रतिवाद का मौका दिए ध्वस्त करना, जंगलराज का ही पर्याय कहा जा सकता है। यही वजह है कि अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यदि किसी व्यक्ति का घर तोड़ने की कार्रवाई कानून की प्रक्रिया के विरुद्ध पायी जाती है तो तोड़े गए घर को बनाने का खर्च संबंधित अधिकारी के वेतन से काटा जाएगा। लेकिन दूसरी ओर अपने फैसले के आलोक में शीर्ष अदालत यह बताने में नहीं चूकी कि यह फैसला सरकारी जमीन, सार्वजनिक स्थलों मसलन रेलवे लाइन, फुटपाथ, सड़क पर किए गए अतिक्रमण या गैरकानूनी निर्माण पर लागू नहीं होगा। वैसे यह भी एक हकीकत है कि सार्वजनिक भूमि पर होने वाले अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण रातोंरात नहीं होते। ये अवैध कार्य राजनीतिक संरक्षण व नौकरशाही की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं। कई मामलों में महीनों नहीं, सालों तक कोई कार्रवाई नहीं होती। जिससे कब्जा करने वालों के हौसले बढ़ते हैं। निश्चित रूप से किसी अवैध संरचना को समयबद्ध और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ध्वस्त किया जा सकता है। साथ ही प्रतिवादी को अपनी बात रखने का मौका भी मिलना चाहिए। कह सकते हैं कि शीर्ष अदालत ने सख्त फैसला देने के साथ न्यायिक संतुलन का आदर्श प्रस्तुत किया है।

# भारतीय गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लागू करने में बाधाएं

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की नींव होती है, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ 65% से ज़्यादा आबादी रहती है। फिर भी, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ देने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ज़्यादातर ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में बिजली, स्वच्छ पानी और उपकरण जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021 के अनुसार, 8% से ज़्यादा स्वास्थ्य सेवा केंद्र बिना बिजली के काम करते हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों और नर्सों सहित प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 2022 के अनुसार भारत में स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में 23% डॉक्टरों की कमी है। लंबी दूरी और खराब परिवहन नेटवर्क के कारण दूरदराज के इलाकों में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच प्रभावित होती है। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्रों के 40% से ज़्यादा गाँवों में नज़दीकी स्वास्थ्य सेवा केंद्र तक पहुँच नहीं है। कम साक्षरता स्तर और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का कम उपयोग होता है। बिहार जैसे राज्यों में कम जागरूकता के कारण टीकाकरण दर कम बनी हुई है। भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1.3% स्वास्थ्य सेवा पर ख़र्च करता है (आर्थिक सर्वेक्षण 2023), जो ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपर्याप्त है। पीएचसी में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, बिजली, स्वच्छ पानी और आवश्यक उपकरण सुनिश्चित करने में निवेश करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करने के लिए अतिरिक्त धन आवंटित कर सकता है। डॉक्टरों और नर्सों के लिए उच्च वेतन, आवास और ग्रामीण भत्ते जैसे प्रोत्साहनों के माध्यम से भर्ती और प्रतिधारण को बढ़ाएँ। तमिलनाडु जैसे राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के लिए डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण सेवा लाभ प्रदान करते हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए टेली मेडिसिन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों के उपयोग का विस्तार करें। ग्रामीण भारत में टेली कंसल्टेशन प्रदान करने के लिए ई-संजीवनी का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है। मातृ और बाल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाएँ। ग्रामीण इलाकों में मातृ देखभाल को बढ़ावा देने में आशा कार्यकर्ता प्रभावी रही हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 द्वारा अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाएँ। थाईलैंड जैसे देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में निरंतर निवेश के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियाँ सिर्फ़ मरीज़ों तक सीमित नहीं हैं; वे स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के कंधों पर भी भारी बोझ डालती हैं। डॉक्टरों के सामने आने वाली कठोर वास्तविकता हैं-हिंसा, अपर्याप्त आवास और ढहते बुनियादी ढाँचे। ये कारक यहाँ सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए कई लोगों को रोकते हैं। विशेषज्ञों को लाने के प्रयासों के बावजूद, ऐसे पेशेवरों की कमी का मतलब अक्सर यह होता है कि मरीजों को इलाज़ के लिए ज़िला अस्पतालों में भेजा जाना चाहिए। ''कोविड-19 महामारी हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक चेतावनी थी, फिर भी इस क्षेत्र में कोई अतिरिक्त निवेश नहीं हुआ है। सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीण भारत के लोग, विशेष रूप से पहाड़ों, जंगलों और रेगिस्तानों में रहने वाले लोग, बीमारी का सामना करने पर ख़ुद का ख़्याल रखना जारी रखते हैं-अक्सर बीमारी के गंभीर होने तक देखभाल में देरी करते हैं, बिल्कुल भी देखभाल नहीं करते हैं या अनौपचारिक, खराब गुणवत्ता वाले प्रदाताओं से देखभाल लेते हैं। जब वे स्वास्थ्य सेवा लेने में सक्षम होते हैं, तब भी उनके साथ

पीएचसी में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, बिजली, स्वच्छ पानी और आवश्यक उपकरण सुनिश्चित करने में निवेश करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करने के लिए अतिरिक्त धन आवंटित कर सकता है। डॉक्टरों और नर्सों के लिए उच्च वेतन, आवास और ग्रामीण भत्ते जैसे प्रोत्साहनों के माध्यम से भर्ती और प्रतिधारण को बढ़ाएँ। तमिलनाडु जैसे राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के लिए डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण सेवा लाभ प्रदान करते हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए टेली मेडिसिन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों के उपयोग का विस्तार करें। ग्रामीण भारत में टेली कंसल्टेशन प्रदान करने के लिए ई-संजीवनी का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है। मातृ और बाल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाएँ। ग्रामीण इलाकों में मातृ देखभाल को बढ़ावा देने में आशा कार्यकर्ता प्रभावी रही हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 द्वारा अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाएँ। थाईलैंड जैसे देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में निरंतर निवेश के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियाँ सिर्फ़ मरीज़ों तक सीमित नहीं हैं; वे स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के कंधों पर भी भारी बोझ डालती हैं। डॉक्टरों के सामने आने वाली कठोर वास्तविकता हैं-हिंसा, अपर्याप्त आवास और ढहते बुनियादी ढाँचे। ये कारक यहाँ सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए कई लोगों को रोकते हैं। विशेषज्ञों को लाने के प्रयासों के बावजूद, ऐसे पेशेवरों की कमी का मतलब अक्सर यह होता है कि मरीजों को इलाज़ के लिए ज़िला अस्पतालों में भेजा जाना चाहिए। कोविड-19 महामारी हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक चेतावनी थी, फिर भी इस क्षेत्र में कोई अतिरिक्त निवेश नहीं हुआ है। सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीण भारत के लोग, विशेष रूप से पहाड़ों, जंगलों और रेगिस्तानों में रहने वाले लोग, बीमारी का सामना करने पर ख़ुद का ख़्याल रखना जारी रखते हैं-अक्सर बीमारी के गंभीर होने तक देखभाल में देरी करते हैं, बिल्कुल भी देखभाल नहीं करते हैं या अनौपचारिक, खराब गुणवत्ता वाले प्रदाताओं से देखभाल लेते हैं। जब वे स्वास्थ्य सेवा लेने में सक्षम होते हैं, तब भी उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, उन्हें खराब गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिलती है और अक्सर इस प्रक्रिया में वे कर्ज़ में डूब जाते हैं।



दुर्व्यवहार किया जाता है, उन्हें खराब गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिलती है और अक्सर इस प्रक्रिया में वे कर्ज़ में डूब जाते हैं। ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच बढ़ाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण, टेलीमेडिसिन, अभी भी महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। विशेषज्ञों की उपलब्धता को संरेखित करना, यह सुनिश्चित करना कि रोगियों को इंटरनेट और बिजली जैसे आवश्यक बुनियादी ढाँचे तक पहुँच हो और विशेषज्ञों द्वारा अक्सर सामना की जाने वाली भारी नैदानिक ज़िम्मेदारियों का प्रबंधन करना, ये सभी बाधाएँ हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता है। एआई टेलीमेडिसिन परामर्शों को अनुकूलित करके, उपलब्धता के आधार पर मामलों को सही केंद्रों तक पहुँचाकर और एक जिलाव्यापी, एआई-सक्षम, हब-एंड-स्पोक मॉडल का समर्थन करके इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर सकता है जो नियुक्ति संतुष्टि दरों में सुधार कर सकता। इसके अलावा, एआई की क्षमता ऑडिटिंग और धोखाधड़ी नियंत्रण तंत्र में सुधार तक फैली हुई है, जो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) जैसे कार्यक्रमों में संसाधन रिसाव को रोकने के लिए महत्त्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करके कि संसाधनों का प्रभावी और नैतिक रूप से उपयोग किया जाता है, एआई ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणालियों की समग्र अखंडता को मज़बूत करने में मदद कर सकता है। ग्रामीण भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को मज़बूत करना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने और ग्रामीण स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक है। केंद्रित बुनियादी ढांचे का विकास, कार्यबल प्रोत्साहन और डिजिटल नवाचार मौजूदा अंतराल को पाट सकते हैं, जिससे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सकती है। **-प्रियंका सौरभ**

# ग्रामीण युवा भारत के डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे हैं

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

केंद्र की भाजपा सरकार के साथ-साथ भाजपा शासित राज्य और एनडीए सरकारें ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। हमारा देश लगभग 6 लाख गांवों से बना है। कांग्रेस के शासनकाल में सामाजिक और आर्थिक विकास के मामले में उनकी अनदेखी की गई। कांग्रेस के शासन के दौरान वे तकनीकी उन्नति के मामले में पीछे रह गए। मोदी सरकार ने सभी क्षेत्रों में ग्राम विकास के लिए 360 डिग्री का दृष्टिकोण अपनाया है। ग्रामीण युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ना एक महत्वपूर्ण कार्य है। ''देश के युवा'' भारत के भविष्य के पथ प्रदर्शक हैं, जो अपने उत्साह और आविष्कारशीलता के साथ अमृत काल के सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। जैसे-जैसे देश डिजिटल परिवर्तन से गुजर रहा है, इस विस्तार का उद्देश्य न केवल कई क्षेत्रों में दक्षता बढ़ाना है, बल्कि एक ऐसी दुनिया बनाना है जिसमें प्रौद्योगिकी व्यक्तियों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए सशक्त बनाती है। डिजिटलीकरण के उदय ने नई संभावनाओं को जन्म दिया है, जिससे लाखों लोगों को पहले अप्राप्य अवसरों को भुनाने का मौका मिला है। इस वर्ष के विकास को पूर्ण वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (जुलाई 2022-जून 2023) में शामिल किया गया है, विशेष रूप से यह कि किस प्रकार ग्रामीण युवा प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं, डिजिटल उपकरणों को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत कर रहे हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में अंतर को पाट रहे हैं। ग्रामीण भारत में जबरदस्त बदलाव हो रहा है, क्योंकि अधिक से अधिक युवा प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं और डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं। मोबाइल प्रौद्योगिकी अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और अधिक से अधिक ग्रामीण युवा अपनी दिनचर्या में डिजिटल उपकरणों को अपना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15-24 वर्ष के 95.7% युवाओं के पास मोबाइल फोन की सुविधा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 97% है। 4जी ग्रामीण आबादी के 99.5% लोगों को कवर करता है। शहरी क्षेत्रों में, 99.8% आबादी के पास 4जी नेटवर्क की सुविधा है। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15-24 वर्ष के 82.1% युवाओं के पास अब इंटरनेट कनेक्शन है, जो दर्शाता है कि यह पीढ़ी तेजी से कनेक्ट हो रही है। हालाँकि महानगरीय क्षेत्रों में इस आयु वर्ग के लिए 91.8% इंटरनेट कनेक्टिविटी है, लेकिन यह अंतर धीरे-धीरे कम हो रहा है। एक व्यापक वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण ने संकेत दिया कि सर्वेक्षण से पहले तीन महीनों में 15-24 वर्ष की आयु के 80.4% ग्रामीण युवाओं ने इंटरनेट का उपयोग किया, जो ग्रामीण भारत में अब तक की सबसे अधिक दर है। इसके विपरीत, महानगरीय क्षेत्रों में उपयोग थोड़ा अधिक (15-29 आयु वर्ग के बीच 91.0%) था। यह विस्तारित प्रवृत्ति ग्रामीण भारत के हृदय में हो रहे तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तन पर जोर देती है, जो डिजिटल समावेशन और सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत कर रही है। ग्रामीण भारत की डिजिटल यात्रा जारी है, युवा लोग लगातार नई प्रौद्योगिकी क्षमताएँ प्राप्त कर रहे हैं। हालाँकि हर कोई डिजिटल तकनीकों का पूरी तरह से उपयोग करने में सक्षम नहीं है, लेकिन कई लोग इस बदलते परिदृश्य में आगे बढ़ रहे हैं। सूचना प्राप्त करने के लिए इंटरनेट का उपयोग भी बढ़ रहा है, 15-24 वर्ष के 60.4% युवा सक्रिय रूप से ऑनलाइन जानकारी की तलाश कर रहे हैं। ईमेल और इंटरनेट बैंकिंग तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ग्रामीण युवाओं के बीच डिजिटल कौशल को लगातार अपनाने से ग्रामीण भारत अधिक जुड़ा हुआ और सशक्त हो रहा है, जहाँ प्रौद्योगिकी नए अवसर और विकास प्रदान करती है। सरकार ने डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों और नीतियां बनाकर योगदान दिया है, जिसने भारत के कनेक्टिविटी परिदृश्य को नाटकीय रूप से बदल दिया है। डिजिटल इंडिया पहल ने कई प्रौद्योगिकी-आधारित स्टार्टअप और नवाचार योजनाओं को लागू किया है, जिसमें टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन एंड डेवलपमेंट ऑफ़ एंटरप्रेन्योर्स (TIDE 2.0), जेन-नेक्स्ट सपोर्ट फ़ॉर इनोवेटिव स्टार्टअप्स (GENESIS), डोमेन स्पेसिफ़िक सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (CoEs) और नेक्स्ट जेनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम (NGIS) शामिल हैं। इसके अलावा, भारत नेट परियोजना, जो ग्रामीण क्षेत्रों को ऑप्टिकल फ़ाइबर लाइनों से जोड़ती है और USOF (यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड) योजना, जो दूरदराज के समुदायों को 4क्ष सेवाएँ प्रदान करती है, को इंटरनेट उपलब्धता बढ़ाने के लिए अपनाया गया है। भारत बीपीओ प्रमोशन स्कीम (IBPS) और नॉर्थ ईस्ट बीपीओ प्रमोशन स्कीम (NEBPS) कम सेवा वाले क्षेत्रों में IT/ITES विकास को प्रोत्साहित करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप नौकरी की संभावनाएँ बढ़ती हैं।

## सेहत मंत्र

# नीली रोशनी में रहने से ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों का खतरा कम: अध्ययन

भारत में ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारी के मरीजों की संख्या करोड़ों में है। हाल में हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि नीली रोशनी के संपर्क में रहने से ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेन्टिव कॉर्डियोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बताया गया है कि ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए नीली रोशनी में रहना फायदेमंद हो सकता है। नीली रोशनी की किरणें मरीज के शरीर में उसी प्रकार असर करती हैं, जैसे सूरज की पराबैगनी किरणें। इस अध्ययन के मुताबिक शोध में भाग लेने वाले मरीजों के शरीर को 30 मिनट तक करीब 450 नैनोमीटर पर नीली रोशनी के संपर्क में रखा गया। जिसके बाद प्रतिभागियों का रक्तचाप, धमनियों का कड़ापन, रक्त वाहिका का फैलाव और रक्त प्लाज्मा का स्तर मापा गया। अध्ययन में पाया गया कि पराबैगनी किरणों की तरह नीली किरणों में रहने से कोई खतरा नहीं है क्योंकि ये कैंसरकारी नहीं हैं। ब्रिटेन के सरे विश्वविद्यालय और जर्मनी के हेनरिक हैनी विश्वविद्यालय डसेलडार्फ के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि पूरे शरीर के नीली रोशनी के संपर्क में रहने के चलते प्रतिभागियों के सिस्टोलिक (उच्च) रक्तचाप तकरीबन 8 एमएमएचजी कम हो गया जबकि सामान्य रोशनी पर इस तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। शोधकर्ताओं ने शोध के दौरान पाया कि नीली रोशनी के संपर्क में रहने से मरीजों के शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड की मात्रा बढ़ गई है। ये तत्व दिल की बीमारियों के खतरे को कम करता है और कार्डियोवस्कुलर डिजीज से बचाता है। ऐसा माना जाता है कि नीली रोशनी त्वचा से सीधे रक्त में प्रवेश करती है और धमनियों को आराम देती है। इससे धमनियों में रक्त प्रवाह (ब्लड फ्लो) बढ़ता है और ब्लड प्रेशर कम होता है। हाई ब्लड प्रेशर में सबसे ज्यादा खतरा हृदय को होता है। जब ह्वदय को संकरी या सख्त हो चुकी रक्त वाहिकाओं के कारण पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता तो सीने में दर्द हो सकता है और अगर खून का बहाव रुक जाए तो हार्ट-अटैक भी हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# सर्वसिद्धि को पूर्ण करने वाली हैं देवी छिन्नमस्ता

छिन्नमस्ता देवी को चिंतपूर्णी भी कहा जाता है। उनके इस रूप की चर्चा शिव पुराण और मार्कण्डेय पुराण में भी देखने को मिलता है। देवी चंडी ने राक्षसों का संहार कर देवताओं को विजय दिलायी। छिन्नमस्ता जयंती के दिन व्रत रखकर पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। मां छिन्नमस्ता चिंताओं का हरण करने वाली हैं। देवी के गले में हड्डियों की माला मौजूद है और कंधे पर यज्ञोपवीत है। शांत भाव से देवी की आराधना करने पर शांत स्वरूप में प्रकट होती हैं। लेकिन उग्र रूप में पूजा करने से उग्र रूप धारण करती हैं। दिशाएं इनके वस्त्र हैं। साथ ही देवी छिन्नमस्ता की नाभि में योनि चक्र पाया जाता है। देवी की आराधना दीवाली के दिन से शुरू की जानी चाहिए। छिन्नमस्ता देवी का वज्र वैरोचनी नाम जैन, बौद्ध और शाक्तों में एक समान रूप से प्रचलित है। देवी की दो सखियां रज और तम गुण की परिचायक हैं। देवी स्वयं कमल के पुष्प पर विराजमान हैं जो विश्व प्रपंच का द्योतक है। एक बार देवी अपनी सखियों के साथ स्नान करने गयीं। तालाब में स्नान के बाद उनकी सखियों को भूख लगी। उन्होने देवी से कुछ खाने को कहा। सखियों की इस बात पर देवी ने उन्हें इंतजार करने को कहा। लेकिन सखियों ने उनकी बात नहीं मानी और भोजन के लिए हठ करने लगीं। तब देवी ने अपने शस्त्र से अपनी गर्दन काट कर तीन धाराएं निकालीं। उनमें से दो से सखियों की प्यास बुझायी और तीसरी से उनकी प्यास बुझी। तभी वह छिन्नमस्ता के नाम से मशहूर हैं। देवी दुष्टों के लिए संहारक और भक्तों के लिए दयालु हैं।

## पर्यटन



# जयपुर की शान है खूबसूरत नाहरगढ़ किला

राजस्थान में अरावली पहाड़ियों के बीच स्थित है नाहरगढ़ किला। जो दिखने में जितना अद्भुत है उतना ही विशाल भी। किले को जयसिंह द्वितीय ने सन् 1734 में बनवाया था। जो एक विशाल दीवार द्वारा जयगढ़ किले से जुड़ा हुआ है। आमेर और जयगढ़ किले की ही तरह ये किला भी शहर की सुरक्षा का काम करता है। इसे देखने के लिए सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ती है। और तो और कई मशहूर फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और जोधा-अकबर फिल्मों के कई सीन यहां शूट हुए हैं। तो और क्या खासियत समेटे हुए है यह किला, जानेंगे इसके बारे में... पहले इस किले का नाम सुदर्शनगढ़ था जिसे बाद में बदलकर नाहरगढ़ रखा गया। महाराजा सवाई राम सिंह ने सन् 1868 में किले के अंदर भवनों का निर्माण और विस्तार करवाया था। रानियों के लिए अलग-अलग और बहुत ही सुंदर खंड हैं। नाहरगढ़ किले से पूरे शहर का नजारा बहुत ही खूबसूरत नजर आता है। अगर आप एडवेंचर पसंद हैं तो किले तक पहुंचने के लिए 2 किमी का ट्रैक भी कर सकते हैं। यह किला 700 फीट की ऊंचाई पर बना हुआ है। जिसकी वजह से आज तक इस पर कोई आक्रमण नहीं कर पाया। नाहरगढ़ की सबसे खूबसूरत जगह है माधवेंद्र भवन, जिसे विद्याधर भट्टाचार्य ने डिज़ाइन किया था। भवन के अंदर आंतरिक साजसज्जा खूबसूरत भित्ति चित्रों और स्टको डिज़ाइन से की गई है। किले को शाही महिलाएं इस्तेमाल करती थी। किले में जनाना और मर्दाना महल का भी निर्माण करवाया गया था। 12 कमरों वाले माधवेंद्र भवन की खूबसूरती देखने लायक है। किले की आंतरिक साज सज्जा में भारतीय और यूरोपियन वास्तुकला का नायाब नमूना देखने को मिलता है। भवन में बने कक्ष गलियारों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। नाहरगढ़ किले की खूबसूरती रात के समय दोगुनी हो जाती है। कब जाएं- नाहरगढ़ किला घूमने के लिए अक्टूबर से मार्च तक का समय सबसे बेस्ट होता है जब यहां का तापमान 20-24 डिग्री रहता है। ऐसे में आप आराम से किले की हर एक चीज़ को एन्जॉय कर सकते हैं। जयपुर लगभग सभी बड़े शहरों से जुड़ा है तो यहां तक पहुंचने के लिए ट्रांसपोर्टेशन की कोई दिक्कत नहीं।

# जन-समस्याओं का त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है : सत्येंद्र कुमार

## तहसील हैदरगढ़ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। शनिवार को तहसील हैदरगढ़ के सभागार में जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र लेकर आने वाले शिकायतकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी, श्री सत्येंद्र कुमार ने सुना और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। जिलाधिकारी ने जन-समस्याओं की सुनवाई के दौरान अधिकारियों से यह भी कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के सख्त निर्देश है कि भूमि विवाद के मामलों को शीघ्रता के साथ निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के मामले में निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ताओ से संपर्क स्थापित करते हुए यह



सुनिश्चित कर ले कि उनकी समस्या का उचित निस्तारण हुआ है या नहीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 202 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व विभाग से संबंधित कुल 132 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, पुलिस विभाग से संबंधित 22 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 14 प्रार्थना पत्र, पूर्ति विभाग से 04 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से 07 प्रार्थना पत्र अन्य समस्या का 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें से 04 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ श्री शम्स तबरेज, उपजिलाधिकारी सुश्री पूजा गुप्ता, जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, तहसीलदार श्रीमती सीमा भारती, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार देव पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी श्री राकेश तिवारी नायब तहसीलदार नमृता दूबे सहित प्रोवेशन, समाज कल्याण सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दास्त नहीं : प्रीति सिंह

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी : तहसील समाधान दिवस उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 2 का मौक पर निस्तारण करवा दिया गया बाकी अन्य मामले राजस्व , पुलिस , विकास समेत विभिन्न मामलों की थी जिनके निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए । एसडीएम प्रीति सिंह ने कहा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने को कहा गया है पीड़ितः को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता में है ।

# परिजनों के सुपुर्द की गई सात साल पहले बिछडी वृद्ध महिला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। सात वर्ष पूर्व अपने परिजनों से बिछड़ी विक्षिप्त बुजुर्ग महिला को बाराबंकी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के ऑपरेशन खोज के तहत पुनः उसके परिजन का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। चौकी बेलहरा, थाना मोहम्मदपुरखाला क्षेत्रान्तर्गत करीब 15 दिन पूर्व एक विक्षिप्त बुजुर्ग महिला भटकते हुए मिली, जिसे महिला आरक्षियों की मदद से वन स्टाफ सेण्टर, बाराबंकी भेजा गया। थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के ऑपरेशन खोज के तहत सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से अथक प्रयास कर उक्त विक्षिप्त बुजुर्ग महिला के परिजन का पता लगाकर उन्हें सूचित किया गया। आज पुलिस द्वारा थाना कोथल, जनपद गोपालगंज (बिहार) निवासी बुजुर्ग महिला को उसके पति एवं पुत्री के सकुशल सुपुर्द किया गया। बुजुर्ग महिला की बेटी द्वारा बताया गया कि उसकी मां करीब 07 वर्ष पूर्व गुमशुदा हो गई थी। 07 वर्षों बाद अपनी मां एवं पत्नी को पाकर परिजन द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस का आभार प्रकट किया गया।

### अनुराग हत्याकांड में न्याय दिलाने के लिए अन्ना का आमरण अनशन 6वें दिन जारी

जौनपुर । मृतक अनुराग यादव के परिवार को न्याय दिलाने के लिए पिछले छह दिन से कलेक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन पर बैठे समाजसेवी जज सिंह अन्ना को भारतीय किसान यूनियन का समर्थन मिला है। जज सिंह अन्ना जनपद के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबरूद्दीन पुर में अनुराग यादव हत्याकांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आमरण अनशन पर है। उनका कहना है कि दीपावाली से एक दिन पूर्व परिवार के इकलौते बेटे की जघन्य हत्या कर दी गयी लेकिन परिवार को अब तक न्याय नहीं मिल सका है।

# पीपे के पूल की मांग को लेकर चौथे दिन भी ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन जारी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेही घाट बाराबंकी । बाजपुर से पाराहाजी गांव का पीपे का पुल का मामला तूल पकड़ता जा रहा है आज चौथे दिन भी ग्रामीणों का धरना जारी रहा । ग्रामीणों की एक ही मांग है कि पारा हाजी से बाजपुर घाट पे जब तक पीपे के पूल नहीं आ जाएगा तब तक धरना समाप्त नहीं होगा । लेखपाल द्वारा आश्वासन देने पर भी अड़े ग्रामीण । ग्रामीणों की का कहना है कि जब चुनाव में भी उपजिलाधिकारी ने लिखित आश्वाशन दिया था तब भी कार्य पूरा नहीं हुआ इसलिए जब तक पीपे का पुल नहीं आ जाएगा तब तक धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा। जहां पर सर्जन लाल, अनिल कुमार,राम प्रताप,सुनील कुमार, कृष्ण कुमार बाबा, निर्मल शर्मा, शिवमगन पाल, राजाराम पाल, अरुण कुमार, गुलाई, रामेश्वर, खुशीराम, रमई, मुकेश ,रामदास, ननकु, रामु साहू, अमरचंद , चंद्रेश,पवन साहू , रमापति शर्मा, श्याम शर्मा,लक्ष्मी प्रसाद,महेंद्र कुमार, ब्रिजु ,जयराम ,लालता प्रसाद , बरसाती, लाला,जगेसर ,मुनेश्वर , गुरुप्रसाद ,डब्लू ,उत्तम,भजनलाल, समरस पाण्डेय, दानबहादुर ,पप्पू पाल,जगदीश, रावत,रामतीरथ साहू,आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी । रामगढ़ तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के में उप जिला अधिकारी पवन कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनी समाधान दिवस में कुल 61 मामले आए जिनमें से राजस्व के 39 पुलिस विभाग के 13 विकास विभाग के दो खाद एवं रसद विभाग के दो खंड शिक्षा विभाग के एक पी डब्यू डी का एक समाज कल्याण विभाग के दो विद्युत विभाग के एक मामले आए थे जिसमें से पांच मामलों में पुलिस व राज्यों की टीम मौके पर भेज कर तुरंत निस्तारित कराया गया उप जिलाधिकारी को ग्राम बिलौली मजरे मीरपुर निवासी कमलेश कुमार पुत्र सूरज लाल ने प्रार्थना पत्र देकर रोते हुए बताया कि सर्वजीत पलटन बंसी दिलीप मुन्ना पुत्रगण भगोल ने मेरे घर के बाहर आने जाने वाले सार्वजनिक इंटरलॉकिंग राष्ट्रीय को पूरी तरह से बंद कर दिया है हम अपने पूरे परिवार के साथ अपने ही घर में कैद होकर रह गए हैं जब उसका विरोध हमने किया तो उक्त विपक्षी जनों ने हम लोगों को गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी के चलते हम और मेरा पूरा परिवार काफी भयभीत है उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने प्राथमिक की समस्या सुनकर तुरंत राजस्व पुलिस टीम की संयुक्त टीम का गठन करके मौके पर जाकर इस मामले को तत्काल निश्तरित करने का आदेश दिया और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी सिखाती है उदा देवी की वीरगाथा : उपेन्द्र सिंह रावत



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नारी शक्ति 1857 के गदर की नायिका वीरांगना ऊदा देवी पासी जी की शहीदी दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेशीय पासी जागृति मण्डल एवं पारख महासंघ शाखा, बाराबंकी के संयुक्त तत्त्वाधान में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जेबरा पार्क निकट पल्हरी चौराहा, बाराबंकी से शांति पूर्वक कैण्डल मार्च नारी शक्ति वीरांगना ऊदा देवी पासी जी के चित्र पर माल्यार्पण ए पुष्पांजलि उपरांत कैण्डल मार्च निकाला गया। कैण्डल मार्च का नेतृत्व पासी जागृति मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री अमरीश कुमार रावत व पारख महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह रावत जी ने किया तथा कैंडल मार्च का समापन सतरिख नाका स्थित अम्बेडकर पार्क मैं कैण्डल लगाकर किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित नि0 वर्तमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत जी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए नारी शक्ति वीरांगना ऊदा देवी पासी जी की वीरगाथा का बखान करते हुए सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया और अपने समाज को अधिक मजबूत बनाने के लिए अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेने की बात कही तथा राष्ट्र के प्रति प्रत्येक नागरिक को अपने कर्त्तव्यों के प्रति सदैव तत्पर रहने का आवाहन किया। इसके साथ ही सभा को पासी जागृति मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री अमरीश कुमार रावत सहित दिनेश चन्द्र रावत निजी सचिव नि0 वर्तमान सांसद, सुनील कुमार रावत, रामानंद रावत, प्रदीप रावत ने भी संबोधित किया। सभा में कुलदीप रावत अतुल रावत, राजेश वर्मा, गेणश प्रसाद रावत, शिवकुमार रावत, संजीव रावत, लल्लन रावत, प्रदीप रावत, अतुल रावत, अनिल रावत, नीरज वर्मा, अशुतोष बैसवार, अतुल शुक्ला, श्रीकान्त प्रधान, नीरज रावत प्रधान, झब्बू लाल रावत, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस से दुर्व्यवहार पर धरे गए तीन सगे भाई

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना टिकैतनगर क्षेत्रान्तर्गत पिता के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट की सूचना पर पहुंचे पीआरवी कर्मियों के साथ अभद्रता करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार थाना टिकैतनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पडरावा में पिता पुत्र के मध्य विवाद हो रहा था जिसकी सूचना पर पीआरवी 5495 मौके पर पहुंची तो देखा विपक्षी उग्र होकर गाली गलौज कर रहा था, जिसे पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किया जा रहा था कि इसी बीच प्रदीप, रंजीत व नान पुत्रगण साकीशरन वर्मा द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता की गयी।उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना टिकैतनगर पुलिस द्वारा बीएनएस बनाम प्रदीप, रंजीत, नान उपरोक्त पंजीकृत कर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ में तहसील स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उत्साह वर्धन किया ।इस खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न विकास खंडों से आए हुए कुल 60 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।इस खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों द्वारा कुर्सी दोड़,50 मीटर दूर, रस्सा कसी ,सुलेख प्रतियोगिता ,आदि का आयोजन किया गया इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय हैदरगढ़ की प्रधानाध्यापक आशा गुप्ता, सावना मिश्रा,प्राथमिक विद्यालय बनवरगंज त्रिवेदीगंज के रोहित शुक्ला ,प्राथमिक विद्यालय शाहपुर देहवा, प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक व तहसील स्तर के समस्त स्पेशल एजुकेटर का पूर्ण सहयोग रहा।

# समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। मिशन शक्ति फ़ेज- 05 के दृष्टिगत ऑपरेशन खोज के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा आपरेशन खोज के तहत गुमशुदा बच्चों/ बालिकाओं/ महिलाओं हेतु रेलवे स्टेशन/ बस स्टेशन/ एनजीओ/ आश्रय ग्रहों आदि का भौतिक निरीक्षण कर बच्चों की बरामदगी के सम्बन्ध में विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया।

# यातायात जागरूकता के लिए बेलहरा के स्काउट गाइड के बच्चों से मांगा गया सहयोग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। शनिवार को यातायात माह जागरूकता के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज बेलहरा के स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से आम जनमानस को यातायात संबंधी जागरूकता की गई छात्र-छात्राओं द्वारा सभी को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक कर रहे थे साथ ही यातायात नियमों को बारीकी से समझा रहे थे कि आपका जीवन आपके परिवार के लिए कितना महत्वपूर्ण है। आप जब भी अपने घर से वाहन लेकर निकले तो हेलमेट लगाकर निकले, शराब पीकर कोई भी वहां ना चलाएं, अगर चार पहिया वाहन चला रहे हैं तो सीट बेल्ट का प्रयोग करें, दो पहिया वाहन पर तीन लोग ना बैठे, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें, यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। इस यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संचालन यातायात प्रभारी राम यतन द्वारा किया गया जिसमें दो पहिया वाहन पर बैठी तीन सवारी,बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट का प्रयोग करने वालों वाहन चालकों को यातायात तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध परिवर्तन की कार्यवाही की गई जिसमें जनपद में कुल 1346 चालान किए गए। हेलमेट पर 831 चालान, सीट बेल्ट पर 33 चालान, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी के विरुद्ध 31 चालान,डीएल पर 87चालान तथा अन्य विभिन्न धाराओं में कुल 563 चालान किए गए हैं।

# वीरांगना ऊदा देवी पासी का नाम स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरो में अंकित : सांसद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी।1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय साहस एवं बलिदान का परिचय देने वाली महान वीरांगना ऊदा देवी पासी जी का नाम स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरो में अंकित है। उन्होने 16 नवम्बर 1857 को अवध क्षेत्र में अपनी वीरता का परिचय देते हुये 36 अंग्रेज सैनिको को मौत के घाट उतार कर वीरगति को प्राप्त हो गयी। स्वतंत्रता संग्राम की यह घटना भारतीय इतिहास में साहस बलिदान एवं आत्मसम्मान की एक अद्वितीय मिशाल है। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया ने शनिवार को अपने ओबरी आवास पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अद्वितीय साहस और बलिदान का परिचय देने वाली नायिका माता ऊदा देवी पासी की शहादत दिवस पर कंाग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि माता ऊदा देवी पासी ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जिस साहस व समर्पण का परिचय दिया वह आज के समाज के लिये अमूल्य प्रेरणास्रोत है उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि यदि बात देश की हो तो हमे किसी भी प्रकार के अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ खडा होना चाहिये। 1857 के संग्राम में जब देश पर अंग्रेजी सेनाओ का अत्याचार बढ रहा था तब वीरांगना ऊदा देवी ने न केवल अपने पति का बलिदान देखा बल्कि स्वयं भी बन्दूक उठाकर दुश्मनो के छक्के छुडाते हुये पेड पर चढकर अंग्रेजो पर हमला बोल दिया और आखिरी सांस तक लडते हुये बलिदान हो गयी।

जिला कंाग्रेस अध्यक्ष मो.मोहसिन ने कहा कि महान वीरांगना ऊदा देवी पासी जी का बलिदान हमें यह संदेश देता है कि जब अन्याय और अत्याचार अपनी चरम सीमा पर हो तो समाज के हर वर्ग और समुदाय को एक जुट होकर जालिम के साथ लडाई लडनी चाहिये।इस अवसर पर आदर्श पटेल, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी, अजय रावत, रामहरख रावत, केसी श्रीवास्तव, आमिर अय्यूब किद्वाई आदि उपस्थित रहे।

# आगामी लोक अदालत में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये : श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। पंकज कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी की श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एवं श्री इन्द्रसेन अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/ नोडल अधिकारी प्रशासन राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित-14.12.2024 के आयोजनार्थ राजस्व न्यायालयों पर विचाराधीन वाद/प्री-लिटिगेशन वाद, विभिन्न विभागों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने एवं लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के उद्देश्य हेतु जनपद बाराबंकी के समस्त विभागों के नामित नोडल अधिकारियों के साथ विचार विमर्श बैठक की गई। श्री श्रीकृष्ण द्वारा बताया गया कि आप सभी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित- 14.12.2024 को सफल बनाये जाने हेतु अपने विभागों में ऐसे लंबित वाद जो राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये जा सकते है उनको ज्यादा से ज्यादा चिन्हित कर उनका निस्तारण किया जाये एवं निस्तारित वादों की सूचना दिनांक-14.12.2024 को सायं 03:00 बजे तक आवश्यक रूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्राप्त कराये जिससे सभी विभागों की सूचना पोर्टल पर अपलोड की सके। प्रशासनिक स्तर पर उक्त लोक अदालत का प्रचार प्रसार लेखपाल, आशा बहू, आगंनबाड़ी कार्यकर्ती आदि से कराये जाने एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों के सहयोग से प्रभात फ़ेरी इत्यादि द्वारा भी प्रचार प्रसार कराने एवं मनोरंजन विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं द्वारा भी व्यापक प्रचार प्रसार कराने हेतु सुझाव दिये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर अधिक से अधिक मामलों का चिन्हांकन कर उनका अधिक से अधिक निस्तारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया। उपस्थित अधिकारीगण द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रतिभाग करने हेतु हर संभव प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर इन्द्रसेन अपर जिलाधिकारी,हर्षित चौहान क्षेत्राधिकारी, कमलेश चौबे कर निर्धारण अधिकारी,दिनेश कुमार उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग,आशोक कुमार सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग,शैलेन्द्र सिंह कैनाल मजिस्ट्रेट,राजेश कुमार सिंह जन सम्पर्क अधिकारी मोहन लाल यादव श्रम प्रवर्तन अधिकारी, गजेन्द्र कुमार प्रसाद आबकारी निरीक्षक,अंकित सिंह प्रभारी अग्रणी जिला प्रबन्धक, एसके मिश्रा बाट माप विभाग,सरस वर्मा कनिष्ठ सहायक उद्यान विभाग,संतोष कुमार सिंह कनिष्ठ सहायक पशुपालन विभाग एवं अनुराग सिंह कनिष्ठ सहायक समाज कल्याण विभाग से उपस्थित आये।





## शास्त्री ने की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय एकादश की भविष्यवाणी

एजेंसी

मुंबई। बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा के व्यक्तिगत कारणों से बाहर रहने की अटकलों के बीच पूर्व स्पिनर रवि शास्त्री का मानना है कि के एल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन के नाम पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर चुनाव हो सकता है। 22 नवंबर से शुरु होने वाले पहले टेस्ट में रोहित की संभावित अनुपस्थिति भारत के शीर्ष क्रम पर काफी सवालिया निशान लगाती है, जबकि प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की चोट और स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की हालिया फॉर्म इस बात को लेकर अधिक उत्सुकता बढ़ाती है कि चयनकर्ता किस तरह से अंतिम एकादश बनाएंगे। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के हालिया एपिसोड में कहा कि अगर रोहित पहले टेस्ट में चूक जाते हैं तो भारत के पास कई विकल्प हैं, अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल और साथी दाएं हाथ के अभिमन्यु ईश्वरन बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर युवा खिलाड़ी यशस्वी जयसवाल के सबसे संभावित साझेदार हैं लेकिन शास्त्री का मानना है कि पर्थ के संभावित उछाल वाले विकेट पर नियमित नंबर तीन शुभमन



गिल को सलामी बल्लेबाज की भूमिका में बढ़ावा देना सबसे अच्छा फैसला हो सकता है। शास्त्री ने कहा, यह कठिन है और चयनकर्ताओं के पास विकल्प है। आप गिल को बल्लेबाजी क्रम में पीछे धकेल सकते हैं और वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया में ओपनिंग कर चुके हैं। अन्यथा, आपको फिर कोई विकल्प बनाना होगा। ईश्वरन ने ऑस्ट्रेलिया में भारत ए के लिए उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन वह नेट्स में कैसे बल्लेबाजी कर रहे हैं, राहुल नेट्स में कैसे बल्लेबाजी कर रहे हैं। शास्त्री टेस्ट मैच से पहले नेट्स में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चुनने में दृढ़ विश्वास रखते हैं। भारतीय दिग्गज ने कहा कि अगर वह अभी भी प्रभारी होते तो वह प्रशिक्षण में उन सभी बल्लेबाजों पर कड़ी नजर रखते जो एकादश में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्ल'एक कोच के तौर पर मैं हमेशा फुटवर्क देखता था।कभी-कभी रन महत्वपूर्ण नहीं होते हैं, लेकिन अगर कोई खिलाड़ी अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है, और अगर पैर अच्छे से चल रहे हैं, और आप उसके खेल को समझने की कोशिश करते हैं और आपको पता चलता है कि क्या उसके पास उन परिस्थितियों के लिए खेल है, अगर उसके पास इस प्रकार की पिचों के लिये सभी तरह के शॉट हैं तो आपको इन चीज़ों पर ध्यान देना होता है। उन्होंने कहा, मैं नेट पर एक बाज़ की तरह उन पर नजर रखूंगा,क्योंकि एक गेंदबाज के रूप में मेरे लिए लय महत्वपूर्ण है और एक बल्लेबाज के रूप में, फिर से, गति और लय महत्वपूर्ण है। ऋषभ पंत को विकेटकीपर के रूप में मौका मिलना निश्चित है, बैकअप कीपर ध्रुव जुरेल ने एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ हाल ही में भारत ए के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन करके पर्थ में चयन के लिए एक मजबूत तर्क पेश किया है। कम स्कोर वाले मुकाबले में 80 और 68 के स्कोर का योगदान देकर जुरेल एक श्रेणी से ऊपर दिखे और शास्त्री का मानना है कि 23 वर्षीय खिलाड़ी पर्थ में चौथा टेस्ट कैप जीतने के लिए काफी शांत दिख रहे थे। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि वह आसानी से एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं। जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह उनका स्वभाव, मुश्किल समय में उनकी शांति है। दबाव में, आप बहुत सारे खिलाड़ियों को संघर्ष करते हुए देख सकते हैं। आप उन्हें बेचैन होते हुए देख सकते हैं, लेकिन इस लड़के के मामले में, उसका स्वभाव अलग था। उन्होंने कहा, कि इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भी वह आगे आए। इसलिए मैंने जो देखा वह मुझे पसंद आया और अगर वह अच्छी स्थिति में हैं तो मैं उन्हें मौका देने के लिए तैयार हूं। मुझे लगता है कि उनकी फॉर्म को देखकर, उन्होंने 80 और 60 रन बनाए, इससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ जाएगा और उसके पास शॉट्स की रेंज भी है। ऐसा नहीं है कि वह वहां सिर्फ अवरोधक है, वह शॉट खेल सकता है। वह पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसीलिए ये महत्वपूर्ण हो जाता है. यदि आप शुबमन को क्रम में ऊपर भेजते हैं, तो यह आपको मध्य क्रम में अधिक विकल्प देता है।

## भारत ने टी-20 प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका में रचा इतिहास, लगाई रिकार्डों की झड़ी

एजेंसी

जोहान्सबर्ग। भारत ने चौथे टी-20 में 283 रन का स्कोर खड़ा कर दक्षिण अफ्रीका में इतिहास रच दिया है। भारत का 283 रन का स्कोर दक्षिण अफ्रीका में टी20 मैच में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। तिलक वर्मा और संजू सैमसन के शतकों की बदौलत भारत चेक गणराज्य और जापान के बाद सिर्फ़ तीसरी अंतरराष्ट्रीय टीम बन गई है, जिसके दो बल्लेबाजों ने एक ही टी20 पारी में शतक बनाए हैं। अपनी पारी के दौरान, भारत ने 23 छक्के लगाए, जो एक टी20आई पारी में तीसरे सबसे ज्यादा छक्के हैं। इसके अलावा दो पूर्ण सदस्य पक्षों के बीच एक टी20आई में सबसे ज्यादा छक्के का भी रिकार्ड है। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के बीच नाबाद 210 रनों की साझेदारी अब टी20आई में भारत के लिए किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। तिलक वर्मा ने 47 गेंदों पर 120 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिससे वह संजू सैमसन के बाद



दूसरे भारतीय और टी20आई क्रिकेट में लगातार शतक बनाने वाले कुल पांचवें खिलाड़ी बन गए। संजू सैमसन ने 56 गेंदों पर 109 रन बनाकर पिछले पांच टी20आई में अपना तीसरा शतक बनाया। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस जीतकर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए ओपनिंग करते हुए 73 रनों की ठोस साझेदारी की। अभिषेक ने 2 चौके और 4 छक्के लगाते हुए 18 गेंदों मे 36 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन छठे ओवर में लुथो सिपामला ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। इसके बाद तिलक वर्मा और सैमसन ने आतिशी पारी खेली। 18वें ओवर में संजू सैमसन ने सिर्फ 51 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, इसके बाद अगले ही ओवर में तिलक वर्मा ने अपना दूसरा टी20 शतक बनाया। सैमसन और तिलक के बीच रिकॉर्ड तोड़ 210 रनों की साझेदारी से भारत ने 20 ओवरों में 1 विकेट पर 283 रनों का विशाल स्कोर बनाया। सैमसन ने 51 गेंदों पर 109 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि तिलक ने सिर्फ 47 गेंदों पर नाबाद 120 रनों की पारी खेली। दवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 19 ओवर में 148 रनों पर सिमट गई। मेजबान टीम के लिए , ट्रिस्टन स्टब्स (29 गेंदों पर 43 रन, 3 चौके और 2 छक्के) और डेविड मिलर (27 गेंदों पर 36 रन, 2 चौके और 3 छक्के) शीर्ष स्कोरर रहे।

## रोहित की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया, भारतीय कप्तान के पर्थ टेस्ट में खेलने की संभावना बढ़ी

एजेंसी

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है जिससे इस सलामी बल्लेबाज की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलने की संभावना बढ़ गई है। रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ने शुक्रवार रात यहां एक स्थानीय अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। रोहित बेटे के जन्म के कारण भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया नहीं गए थे। इस दंपति की एक बेटी समायरा है, जिसका जन्म 2018 में हुआ था। पहला टेस्ट शुरू होने में अब एक सप्ताह से भी कम समय बचा है और यह स्पष्ट नहीं है कि जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर भी रोहित कुछ अभ्यास सत्र के बाद ही मैच में खेलेंगे या नहीं। अभी किसी भी तरह की संभावना से इनकार नहीं किया



जा सकता। रोहित का पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध था, भले ही मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय कप्तान मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। रोहित भले ही इस समय अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं लेकिन भारतीय शीर्ष क्रम अभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है और ऐसे में टीम को कप्तान और सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी सख्त जरूरत है। उनके विकल्प के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन और केएल राहुल टीम में शामिल हैं लेकिन यह दोनों भी रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राहुल की कोहनी में भी चोट लगी है, हालांकि माना जा रहा है कि यह गंभीर नहीं है। इन दोनों खिलाड़ियों ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए मजबूत दावा पेश नहीं किया है।

## टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, इंजरी के कारण बाहर हुए जेसन होल्डर

एजेंसी

एंटीगुआ। क्रेग ब्रेथवेट बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। दोनों खेल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। वर्तमान में, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज 27.50 और 18.52 के अंक प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में क्रमशः 8वें और 9वें स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज को अपने पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज जेसन होल्डर की कमी खलेगी जो कंधे की चोट का पुनर्वास जारी रखे हुए हैं। टीम में अनुभवी और उभरती प्रतिभाओं का एक रोमांचक मिश्रण है, जिसमें फॉर्म में चल रहे जस्टिन ग्रीव्स हैं, जिन्होंने घरेलू सफ़ेद गेंद प्रतियोगिता में सनसनीखेज प्रदर्शन किया है, जिससे बल्लेबाजी रैंक में वृद्धि हुई है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि केविन सिंक्लेयर भी एक अतिरिक्त स्पिन विकल्प के रूप में टीम में लौट आए हैं। टेस्ट टीमः क्रैग ब्रैथवेट




(कप्तान), जोशुआ दा सिल्वा (उप-कप्तान), एलिक अथानाज़, कीसी कार्टी, जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, टेविन इमलाच, अल्ज़ारी जोसेफ, शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, जेडेन सील्स, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन। किंग्स्टन में दूसरा टेस्ट होने से पहले, दो मैचों की श्रृंखला 22 नवंबर को नॉर्थ साउंड में शुरू होगी। टेस्ट सीरीज का पहला मैच नॉर्थ साउंड में 22-26 नवंबर और दूसरा टेस्ट, किंग्स्टन में 30 नवंबर से चार दिसंबर के बीच खेला जायेगा। वनडे सीरीज में पहला मैच आठ दिसंबर, दूसरा दस और तीसरा 12 दिसंबर को बासेटेरे में खेला जायेगा। टी20 सीरीज में पहला मैच किंग्सटाउन में 16 दिसंबर,दूसरा 18 दिसंबर और तीसरा 20 दिसंबर को किंग्सटाउन में खेला जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित जस्टिन ग्रीव्स, केविन सिंक्लेयर की वापसी

**सेंट जॉन्स।** फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स और स्पिनर केविन सिंक्लेयर की 22 नवंबर से नॉर्थ साउंड में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टेस्ट टीम में वापसी हुई है। क्रेग ब्रैथवेट की अगुआई वाली इस टीम में अनुभवी, फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों और नई प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। ग्रीव्स ने घरेलू व्हाइट-बॉल प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद वापसी की है, जिसमें उन्होंने तीन शतक जड़े थे। सिंक्लेयर भी एक मूल्यवान स्पिन गेंदबाजी विकल्प के रूप में टीम में वापस आ गए हैं, जबकि जेसन होल्डर कंधे की चोट के कारण पुनर्वास के लिए सीरीज से बाहर रहेंगे। इस बीच, टेस्ट सीरीज से पहले, टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट 17 और 18 नवंबर को एंटीगुआ के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड पर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिए सीडब्ल्यूआई सिलेक्ट इलेवन टीम का नेतृत्व करेंगे। मुख्य कोच आंद्रे कोली ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज दो उभरती हुई टीमों के बीच एक प्रतिस्पर्धी मुकाबला होगा। दो दिवसीय अभ्यास मैच और प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से सीरीज की तैयारी हमें सर्वश्रेष्ठ संभव तैयारी प्रदान करेगी, क्योंकि वे अनुभवी और उभरते हुए दोनों खिलाड़ियों को टेस्ट सीरीज से पहले अपने कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करेंगे। बांग्लादेश 4 दिसंबर को किंग्स्टन में दूसरे टेस्ट के समापन के बाद तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करेगा। वर्तमान में, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में सबसे निचले पायदान पर हैं। वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम इस प्रकार है: क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जोशुआ दा सिल्वा (उपकप्तान), एलिक अथानाज़े, कीसी कार्टी, जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, जेडन सील्स, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन।

### पॉल पोग्बा और जुवेंटस ने आपसी सहमति से अलग होने का किया फैसला


**ट्यूरिन।** पॉल पोग्बा और जुवेंटस ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है क्योंकि फ्रांसीसी मिडफील्डर को फुटबॉल से 18 महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ रहा है। सितंबर 2023 में नियमित ड्रग टेस्ट के दौरान 2018 विश्व कप विजेता को डीएचईए के लिए सकारात्मक पाया गया, जो टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने वाला पदार्थ है। इतालवी क्लब के साथ पोग्बा का अनुबंध आधिकारिक तौर पर 30 नवंबर, 2024 को समाप्त हो जाएगा, 31 वर्षीय पोग्बा मार्च 2025 में पिच पर वापसी की तैयारी कर रहे हैं। जुवेंटस द्वारा जारी एक बयान में, क्लब ने ट्यूरिन में अपने समय के दौरान पोग्बा के योगदान को स्वीकार किया और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की। बयान में कहा गया, ''जुवेंटस फुटबॉल क्लब और पॉल पोग्बा ने घोषणा की है कि वे 30 नवंबर 2024 तक अपने अनुबंध को समाप्त करने के लिए आपसी समझौते पर पहुँच गए हैं। क्लब पॉल को उनके पेशेवर भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देता है। पोग्बा ने क्लब और उसके प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''जुवेंटस में मेरा समय समाप्त हो गया है। बियानकोनेरी शर्ट पहनना और साथ में इतने सारे खास पल साझा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है। मैं उन यादों को संजो कर रखूँगा जो हमने बनाई हैं। शुरुआत में चार साल का निलंबन झेलने वाले पोग्बा ने प्रतिबंध को घटाकर 18 महीने करने के लिए कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में सफलतापूर्वक अपील की। मिडफील्डर ने निलंबन हटने के बाद और मजबूत वापसी करने का दृढ़ संकल्प बनाए रखा है। जुवेंटस समर्थकों को समर्पित एक भावपूर्ण इंस्टाग्राम पोस्ट में, पोग्बा ने ट्यूरिन में अपने समय के दौरान प्रशंसकों के साथ साझा किए गए बंधन को दर्शाया। उन्होंने लिखा, ''ऐसे क्षण होते हैं जब चीजें उस तरह नहीं होतीं जैसा हम चाहते हैं, लेकिन एक बात निश्चित है: मेरे और आपके बीच का बंधन, प्रिय प्रशंसकों, अविस्मरणीय रहेगा। आपने मुझे इतना कुछ दिया है, जितना मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता, और मैं हमेशा आपके द्वारा दिए गए सभी स्नेह को अपने साथ रखूंगा। आप हमेशा मेरे दिल में रहेंगे। शुभकामनाएं, जुवेंटस। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, पोग्बा लीग 1 में जाने की सोच रहे हैं, जिसमें मार्सिले एक संभावित गंतव्य के रूप में उभर रहा है। फ्रांसीसी फुटबॉल में वापसी से पूर्व मैनचेस्टर यूनाइटेड स्टार को अपने करियर को फिर से जीवंत करने और अपने निलंबन के समाप्त होने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने का मौका मिल सकता है।

## सीबीडीटी ने टैक्सपेयर्स के लिए विदेशी स्रोतों से आय की जानकारी देने का शुरू किया अभियान

**आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अनुपालन-सह-जागरुकता अभियान की शुरुआत की**

एजेंसी


नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने करदाताओं को विदेशी परिसंपत्तियों की अनुसूची को सही ढंग से पूरा करने और अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) में विदेशी स्रोतों से इनकम की रिपोर्ट करने में सहायता के लिए आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अनुपालन-सह-जागरुकता अभियान शुरू किया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि सीबीडीटी ने करदाताओं को आईटीआर में अनुसूची विदेशी संपत्ति (अनुसूची एफए) को सही ढंग से पूरा करने और विदेशी स्रोतों (अनुसूची एफएसआई) से




इनकम की रिपोर्टिंग करने में सहायता के लिए आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अनुपालन-सह-जागरुकता अभियान शुरू किया है। सीबीडीटी के अनुसार काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत अनुसूची एफए और एफएसआई का अनुपालन अनिवार्य है, जिसके तहत विदेशी संपत्ति और आय का पूरा खुलासा करना आवश्यक है। आयकर विभाग की ओर से 16 नवंबर, 2024 को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक यह पहल विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है और करदाता अनुपालन को सरल बनाने और मानवीय संपर्क को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए आयकर विभाग की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। सूचना के स्वचालित आदान-प्रदान ( एइओआई) के जरिए प्राप्त डेटा का लाभ उठाकर, विभाग एक अधिक कुशल, करदाता-अनुकूल प्रणाली बनाने के लिए काम कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सीबीडीटी को उम्मीद है कि सभी पात्र करदाता इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी कर जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ-साथ देश के आर्थिक विकास में योगदान देंगे। यह प्रयास न केवल विकसित भारत के लिए सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और स्वैच्छिक अनुपालन की संस्कृति को भी बढ़ावा देता है। अधिसूचना के मुताबिक विदेशी परिसंपत्तियों की अनुसूची को पूरा करने के लिए विस्तृत, चरण-दर-चरण मार्गदर्शन के लिए, करदाताओं को आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.incometax.gov.in पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जहां उनकी सहायता के लिए संसाधन और समर्थन आसानी से उपलब्ध हैं।

## जेक पॉल ने दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन को हराया

एजेंसी



नई दिल्ली। युवा यूट्यूबर से मुक्केबाज बने जेक पॉल ने शुक्रवार रात 58 वर्षीय पूर्व हेवीवेट चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन पर सर्वसम्मति से जीत हासिल की। जजों के अनुसार मुकाबला करीबी नहीं था, एक ने पॉल को 80-72 की बढ़त दी, जबकि अन्य दो ने इसे 79-73 बताया। टायसन शुरुआती घंटी बजने के तुरंत बाद पॉल के पीछे आए और कुछ तेज़ मुक्के मारे, लेकिन बाकी समय उन्होंने कुछ और करने की कोशिश नहीं की। यह लगभग 20 वर्षों में टायसन का पहला स्वीकृत पेशेवर मुकाबला था, जहां उनका सामना एक नौसिखिए मुक्केबाज से था। टायसन के शुरुआती सेकंड में तेज धमाके के बाद पॉल अधिक आक्रामक हो गए, लेकिन मुक्के बहुत प्रभावी नहीं थे। कई बार उन्होंने बेतहाशा वार किए और चूक गए, हालांकि इसके बाद भी उन्होंने अंत में जीत दर्ज की। यह टायसन के लिए 2005 के बाद से पहली स्वीकृत लड़ाई थी, जबकि पॉल ने चार साल से थोड़ा अधिक समय पहले लड़ना शुरू किया था। यह मुकाबला मूलतः 20 जुलाई को होना था, लेकिन उड़ान के दौरान बीमार पड़ने के बाद पेट के अल्सर के उपचार के लिए टायसन को ले जाया गया, जिसके कारण इसे स्थगित करना पड़ा।

## एयरएशिया ने पोर्ट ब्लेयर से कुआलालंपुर के बीच शुरू की अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा

एजेंसी

नई दिल्ली। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए ऐतिहासिक दिन है। एयरएशिया एयरलाइन ने वीर सावरकर एयरपोर्ट से पहली इंटरनेशनल उड़ान सेवा की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही एयरएशिया पोर्ट ब्लेयर से अंतरराष्ट्रीय सेवा शुरू करने वाली पहली विमानन कंपनी बन गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एयरएशिया ने पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर हवाई अड्डे से अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। कुआलालंपुर से पहली उड़ान सुबह 10:20 बजे 120 यात्रियों को लेकर यहां उतरी, जिनमें मुख्य रूप से मलेशिया और जापान के पर्यटक थे। वीर सावरकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के आधे घंटे बाद विमान 150 यात्रियों के साथ कुआलालंपुर के लिए उड़ान भरी। एयरएशिया के मुख्य हवाई अड्डा और




ग्राहक अनुभव अधिकारी केसवन शिवानंदम ने बताया कि मलेशियाई और जापानी पर्यटकों समेत 120 यात्रियों के साथ एयर एशिया की उड़ान कुआलालंपुर से पोर्ट ब्लेयर सुबह के 10:20 बजे पहुंची। इसके आधे घंटे बाद 10:55 बजे 150 यात्रियों के साथ यह वापस कुआलालंपुर के लिए रवाना हुई। उन्?होंने कहा कि एयरएशिया पोर्ट ब्लेयर से अंतरराष्ट्रीय सेवा शुरू करने वाली पहली वाहक बन गई। एयरएशिया कुआलालंपुर और पोर्ट ब्लेयर के बीच सप्ताह में तीन दिन उड़ान सेवा संचालित करेगी।

## सात दिनों की गिरावट के बाद सोने में तेजी का रुख, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। लगातार 7 दिनों तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली तेजी नजर आ रही है। वहीं, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज सोना 120 रुपये से लेकर 130 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 75,920 रुपये से लेकर 75,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 69,610 रुपये से लेकर 69,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 89,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की



राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 69,510 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 75,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 69,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 75,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 69,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 75,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 69,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# प्रेस हमारे लोकतंत्र का एक सशक्त स्तंभ बना रहेगा : वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल मीडिया के कारण सामाजिक एकता और पारंपरिक मीडिया के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का हल ढूंढ़ने और जवाबदेही के साथ विश्वसनीयता बढ़ाने पर बल दिया है और आशा जताई है कि प्रेस हमारे लोकतंत्र का एक सशक्त स्तंभ बना रहेगा।

श्री वैष्णव ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना देसाई ने की तथा भारतीय मीडिया में आए बदलावों पर प्रख्यात पत्रकार कुंदन रमणलाल व्यास और सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू ने भी विचार साझा किये। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि मीडिया के बदलते परिदृश्य के कारण हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें एक समाज के रूप में इसका ठोस समाधान ढूंढ़ना होगा। हमें एक देश के रूप में इसके प्रति संवेदनशील होना होगा। हमें विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न तकनीकों के अग्रदूतों के रूप में इन प्रमुख समस्याओं का समाधान खोजना होगा। हमें इस पर खुली बहस करनी होगी और आम सहमति बनानी होगी। हमें इस पर अधिक चर्चाएँ करनी होंगी और हमें राजनीति से ऊपर उठना होगा क्योंकि ये चुनौतियाँ हमारे समाज के ताने-बाने को प्रभावित कर रही हैं। आने वाले दिनों में ये चुनौतियाँ और भी प्रमुख और अधिक प्रबल होने वाली हैं। श्री वैष्णव ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि यह दिन समाज में प्रेस और मीडिया का योगदान याद करने का दिन है। यह मीडिया की दुनिया में आए बदलावों को स्वीकार करने और इन परिवर्तनों के कारण हमारे समाज के सामने आने वाली नई चुनौतियों को समझने का समय भी है। पिछली सदी में दो बार दमनकारी ताकतों से आज़ादी के लिए हमारे संघर्ष में प्रेस के योगदान यादगार रहा है। पहला ब्रिटिश शासन से आज़ादी पाने के लिए लंबी लड़ाई थी। और दूसरा आपातकाल के काले वर्षों से हमारे लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी। हमें इन



संघर्षों को नहीं भूलना चाहिए क्योंकि इतिहास खुद को दोहराता है और जो लोग इतिहास भूल जाते हैं, उन्हें फिर उन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि भारत में एक जीवंत प्रेस है। यह मुखर है। इसमें हर तरफ से राय आती है। कुछ एकतरफा हैं और कुछ मध्यमार्गी। लोकतंत्र की जननी में 35000 से अधिक पंजीकृत दैनिक समाचार पत्र हैं। समाचार चैनलों की संख्या में वृद्धि हो रही है। और तेजी से फैल रहा डिजिटल इकोसिस्टम मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से करोड़ों नागरिकों तक पहुंच रहा है। डिजिटल क्षेत्र में किए गए निवेश के कारण नेटवर्क के व्यापक प्रसार के साथ ही हमारे पास दुनिया में सबसे सस्ता डेटा भी है। इस सामर्थ्य ने भारत में मीडिया के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। सूचना प्रसारण मंत्री ने प्रौद्योगिकी संचालित मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र के कारण उत्पन्न समाज के सामने चार बड़ी चुनौतियों की चर्चा की जिनका सामना हमारा समाज मीडिया और प्रेस के क्षेत्र में हो रहे विकास और परिवर्तनों के कारण कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहली चुनौती फर्जी खबरें और गलत सूचना की चुनौती है। फर्जी खबरों का तेजी से फैलना न केवल मीडिया के लिए बड़ा खतरा है, क्योंकि इससे विश्वास कम होता है, बल्कि यह लोकतंत्र के लिए भी बड़ा खतरा है। चूंकि ये प्लेटफॉर्म्स अपने यहां पोस्ट की गई जानकारी को सत्यापित नहीं करते, इसलिए लगभग सभी प्लेटफॉर्म पर झूठी और भ्रामक जानकारी बहुतायत में पाई जा सकती है। इससे बहुत जागरूक माने जाने वाले नागरिक भी ऐसी गलत सूचनाओं के जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि आखिर इन प्लेटफार्मों पर प्रकाशित सामग्री की जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर सुरक्षित पोर्टल की प्रासंगिकता पर बहस चल रही है। यह एक ऐसी अवधारणा है जो 1990 के दशक में आई थी जब इंटरनेट विकसित हो रहा था। वह समय था जब डिजिटल माध्यम की उपलब्धता कुछ चुनिंदा लोगों खास कर ज़्यादातर विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में तक ही सीमित थी। आज डिजिटल माध्यम एकसाथ कई लोगों के लिए उपलब्ध है। यह इतना व्यावहारिक रूप से आम है, इतना प्रचलित है। शहरों में आप जितने भी लोगों को देखते हैं और ग्रामीण इलाकों में बड़ी आबादी के हाथ में मोबाइल है और डिजिटल माध्यम से दुनिया तक उनकी पहुँच है। सुरक्षित पोर्टल की अवधारणा पर बहस इस समय दुनिया के कई हिस्सों में, कई विकसित और विकासशील देशों में चल रही है। श्री वैष्णव ने कहा कि आज यह सर्वविदित है कि कई दंगे हुए हैं, जिनमें से कुछ विकसित देशों में हुए हैं, कई आतंकवादी घटनाएं हुई हैं, कई अमीर देशों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप हुआ है।

## देश में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की भूमिका महत्वपूर्ण: ओम बिरला

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि लेखा परीक्षा (ऑडिट) का कार्य अपने आप में समावेशी है। किसी विभाग की कार्य कुशलता, दक्षता और कार्योत्पादकता बढ़ाने में यह मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। ऐसे में देश में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की महत्वपूर्ण भूमिका है।

ओम बिरला ने चौथे लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित सीएजी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने में सीएजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने देश की लेखा परीक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, दुनिया के कई देश आज हमारी लेखा परीक्षा प्रणाली से सीखने के लिए भारत आते हैं। यह हमारी लेखा प्रणाली की प्रामाणिकता दर्शाता है। बिरला ने कहा कि सीएजी हमारी लोकतांत्रिक संरचना का प्रमुख भाग है, जिसने यह सुनिश्चित किया है कि सार्वजनिक धन का उपयोग नागरिकों के कल्याण और राष्ट्र के विकास में कुशलतापूर्वक व प्रभावी ढंग से किया जाए। इसी क्रम में उन्होंने संसद का जिक्र कर कहा कि भारत के लोकतंत्र में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हमारी यह परम्परा रही है कि संसद की लोक लेखा समिति का चेयरपर्सन प्रतिपक्ष का सदस्य ही नियुक्त किया जाता है। सीएजी ने पिछले कुछ समय में कई सकारात्मक पहल की हैं। आज विश्व की अग्रणी लेखा परीक्षा प्रणालियों में प्रतिष्ठित है। नए प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ वित्तीय अनुशासन की दिशा में हमारी ऑडिट प्रणाली में हो रहे निरंतर बदलाव सुखद हैं।

## विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहे जनजाति समाज : उप राष्ट्रपति

उदयपुर। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जनजाति समुदाय को भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक ताकत बताते हुए कहा कि इनकी जीवनशैली, परंपराएं और मूल्य देश को स्थिरता और समृद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने जनजाति समाज को विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहने और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। उप राष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को उदयपुर जिले के जनजाति बहुल कोटड़ा में वनवासी कल्याण परिषद की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित जनजाति गौरव महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।

# महाराष्ट्र में गूंज रहा है- भाजपा-महायुति के साथ गति है, गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महायुति सरकार के ढाई साल के कार्यकाल से महाराष्ट्र के लोग काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा-महायुति के साथ गति है, गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है। महाराष्ट्र के लोग चाहते हैं कि यह सरकार अगले पांच साल तक चलती रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के ज़रिए महाराष्ट्र के भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि महायुति सरकार के ढाई साल के कार्यकाल से महाराष्ट्र के लोग काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, ्मैं जहां भी गया, मैंने यह स्नेह देखा है। वो भी चाहते हैं कि अगले पांच साल यही सरकार रहनी चाहिए। महाराष्ट्र में गूंज रहा है- भाजप-महायुती आहे, तर गती आहे, महाराष्ट्राची प्रगती आहे यानी भाजपा-महायुति के साथ गति है, गति के साथ महाराष्ट्र प्रगति कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं में से एक से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महायुति सरकार समाज के हर वर्ग के सशक्तीकरण के लिए प्रयास कर रही है। हमारी सरकार और अघाड़ी सरकार के बीच यही मुख्य अंतर है और लोग इस अंतर को स्पष्ट रूप से महसूस कर सकते हैं। कांग्रेस के बुरे इरादों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सामूहिक प्रगति की कल्पना करती है, जहां सभी को आगे बढ़ने का अवसर मिले। कांग्रेस अपने इतिहास से अच्छी तरह वाकिफ है- जब एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय कम जागरूक थे, तब उन्होंने केंद्र में पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का आनंद लिया। हालांकि, जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए, कांग्रेस का प्रभुत्व कम होने लगा। अब, कांग्रेस इन समुदायों के बीच गहरी खाई पैदा करना चाहती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका विरोध करने वाली कोई ताकत न बचे। राधानगरी के बूथ अध्यक्ष विनोद कुलकर्णी ने मोदी से बात करते हुए बताया कि उनके बूथ के लोग सरकार की योजनाओं से बहुत खुश हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें इन योजनाओं के लाभों के बारे में लोगों को बताने, उनकी चिंताओं को सुनने और उन्हें हल करने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना की सफलता पर भी प्रकाश डाला, जिसने न केवल बिजली के बिलों को शून्य कर दिया है, बल्कि लोगों को बिजली के माध्यम से आय उत्पन्न करने में भी सक्षम बनाया है। भाजपा के शीर्ष नेता मोदी ने हर कार्यकर्ता से चुनाव के अंतिम दिनों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आग्रह किया।

# स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: मांझी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार को लेकर जोर-शोर से काम कर रही है और हम स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन करने वाले उद्यमियों की भी हर तरह से मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री मांझी ने शनिवार को यहां के प्रतिगति मैदान में चल रहे 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2024 में भारत मंडपम के हॉल नंबर छह में खादी इंडिया के पवेलियन का उद्घाटन किया। इस मौके पर एमएसएमई राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे और खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान श्री मांझी कई स्टॉलों पर गए और उद्यमियों से बात कर के उनकी समस्याएं सुनी तथा उन्हें सरकार की



ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी केंद्र में सत्ता में आने के बाद स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन जोर दे रहे हैं तथा देश और विदेशों में भारतीय उत्पादों का प्रसार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उत्पाद करने वाले उद्यमियों को सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये तक का मुद्रा ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खादी सहित विभिन्न तरह के स्वदेशी वस्तुओं का उत्पाद करने वाले उद्यमियों की हर तरह से मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार यहां 'नये भारत की नयी खादी' की विकास यात्रा, खादी का कल और आज के साथ ही अमृत काल में नये भारत की नयी खादी के नये वस्त्र कैसे है, का चित्रण किया गया है। इस वर्ष खादी पवेलिन में कुल 225 स्टॉल स्थापित किये गये हैं, जिनमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अलग-अलग क्षेत्रों के कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों द्वारा भारत की समृद्ध विरासत, शिल्प कौशल तथा हस्तकला को प्रदर्शित किया गया है। इन स्टालों में से लगभग 40 प्रतिशत स्टॉल 'खादी' निर्माण से जुड़ी संस्थाओं को आवंटित हैं और शेष लगभग 60 प्रतिशत स्टॉल ग्रामोद्योग, पीएमईजीपी और स्फूर्ति की इकाइयों हेतु आवंटित हैं। इस वर्ष व्यापार मेले में भाग लेने वाले स्टॉल में खादी के कपड़े तथा डिजाइनरों द्वारा तैयार वस्त्र, सौंदर्य प्रसाधन, हस्तशिल्प, शहद, चमड़े के जूते, रत्न और आभूषण, बनारसी गुड़, लकड़ी के खिलौने, आयुर्वेद, बांस, पापड़, अचार, जड़ी-बूटियों से निर्मित हेयर ऑयल, विभिन्न प्रकार की नेचुरल चाय आदि की इकाइयां शामिल हैं। इस वर्ष खादी पवेलियन में उत्तर प्रदेश की सबसे ज्यादा 48 इकाइयों, दिल्ली की 20, कर्नाटक की 17, पश्चिम बंगाल की 15, उत्तराखंड की 12, महाराष्ट्र की नौ स्टॉल हैं। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में खादी एवं ग्रामोद्योग तथा प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की इकाइ?यों द्वारा अत्पादित हस्तशिल्प में वाराणसी से

## जम्मू-कश्मीर के किसानों को सशक्त बनाना मेरा मिशन : सिन्हा

**जम्मू।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि प्रदेश के किसानों को सशक्त बनाना उनका मिशन है। श्री सिन्हा ने झिरी गांव में बाबा जित्तो की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा,''केंद्र शासित प्रदेश के किसानों को सशक्त बनाना मेरा मिशन है और हमने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में बदलाव को गति देने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, ''हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमारे युवाओं को चमकने के समान अवसर मिलें।'' उन्होंने कहा कि बाबा जित्तो का बलिदान लोगों को एक मजबूत राष्ट्र की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। श्री सिन्हा ने झिरी मेला स्थल पर किसानों से बातचीत भी की। उन्होंने इस वार्षिक आयोजन के गहन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## रोगाणुरोधी प्रतिरोध वैश्विक स्वास्थ्य खतरा: अनुप्रिया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने कहा है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध एक वैश्विक स्वास्थ्य खतरा है, जिसके लिए 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण की तत्काल आवश्यकता है, जो मानव, पशु और पौधों के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देता है। श्रीमती पटेल ने शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दा में रोगाणुरोधी प्रतिरोध- एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) पर चौथे मंत्रिस्तरीय उच्च स्तरीय वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध एक वैश्विक स्वास्थ्य खतरा है जिसके लिए 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण से तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। यह मानव, पशु और पौधों के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में सहयोग और तालमेल पर बल देता है। सम्मेलन का विषय 'घोषणा से कार्यान्वयन तक - एएमआर की रोकथाम के लिए बहुक्षेत्रीय भागीदारी के माध्यम से कार्रवाई में तेजी लाना' है। श्रीमती पटेल ने इसके लिए निगरानी को मजबूत करने, सहयोग को बढ़ावा देने और एंटीमाइक्रोबियल पहुंच में बाधाओं को दूर करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ्भारत विभिन्न क्षेत्रों में एएमआर का पता लगाने और निगरानी क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से एक व्यापक दृष्टिकोण का प्रस्ताव करता है, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर साक्ष्य-आधारित एंटीमाइक्रोबियल उपयोग को निर्देशित करने के लिए डेटा का उपयोग हो सके। यह विभिन्न क्षेत्रों में एकीकृत और अंतर-संचालन निगरानी प्रणालियों के निर्माण की नींव रखेगा। उन्होंने सदस्य देशों से क्षेत्रीय और बहुक्षेत्रीय सहयोग और समन्वय को मजबूत करने में समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा,भारत विकासशील देशों, विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में रोगाणुरोधी दवाओं, निदान तथा टीकों की पहुंच एवं सामर्थ्य में बाधाओं को दूर करने पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि एएमआर में योगदान देने वाले कारक अलग-अलग देशों और क्षेत्रों में अलग-अलग हैं? और इसलिए इस चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्थानीय संदर्भ के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

## बदलते भारत की तस्वीर में महिलाओं एवं दबे कुचले समुदाय का शैक्षणिक विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है : कोविंद

**डेहरी आन सोन।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने आज कहा कि बदलते भारत की तस्वीर में महिलाओं एवं दबे कुचले समुदाय का शैक्षणिक विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए श्री कोविन्द ने यहां अधिक संख्या में बेटियों के गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बढ़ते बिहार और विकसित होते भारत की निशानी है। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए जिससे कितनी भी विषम स्थितियां क्यों ना हो हम मजबूती से उसका मुकाबला कर सकते हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने छात्रों का आह्वान किया कि आप केवल नौकरी पाने वाली शिक्षा ग्रहण न करें बल्कि अपने शिक्षा से दूसरों को नौकरी प्रदान करने की क्षमता रखने का संकल्प लें । उन्होंने कहा कि आज लोग कृषि और व्यवसाय को अच्छी दृष्टि से नहीं देखते हैं जो की उचित नहीं है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग करने के बाद नौकरी छोड़कर लोग कृषि से अपनी आय को दुगनी कर रहे हैं और इस परिस्थिति में कई अन्य को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में स्थित यह विश्वविद्यालय बिहार ही नहीं बल्कि राष्ट्र के शैक्षणिक मानचित्र पर स्थापित हो चुका है और निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बनकर उभरा है । कार्यक्रम को कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ,बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ,भूमि राजस्व मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने भी संबोधित किया।

# पेज एक का शेष

### रेस्क्यू ऑपरेशन...

की जानकारी मिलते ही दमकल और बचाव की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। इसके अलावा सभी वरिष्ठ अधिकारी और स्वास्थ्य महकमे के सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गये थे। सभी ने तेजी के साथ बचाव राहत कार्यों को अंजाम दिया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि रेस्क्यू किये गए बच्चों को मेडिकल कॉलेज के अन्य वार्डों, जिला अस्पताल और निजी नर्सिंग होमों में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं। उनमें किसी भी तरह की बर्न या सफोकेशन की इंजरी नहीं है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि झांसी के मेडिकल कॉलेज की घटना अत्यंत दुखद है। प्रदेश सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है। घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। घटना के कई चरणों में जांच के निर्देश दिये गये हैं। घटना की पहली जांच शासन स्तर से स्वास्थ्य महकमा, दूसरी जांच जिला पुलिस और फायर विभाग करेगा। इसके अलावा तीसरी मजिस्ट्रियल जांच होगी। घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई करेंगे। योगी सरकार बच्चों और परिजनों के साथ पूरी से खड़ी है। हमारे स्टाफ, चिकित्सकों, बचाव दल ने बहादुरी के साथ बच्चों को बचाने का काम किया है। प्राथमिकता के आधार पर बच्चों की देखरेख की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सभी फायर फाइटिंग इक्यूपमेंट पूरी तरह से ठीक थे। यहां फरवरी में फायर सेफ्टी ऑडिट और जून में मॉक ड्रिल भी किया गया था।

### 'स्टार प्रचारकों ...

किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कांग्रेस ने जहां बीजेपी नेताओं पर दोनों राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान झूठे और विभाजन कारी बयान देने का आरोप लगाते हुए पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत तमाम बड़े नेताओं के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी तो वहीं भाजपा ने भी 11 नवंबर को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत की थी कि वह दोनों राज्यों को आमने-सामने खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने संविधान के बारे में भी झूठ फैला रखा है कि भाजपा संविधान को नष्ट करने वाली है। झारखंड विधानसभा चुनाव का एक चरण संपन्न हो चुका है, जबकि महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव 20 नवंबर को संपन्न होगा। 23 नवंबर को दोनों राज्यों के नतीजे सामने आ जाएंगे।

### माफिया सपा...

सुचिता पूर्ण तरीके से परीक्षाएं और जब सरकार युवाओं के हित के लिए कार्य करती है तब पार्टी विरोधियों को तकलीफ होती है। हमने कहा था युवाओं के हित के साथ खिलवाड़ करने वाले के साथ हम भी खिलवाड़ करेंगे। हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की किसी को छूट नहीं मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नकल माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। वह किसी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने को किसी को छूट नहीं देंगे। प्रतियोगी परीक्षाएं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पूर्ण हों उसके लिए सरकार सकारात्मक माहौल तैयार करेंगी। उन्होंने कहा कि अच्छे नौजवान जब सेवा में आएंगे तब विकास की गति को आगे बढ़ाने के साथ ही शासन की सुविधाओं को गरीबों तक पहुंचाने का कार्य हो सकेगा। उन्होंने कहा प्रयागराज का कुंभ दुनिया में मानवता की मूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से मान्यता प्राप्त कर चुका है। सपा राम मंदिर, दीपोत्सव, परीक्षाओं की सुचिता, विकास के कार्यों का विरोध करती है, गरीब लोगों को मिलने वाली सरकार की योजनाओं का विरोध करती है। यह पार्टी केवल बांटने की राजनीति में विश्वास करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में हमें 500 वर्षों का इंतजार क्यों करना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे। काशी और मथुरा में आपस में बटने के कारण अपमान झेल पड़ा था। उन्होंने कहा, ्जब बंटे थे तो कटे थे। बटना नहीं है, एक जुट होना है। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है जाति के नाम पर बांटने वाले लोग देश के दुश्मन की तरह काम कर रहे हैं। आप को जाति के नाम पर बांटेंगे, तुष्टीकरण की नीति पर चलेंगे, दुर्भाग्य से सत्ता ऐसे लोगों को मिल जाती है, गरीब शासन की योजनाओं के लाभ के लिए तरस जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यही सिखाया है, सब का साथ सबका विकास। हमने तो सब को जोड़ने का प्रयास किया, हमने ये भी कहा, विकास सब का, सुरक्षा सब को लेकिन तुष्टीकरण किसी की नहीं। उन्होंने कहा कि सपा का गठबंधन प्रदेश को कहा लेकर जा रहा था। हर दिन नया घोटाला होता था, किसी से उनका कोई लेना देना नहीं था। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मेरठ को जोड़ने जा रहा है। केवल छह से सात घंटे में मेरठ पहुंच जाएंगे और वहां से 45 मिनट में दिल्ली पहुंच जायेंगे। श्री योगी ने कहा कि सपा आप सभी को गुमराह करेगी। इनके तमाम ऐसे लोग घूमेंगे, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक दूसरे को लड़ाने का काम करेंगे, हमें इतिहास से सबक सीखना है। सपा से जुड़े माफिया निर्दोष लोगों की हत्या करते थे और फिर संपत्तियों पर भी कब्जा करते थे। व्यापारियों का अपहरण करते थे, बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाते थे स्थलों पर कब्जा करते थे तथा पर्व और त्योहारों में व्यवधान डालकर अशांति पैदा करते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न कर्फ्यू है नहीं दंगा, उत्तर प्रदेश में सब चंगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह चुनाव सेवा का एक मिशन है। सपा और बहुजन समाज पार्टी के लिए अपने कारनामों को अंजाम देने के लिए चुनाव एक व्यवसाय है, जनता का शोषण करने, अराजकता और भ्रष्टाचार पैदा करने, गुंडागर्दी फैलाने, दंगा कराने, कर्फ्यू लगाने और लूट खसोट करने का सर्टिफिकेट हमें नहीं देना चाहिए और उनकी जमानत जब्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अनुभवी और कर्मठ कार्यकर्ता दीपक पटेल को आपके बीच उतारा है। विकास के लिए जो भी आह्वान होगा वह विकास फूलपुर में आएगा। अच्छे लोगों को चुनेंगे तो विकास खुद आप के यहां आएगा। आप को अपना संकल्प याद कराने आया हूं, फूलपुर में कमल का फूल खिलाना है।

### दक्षिणी राज्यों में ...

रेखा पर है और जल्द ही जनसंख्या घटने लगेगी। नायडू ने कहा, 'इसका मतलब है कि भारत में वृद्धावस्था की समस्या बढ़ती जा रही है। अब अगर आप बात नहीं करेंगे, तो हमारे सामने समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने कहा, 'यदि आप जनसंख्या का प्रबंधन करते हैं, तो कोई भी भारत को नहीं हरा सकता। आज हमारी जनसंख्या 145 करोड़ है। चीन की जनसंख्या 135 करोड़ है। चीन की जनसंख्या 100 करोड़ या 100 करोड़ से कम हो जाएगी। हम इसे बढ़ाकर 175 करोड़ करेंगे, फिर यह घटती जाएगी।

### बंधकों की हत्या...

ले लिया और इंटरनेट पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। यह पूरा मामला मणिपुर के जिरीबाम से शुरू हुआ जहां पर एक राहत शिविर से तीन महिलाओं समेत तीन बच्चों को कुकी उग्रवादियों ने अगवा कर लिया था। अगवा किए गए इन 6 लोगों के शव बाद में पुलिस ने बरामद किए। इन शवों के ऊपर गहरे जख्मों के निशान थे। कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों द्वारा की गई इसे नृसंश हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने उग्रवादियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग लेकर मंत्रियों और विधायकों के घरों के सामने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। बाद में प्रदर्शन करते-करते भीड़ ने विधायकों के आवासों में घुसने की कोशिश करते हुए हमला करने की कोशिश की, जिसे पुलिस द्वारा रोका गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने लाम्फ़ेल सनाकीथेल इलाके में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सपम रंजन के आवास पर धावा बोल दिया था, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने उन पर कार्रवाई की थी। स्थानीय रहवासी अथॉरिटी के प्रतिनिधी डेविड ने संवाददाताओं को बताया कि सपम ने हमें आश्वासन दिया है कि 6 लोगों की हत्या संबंधी मुद्दों पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी और अगर सरकार जनता की भावना का सम्मान करने में विफल रहती है तो मंत्री अपना इस्तीफा दे देंगे।

### वोट-बैंक राजनीति...

ने एक जोखिम लिया और अपने पूरे परिवार का जीवन बदल डाला। जब देश के गरीब और मध्य वर्ग के लोग जोखिम लेना शुरू कर दें तब बदलाव सही मायने में दिखने लगता है। यही हम भारत में आज होते देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ्आज भारत का समाज अभूतपूर्व आकांक्षाओं से भरा हुआ है। इन आकांक्षाओं को हमने अपनी नीतियों का बड़ा आधार बनाया है। हमारी सरकार ने देशवासियों को एक बहुत अनूठा पैकेज दिया है...ये कॉम्बो, निवेश से रोज़गार, विकास से गरिमा का है। हम विकास का ऐसा मॉडल लेकर चल रहे हैं जहां निवेश हो, निवेश से रोज़गार सृजित हो, विकास हो और वो विकास भारत के नागरिकों की गरिमा बढ़ाएं, गरिमा सुनिश्चित करें। अब जैसे देश में शौचालय बनाने का एक उदाहरण है। मैं छोटी चीजें इसलिए बता रहा हूं कि कभी-कभी हमें लगता है इसका कोई मूल्य ही नहीं है...लेकिन इसकी कितनी बड़ी ताकत होती है, इसका एक उदाहरण है कि हमारे देश में हमने एक मिशन लिया शौचालय बनाने का, देश की बहुत बड़ी आबादी के लिए ये सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा और गरिमा का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस योजना की जब बात होती है तो अक्सर कहा जाता है कि इतने करोड़ शौचालय बने हैं३ ठीक है बन गए होंगे। लेकिन ये जो शौचालय बने हैं ना उनको बनाने में ईंटें लगी हैं, लोहा लगा है, सीमेंट लगा है, काम करने वाले लोग हैं। और ये सारा सामान किसी दुकान से गया है, किसी उद्योग से बना है। किसी न किसी ट्रांसपोर्टर ने किसी के घर तक पहुंचाया है। यानि इससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है, बड़ी संख्या में रोज़गार सृजित हुए हैं। जब शौचालय बना तो लोगों का जीवन आसान हुआ। लोगों में सम्मान और स्वाभिमान का एक भाव पैदा हुआ। और साथ ही इसने विकास को भी गति दी। यानि निवेश से रोज़गार, विकास से गरिमा के मंत्र की सफलता जमीन पर दिख रही है। श्री मोदी ने कहा कि 10 साल पहले किसी ने नहीं सोचा था कि भारत में इतना बड़ा बदलाव होगा। भारत की सफलता ने हमें और बड़ा सपना देखने और उसे पूरा करने की प्रेरणा दी है। आज एक उम्मीद है, एक सोच है कि ये सदी भारत की सदी होगी। लेकिन ऐसा करने के लिए और तेजी से काम करने के लिए हमें कई सारे प्रयास भी करने होंगे। हम उस दिशा में भी तेजी से काम कर रहे हैं। हमें हर सेक्टर में श्रेष्ठ करने के लिए आगे बढ़ना होगा। पूरे समाज की ये सोच बनानी होगी कि हमें सर्वश्रेष्ठ से कम कुछ भी स्वीकार नहीं करना है। हमें अपनी प्रक्रिया को ऐसा बनाना होगा, कि भारत का मानक विश्वस्तरीय कहा जाए। हमें ऐसे उत्पाद बनाने होंगे, कि भारत की चीजें दुनिया में विश्वस्तरीय कही जाएं। हमारे निर्माण पर ऐसे काम हो कि भारत का बुनियादी ढांचा विश्वस्तरीय कहा जाए। शिक्षा के क्षेत्र में हमारा काम ऐसा हो कि भारत की शिक्षा को विश्वस्तरीय स्वीकृति मिले। मनोरंजन के क्षेत्र में ऐसे काम हो कि हमारी फिल्मों और थिएटरों को दुनिया में विश्वस्तरीय कहा जाए। प्रधानमंत्री ने इस बात का विश्वास जताया कि हम विकास की इस गति को बरकरार रखेंगे। बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे। और भारत जब शताब्दी मनाएगा आजादी की, भारत की आजादी के 100 साल होंगे तब यह अखबार भी करीब-करीब सवा सौ साल का हो जाएगा और तब हिंदुस्तान टाइम्स के बारे में लिखा जाएगा कि विकसित भारत का ये शानदार अखबार है।

# निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए सीडीओ ने ली बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे की अध्यक्षता में आगामी नगर निकाय स्थानीय सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में विकास भवन के सभागार में बैठक आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने आगामी नगर निकाय स्थानीय सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आकांक्षा कोण्डे ने कहा कि जितनी भी टेंडर प्रक्रिया विलम्बित हैं वो समय से कर लें, जितने भी विभागों को जिम्मेदारी दी गई है वह समय रहते हुए पूरी कर लें और पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर वहां पर जो




भी कमियां है, जिसकी सूचना लिखित में दें। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने समस्त नोडल, सह नोडल अधिकारिकयों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अलर्ट मोड में रहकर अपनी-अपनी तैयारी पहले से ही कर लें, नगर निकाय स्थानीय सामान्य निर्वाचन की तिथि की कभी भी घोषणा संभावित है, इसलिए अधिकारी अपनी तैयारी पूर्ण कर रखें। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में निर्वाचन सम्पादन कराने के लिए टीम भावना से कार्य करना आवश्यक है, इसलिए अधिकारी एवं विभाग आपसी समन्वय से कार्य करेंगे तथा निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी व्यवस्थाओं के सम्पादन के लिए योजना तैयार करें। वे कार्यों की प्रभावी मॉनिटिरिंग करेंगे। वहां पर समुचित व्यवस्थाएं गाईड लाईन के अनुसार सम्पादित कर ली जाएं ताकि अपनी व्यवस्था और अच्छी बन सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, एसडीएम लक्सर गोपाल चौहान, एएसपीडी नलिनीत घिल्डियाल, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी, डीआईसी उत्तम कुमार तिवारी, एआरटीओ नलिनी ध्यानी, पीडब्लूडी एई दीपक एवं समस्त जनपदीय अधिकारी मौजूद थे।

# निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली सभी नोडल अधिकारियों की बैठक

- निर्वाचन की सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश
- नवसृजित नंदानगर नगर पंचायत में पहली बार होगा निकाय चुनाव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोपेश्वर। जनपद में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन की तैयारियां शुरू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि निकाय चुनाव संबंधी सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। सभी नोडल अधिकारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों का भली भांति निर्वहन करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नगर निकायों के सभी अधिशासी अधिकारी मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली, पानी, शौचालय आदि का स्वयं निरीक्षण कर लें। जिन मतदेय स्थलों पर मरम्मत का कार्य आवश्यक है, उनका प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध करें। मतदान एवं मतगणना कार्मिकों की डाटा एंट्री, प्रशिक्षण, रूट चार्ट, परिवहन, लेखन सामग्री, नामांकन, मतगणना सामग्री, निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम की स्थापना एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित किया जाए। मतदेय स्थलों, मतगणना केंद्र और स्ट्रांग रूम में आयोग के मानकों के अनुसार बैरिकेडिंग, प्रकाश, टैंटेज एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की जाए। निर्वाचन के दौरान शांति, सुरक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में चार नगर पालिका परिषद एवं छह नगर पंचायत सहित कुल 10 नगर निकाय क्षेत्र है। नंदानगर (घाट) में नई नगर पंचायत भी इसमें शामिल है। इन सभी नगर निकायों में 64 वार्ड है, जिसमें कुल 63 मतदान केंद्र और 80 मतदेय स्थल बनाए गए है। सभी निकायों में 53349 मतदाता पंजीकृत है।

# संक्षिप्त समाचार

## माल वाहन नैनीताल में सड़क से नीचे पलटा, केबिन में फंसे चालक की एसडीआरएफ ने बचाई जान

**देहरादून।** उत्तराखंड के नैनीताल जनपद में निगलाट के पास एक कैंटर (माल वाहन) गहरी ढलान पर सड़क से नीचे पलट गया और वाहन के केबिन में फंसकर चालक घायल हो गया। वाहन हल्द्वानी से सामान लेकर बागेश्वर की ओर जा रहा था। हालांकि एसडीआरएफ ने रात भर चले रेस्क्यू आपरेशन में केबिन काटकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। शुक्रवार की देर रात एक बजे नैनीताल जनपद के खैरना चौकी से एसडीआरएफ को सूचना मिली कि निगलाट के पास एक कैंटर वाहन (यूके04सीसी3460) दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट खैरना से अपर उप निरीक्षक रवि रावत के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम अत्यधिक विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक उपकरणों के साथ रेस्क्यू में जुट गई। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचते ही स्थिति का आंकलन किया। घनघोर रात्रि, गहरी ढलान और वाहन के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था। टीम ने कटर और अन्य उपकरणों की मदद से वाहन के केबिन को सावधानीपूर्वक काटा और उसमें फंसे घायल वाहन चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल वाहन चालक को तत्काल एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। वाहन चालक की पहचान दयाल सिंह पुत्र धाम सिंह निवासी बनकोट जनपद बागेश्वर के रूप में हुई है।

## लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**ऋषिकेश।** एसडीआरएफ ढालवाला ने आज ऋषिकेश के लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में चल रहे स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे अध्यापकों और छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में बच्चों को बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान कैसे बचाव किया जाए, इसके बारे में बताया गया। साथ ही, घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने, इंप्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाने और सीपीआर जैसे महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। एसडीआरएफ टीम के सदस्यों ने इन कौशलों का प्रदर्शन भी किया और बच्चों को स्वयं भी ये कौशल सीखने का मौका दिया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) वीपी सिंह, जिला सचिव जयराम कुशवाह और अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने एसडीआरफ टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से बच्चों में आपदा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे आपात स्थिति में बेहतर ढंग से सामना कर पाएंगे।

## बिछड़े बच्चे को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**हरिद्वार।** परिजनों से बिछड़े बच्चे को कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चा पाकर दम्पत्ति ने पुलिस का आभार जताया। जानकारी के मुताबिक बीते रोज उप निरीक्षक देवेंद्र तोमर को लावारिस हालत में एक बच्चा रोता-बिलखता हुआ मिला। बच्चे से नाम पता पूछने पर वह केवल अपना नाम आर्यन ही बता पाया। बालक के संबंध में आसपास के मोहल्लों, दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से पता करने पर भी पुलिस को कोई जानकारी उसके परिजनों के संबंध में नहीं लगी। बच्चे की सुरक्षा के लिए बच्चे को कोतवाली ज्वालापुर लाया गया। पुलिस ने बालक के परिजनों की तलाश के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और फ़ेसबुक के माध्यम से सूचना का प्रचार किया। पुलिस के प्रयासों से बालक के परिजनों का पता चला, जो कि विष्णु लोक कॉलोनी का रहने वाले हैं। बच्चे की सूचना पाकर परिजन कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चा मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## बाइक सवार बदमाशों ने पेट्रोल पंप में चलाई अंधाधुंध गोलियां

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में शुक्रवार रात बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर अंधाधुंध गोलीबारी की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना में पेट्रोल पंप का कर्मचारी पेट पर शीशा लगने से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी राकेश पावारिया ने बताया कि शुक्रवार रात 10:38 बजे गोकुलपुरी पेट्रोल पंप पर गोलीबारी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही गोकुलपुरी थाना पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पूछताछ में पता चला कि दो बाइक पर आए चार बदमाशों ने पेट्रोल पंप के ऑफिस पर 16 राउंड फायरिंग की। इस बीच शीशे टूटकर कर्मचारी अंशुल राठी के पेट में लगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार वारदात को अंजाम देने के बाद एक बाइक पर सवार बदमाश गोल चक्कर की तरफ भागे जबकि दूसरे बाइक सवार गोकलपुरी की तरफ भागे। डीसीपी ने बताया कि पेट्रोल पंप हरीश चौधरी का है। वह गोकुलपुरी थाने का घोषित अपराधी है। डीसीपी ने कहा कि आशंका है कि आपसी रंजिश में पेट्रोल पंप को निशाना बनााया गया है। डीसीपी ने बताया कि घायल अंशुल राठी को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस का कहना है कि संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी इलाके में छेड़छाड़ का विरोध करने पर लड़कों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी राकेश पावरिया ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात 9:30 बजे सुंदर नगरी इलाके के मुर्गा मार्केट के पास एक युवक पर धारदार हथियार से हमले की सूचना मिली। सूचना मिलते ही नंद नगरी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घायल को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान मनीष उर्फ राहुल के तौर पर हुई है। उसके गले में धारदार गुप्ती घोपा गया था। पूछताछ में मृतक के चाचा किशन कुमार ने बताया कि घायल मनीष प्राइवेट काम करता है। शुक्रवार रात किसी बात को लेकर सलमान और उसके भाई अरबाज मनीष के साथ मारपीट कर रहे थेए तो उन्होंने बीच बचाव कर दिया। कुछ देर बाद सलमान और उसका भाई अरबाज वापस आया और अरबाज ने मनीष को पकड़ लिया, सलमान ने धारदार हथियार (गुप्ती) से उसकी गर्दन के दाहिने हिस्से पर वार कर दिया। आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।

# यूथोपिया 2024 : डीआईटी यूनिवर्सिटी में वार्षिक टेक्नो-कल्चरल फ़ेस्ट की धूम, सजी सुरों की शाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। यूथोपिया 2024, डीआईटी यूनिवर्सिटी का बहुप्रतीक्षित वार्षिक टेक्नो-कल्चरल फ़ेस्ट 'रेट्रो रीमिक्स' थीम के साथ धूम मचाया। इसमें अतीत के पुराने आकर्षण को आज के युवाओं की जीवंत ऊर्जा के साथ मिलाया गया। डीआईटी की समृद्ध विरासत के 26 वर्षों का जश्न मनाते हुए यह फ़ेस्ट रचनात्मकता, प्रतिभा और एकता का एक गतिशील उत्सव था, जो छात्रों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डीआईजी अमिताभ श्रीवास्तव के साथ डीआईटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफ़ेसर जी. रघुराम, डीएसडब्ल्यू डॉ. राकेश मोहन, समन्वयक डॉ. सुरभि सचदेव, डीन चीफ प्रॉक्टर डॉ. नवीन सिंघल, डॉ. मनीषा दुसेजा, सौरभ मिश्रा की मौजूदगी में उद्घाटन समारोह के साथ हुई। इसमें तीन दिनों तक प्रदर्शन, प्रतियोगिताएं और मनोरंजन का माहौल बना रहा। कई रोमांचक कार्यक्रम हुए। इनमें से एक था दून ऑटो शो, जिसमें




पुरानी और आधुनिक कारों का रोमांचक प्रदर्शन था। साथ ही प्रभावशाली बाइक्स का प्रदर्शन था, जिसमें एड्रेनालाईन-पंपिंग स्टंट शो था। राइडर्स और ड्राइवर ट्रैक पर उतरे और ऐसे स्टंट किए, जिससे भीड़ हैरान दिखी। दून ऑटो शो निस्संदेह उत्सव के सबसे चर्चित कार्यक्रमों में से एक था। संगीत का दृश्य बेहद शानदार था, जिसमें बैटल ऑफ बैंड्स, फ़ेस्ट इन बीट्स और क्रेसेंडो मुख्य आकर्षण रहे। बैटल ऑफ बैंड्स में छात्रों के प्रतिभाशाली समूहों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने संगीत कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। फ़ेस्ट इन बीट्स में प्रतिभाशाली नर्तक एक साथ आए, जिनमें से प्रत्येक ने एक भयंकर लेकिन मजेदार प्रतियोगिता में अपने सर्वश्रेष्ठ स्टेप्स दिखाए। शाम ढलते ही परिसर शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन, बॉलीवुड संगीत, पश्चिमी नृत्य, सूफी संगीत और रंगमंच की धुनों से भर गया, जिसने दर्शकों को अपनी ऊर्ज़ा और कलात्मकता से मंत्रमुग्ध कर दिया। फ़ेस्टिवल का एक प्रमुख आकर्षण फैशनिस्टा था, जिसमें राजसी वैभव और परंपरा की शान का जश्न मनाया गया। छात्रों ने शाही प्रेरित परिधानों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें समकालीन शैली के साथ कालातीत शैलियों का मिश्रण था। राजसी साड़ियों और शाही शेरवानी से लेकर बोल्ड आधुनिक व्याख्याओं तक, फैशन शो एक ऐसा नजारा था जिसने दर्शकों को अचंभित कर दिया। बॉलीवुड डे ने सभी को भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम युग में पहुंचा दिया। छात्रों ने बॉलीवुड के क्लासिक गानों से लेकर अविस्मरणीय संवादों तक, प्रतिष्ठित फिल्मी क्षणों को फिर से बनाया। दिव्या भट्ट और डीजे साहिल गुलाटी जैसे प्रसिद्ध कलाकारों के उच्च-ऊर्ज़ा प्रदर्शनों ने शाम को और भी जीवंत कर दिया, जिसने दर्शकों को देर रात तक नाचने पर मजबूर कर दिया। ग्रैंड फिनाले में स्टार गायक अंकित तिवारी ने बहुप्रतीक्षित प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को अचंभित कर दिया।

# सुखबीर सिंह बादल ने अकाली दल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल में नेतृत्व को लेकर मचे घमासान के बीच अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। सुखबीर बादल टांग में फ्रेक्चर के चलते इन दिनों घर पर हैं। अकाल तख्त साहिब से तनखैया करार दिये जाने के बाद वह अकाल तख्त सचिवालय को पत्र लिखकर धार्मिक सजा सुनाए जाने की अपील कर चुके हैं। अकाल तख्त पर पेश होने से पहले बलविंदर सिंह भूंदड़ को अकाली दल का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। माना जा रहा है कि सुखबीर बादल को बहुत जल्द धार्मिक सजा सुनाई जा सकती है। इस बीच अकाली दल में संगठन की चुनाव प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। जिसके चलते शनिवार को सुखबीर बादल ने पार्टी की कार्यकारी समिति को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने अपने नेतृत्व के दौरान समर्थन और सहयोग के लिए पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ये इस्तीफा उन्होंने इसलिए दिया, ताकि पार्टी प्रधान पद के लिए चुनाव का रास्ता साफ हो सके।

# केदारनाथ विस उप चुनाव : कांग्रेस ने भाजपा पर आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा पर केदारनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। साथ ही चुनाव आयोग से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मुख्य निर्वाचान अधिकारी उत्तराखंड को लिखे शिकायती पत्र में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद में केदारनाथ विधानसभा सीट पर उप चुनाव होना है और विधानसभा क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। ऐसे में उत्तराखंड सरकार की पट्टिका लगी कई सरकारी गाड़ियों को विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में देखा गया है। इससे




ऐसा प्रतीत होता है कि सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा उप चुनाव के दौरान सरकारी वाहनों का दुरूपयोग किया जा रहा है, जो आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। करन माहरा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भाजपा के पक्ष में काम करने का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं सरकार के मंत्रियों व भाजपा नेताओं द्वारा उत्तराखंड सरकार की पट्टिका लगे सरकारी वाहनों का भाजपा उम्मीदवार की चुनाव प्रचार सामग्री पहुंचाने के लिए दुरूपयोग किया जा रहा है। इस पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। करन माहरा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए उक्त सरकारी वाहनों के विरुद्ध आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के नियमों के तहत कार्रवाई की जाए और सरकारी वाहनों के विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण पर तत्काल रोक लगाई जाए। एक अन्य शिकायती पत्र में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रभावित करने की नियत से विभिन्न गांवों में महिला मंगलदलों को ढोलक, चिमटा, साड़ियां तथा युवाओं को खेल सामग्री का वितरण किया जा रहा है, जो आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।

# शादी में गए परिवार के घर लूटपाट, लाखों के जेवरात चोरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

ऋषिकेश। ऋषिकेश के आईडीपीएल चौकी क्षेत्र स्थित बापू ग्राम सुमन विहार में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। शादी समारोह में शामिल होने गए एक परिवार के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया और लाखों रुपए के सोने के जेवरात पार कर दिए। ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र खोलिया ने बताया कि आईडीपीएल चौकी क्षेत्र अंतर्गत बापू ग्राम सुमन विहार स्थित अर्जुन मलिक के घर को चोरों ने शुक्रवार को आधी रात में खंगाल लिया। जो कि लाखों रुपए की ज्वेलरी और 70 हजार रूपए नकद चोरी कर फरार हो गए। घटना के वक्त पूरा परिवार छिद्दर वाला शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। शादी समारोह से वापस लौटने पर अर्जुन मलिक को घर में चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही आईडीपीएल चौकी प्रभारी कविंद्र राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना कर चोरों की धर पकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं। अर्जुन मलिक ने बताया कि बीती रात रात 8:30 बजे वह हरिद्वार देहरादून हाईवे स्थित छिद्दरवाला में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। रात को उनका वापस लौटने का प्रोग्राम था। लेकिन किसी वजह से वह वापस नहीं आए। सुबह 6:00 बजे घर पहुंचे तो घर के कमरों मे लगे सारे ताले टूटे हुए दिखाई दिए।

# शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा भारी, चार के खिलाफ पुलिस ने लिया एक्शन

हरिद्वार। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार चालकों के खिलाफ जहां कार्यवाही की वहीं उनके वाहनों को भी सीज कर दिया। जानकारी के मुताबिक बढ़ती सड़क दुर्घटनों की रोकथाम के लिए पुलिस ने लक्सर कस्बा क्षेत्र में टीमें बनाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाते हुए चार व्यक्तियों को पकड़ा। पुलिस ने चारों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए मौके पर चारों वाहनों को सीज कर दिया। आरोपितों के नाम पते त्रिलोक चन्द्र निवासी भुक्कनपुर थाना पथरी, राहुल कुमार निवासी अकबरपुर उद थाना कोतवाली लक्सर, सन्नी निवासी जैतपुर थाना कोतवाली लक्सर व विजेन्द्र उर्फ बबलू निवासी शूगरमील लक्सर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताए गए हैं।

# महंत ईश्वर दास ने संस्कृति और संस्कृत को बढ़ाने का कार्य किया: विष्णु दास

## पुण्यतिथि पर संत समाज ने किया साकेतवासी महंत ईश्वर दास को नमन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। श्रवणनाथ नगर स्थित श्री गुरु सेवक निवास उछाली आश्रम में साकेतवासी महंत ईश्वर दास महाराज की पुण्यतिथि पर गुरु श्रद्धा उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में सभी अखाड़ों के संतों ने सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में साकेतवासी महंत ईश्वर दस महाराज के योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि समारोह में आये संतों ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आश्रम परमाध्यक्ष श्री महंत विष्णु दास के संयोजन में साकेतवासी महंत ईश्वर दास महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित गुरु श्रद्धा उत्सव को संबोधित करते हुए श्री चेतन ज्योति आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद ने कहा कि साकेतवासी महंत ईश्वर दास महाराज संत समाज के प्रेरणास्त्रोत और दिव्य विभूति थे। उन्होंने कहा कि महंत



विष्णु दास महाराज गुरुओं से प्राप्त ज्ञान और संत परंपराओं का अनुसरण करते हुए समाज का मार्गदर्शन करने के साथ धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में भी योगदान कर रहे हैं। जो सभी को लिए प्रेरणादायी है। आश्रम परमाध्यक्ष महंत विष्णु दास महाराज ने सभी संत महापुरुषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साकेतवासी दादा गुरु ईश्वर दास महाराज विद्वान संत थे। धर्म शास्त्रों का उनका ज्ञान विलक्षण था। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा का पालन करते हुए और पूज्य गुरुओं से मिले ज्ञान और शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाना ही उनका उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि साकेतवासी ईश्वरदास महाराज ने सनातन धर्म की नींव को और अधिक मजबूत करने का कार्य किया। उन्होने हमेशा भारतीय संस्कृति और संस्कृत को बढ़ाने का कार्य किया। बाबा हठयोगी ने कहा कि उछाली आश्रम की गुरु परंपरा अनुपम है। महंत विष्णु दास महाराज सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें महान गुरुओं के सानिध्य में धर्म और अध्यात्म की शिक्षा दीक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। गौ गंगा सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी निर्मलदास महाराज ने कहा कि साकेतवासी महंत ईश्वर दास महान संत थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063